धनबाद, सोमवार
7 अप्रैल 2025
वर्ष : 10 अंक : 307
पृष्ठ : 12
मूल्य : 3/-

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# नई पत्र वार्ता

सोच आगे की ...



## ब्रीफ न्यूज

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने रामनवमी की सभी को दी बधाई



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांची,: राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी को रामनवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रामनवमी के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का आदर्श जीवन हमें धर्म, सत्य, करुणा और मयार्दा के पथ पर चलने की प्रेरणा देता है।

प्रभु श्रीराम की कृपा से हमारा समाज सद्भाव, शांति और समृद्धि की ओर अग्रसर हो, यही कामना है।

रामनवमी की सभी को बधाई और शुभकामनाएं।

वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रामनवमी के पावन पर्व की सभी को हार्दिक बधाई औए शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्री राम का विशाल जीवन हमें प्रेम, मयार्दा, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, उदारता और त्याग का अप्रितम संदेश देता है। प्रभु श्री राम के महान आदर्श युगों-युगों तक मानवजाति को प्रेरणा की अविरल धारा से सिंचित करते रहेंगे।आज का यह शुभ अवसर सभी के जीवन में खुशियां लाए, आप सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं।

### कोयला कर्मियों के ड्रेस कोड पर 17 को अंतिम निर्णय

रांची( नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि कोयला कर्मियों के ड्रेस कोड पर अंतिम निर्णय 17 अप्रैल को हो जाएगा। सात अप्रैल को कमेटी की होने वाली बैठक अब 17 अप्रैल को होगी। हालांकि पिछली बैठक में ड्रेस को लेकर निर्णय हो गया है। ड्रेस खरीद, धुलाई आदि को लेकर नीतिगत निर्णय लिया जाना है। 17 अप्रैल को कोलकाता में बैठक होगी। यूनियन सूत्रों ने बताया कि क्या ड्रेस हो इस पर निर्णय हो चुका है। दिल्ली स्कोप भवन में हुई बैठक में पुरुष कर्मियों के लिए नेवी ब्लू पैंट, स्काई ब्लू शर्ट और महिलाओं के लिए मैरून कलर की कुर्ती, ब्लैक सलवार, दुपट्टा और मैरून कलर साड़ी, ब्लैक ब्लाउज पर सहमति बनी थी।

### राम जन्मभूमि में रामलला का हुआ सूर्य तिलक

अयोध्या, (एजेंसी) :रामनवमी पर राम जन्म भूमि में सौर संरेखण और भारतीय खगोलशास्त्र के सटीक ज्ञान के उपयोग से रविवार को ठीक दोपहर 12 बजे श्रीरामलला का राजतिलक (सूर्य तिलक) सूर्य किरणों से किया गया।

भगवान के जन्म होते ही भगवान के ललाट पर करीब 4 मिनट तक सूर्य की किरणें ने सुशोभित किया। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महामंत्री चंपत राय, ट्रस्टी डा अनिल मिश्र, व्यवस्था प्रबंधक गोपाल सहित मंदिर के सभी पुजारी उपस्थित रहे।

राम नवमी पर अयोध्या के प्रमुख स्थानों पर श्रीराम जन्मोत्सव का लाइव प्रसारण सूचना विभाग द्वारा स्थापित फिक्स एलईडी व विभिन्न स्थानों पर एलईडी डिस्प्ले बोर्ड आदि के माध्यम से दूरदर्शन द्वारा जारी किये गये लाइव लिंक के अनुसार किया गया। जिसे अयोध्या में आने वाले श्रद्धालु श्रीराम जन्मोत्सव को **शेष पृष्ठ-4.....**

# श्रद्धा, भक्ति, उत्साह, उमंग और खुशियों का महापर्व है रामनवमी: हेमन्त सोरेन

**मुख्यमंत्री व विधायक कल्पना सोरेन ने राम नवमी पर्व के पावन अवसर पर श्री राम जानकी तपोवन मंदिर निवारणपुर, रांची में पूजा - अर्चना कर राज्य की उन्नति , सुख- शांति और खुशहाली की कामना की**

=================

**पावन पर्व रामनवमी की आप सभी को अनंत बधाई और शुभकामनाएं**

**भगवान राम आप सभी की मनोकामनाएं पूरी करें, यही मंगल कामना है**

**प्रभु श्री राम के आदर्शों को हम सभी अपने जीवन में आत्मसात करें**





नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांची। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने रामनवमी पर्व के पावन अवसर पर आज श्री राम जानकी तपोवन मंदिर , निवारणपुर, रांची में विधि-विधान से पूजा- अर्चना कर राज्य की उन्नति, सुख-शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने लोगों को रामनवमी महापर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के इस पावन अवसर पर आस्था के समागम का हिस्सा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भगवान श्री राम आप सभी की मनोकामनाएं पूरी करें, यही मंगलकामना है।

श्रद्धा, उमंग, उत्साह और खुशी के साथ यह पर्व मनाते आ रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी श्रद्धा, भक्ति, उत्साह, उमंग और खुशी के साथ हम रामनवमी महापर्व मना रहे हैं । यह भगवान श्री राम के प्रति हमारी असीम श्रद्धा एवं आस्था का परिचायक है। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर प्रांगण में श्री राम जानकी की पूजा-अर्चना करते हैं। हम मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें, रामनवमी महापर्व यही संदेश देता है।

*इस अवसर पर श्री राम जानकी तपोवन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत श्री ओमप्रकाश शरण एवं सदस्य श्री प्रणय कुमार, केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल, रांची के अध्यक्ष श्री जय सिंह यादव, श्री राम -जानकी तपोवन मंदिर ट्रस्ट तथा श्री महावीर मंडल, केंद्रीय समिति के कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## पीएम मोदी ने किया नया पंबन रेल ब्रिज राष्ट्र को समर्पित



रामेश्वरम (एजेंसी) : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज नए पंबन ब्रिज का उद्घाटन किया। यह ब्रिज भारत की इंजीनियरिंग शक्ति और समुद्री अवसंरचना में आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। पीएम मोदी ने रामेश्वरम-तांबरम के बीच एक नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी भी दिखाई और 8300 करोड़ रुपए से अधिक की रेल और सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया।

श्रीलंका से लौटते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने रामसेतु के दर्शन किए। उन्होंने इसे दिव्य संयोग बताया, क्योंकि उसी समय अयोध्या में रामलला का सूर्य तिलक हो रहा था। रामेश्वरम पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना कर रामनवमी पर श्रद्धा प्रकट की। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके, क्योंकि वे नीलगिरी में एक मेडिकल कॉलेज उद्घाटन में व्यस्त थे। केंद्र और राज्य सरकार के बीच नई शिक्षा नीति और त्रिभाषा फॉमूर्ला को लेकर विवाद जारी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज पंबन का रविवार को रामेश्वरम में उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने रिमोट के जरिए पुल के वर्टिकल लिफ्ट स्पैन को संचालित किया, जिससे तटरक्षक जहाज नीचे से गुजर सका। इसी दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने चेन्नई में रामेश्वरम और तांबरम के बीच एक नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखते हुए शुरू किया। इस ट्रेन से क्षेत्रीय संपर्क में और सुविधा मिलेगी और यात्रियों और तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा सुगम हो सकेगी। हालांकि व्यस्तता के चलते तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन समारोह में उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन अनेक प्रमुख नेता और अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद थे। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, राज्य मंत्री थंगम थेन्नारासु और भाजपा नेता के अन्नामलाई समेत सुधाकर रेड्डी, एच राजा और नैनार नागेंथिरन के साथ-साथ रामनाथपुरम जिला कलेक्टर सिमरनजीत सिंह कहलों इस अवसर पर खासतौर पर उपस्थित थे।

मोदी ने ही रखी थी ब्रिज की नींव

इस ब्रिज की नींव नवंबर 2019 में खुद प्रधानमंत्री मोदी ने रखी थी और पांच वर्षों के भीतर यह 2.08 किलोमीटर लंबा आधुनिक समुद्री पुल बनकर तैयार हुआ है। यह नया पुल रामेश्वरम (पंबन द्वीप) को भारत की मुख्य भूमि **शेष पृष्ठ-4.....**

## वक्फ संशोधन विधेयक को मिली राष्ट्रपति से मंजूरी, बना कानून



नई दिल्ली,(एजेंसी) :वक्फ संशोधन विधेयक 2025 अब कानून का रूप ले चुका है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार देर रात इस विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी, जिससे यह वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 बन गया। वक्फ विधेयक के खिलाफ पहले से ही अनेक नेताओं व मुस्लिम संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट का दरबाजा खटखटाया हुआ है। यहां विधेयक के विरोध में देश के अनेक हिस्सों में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है।

राष्ट्रपति की मंजूरी से पहले विधेयक को संसद के दोनों सदनों में मैराथन बहस के बाद पारित किया गया। राज्यसभा में 13 घंटे की बहस के बाद इसे 128-95 मतों से पारित किया गया, जबकि लोकसभा में 12 घंटे चली लंबी चर्चा के बाद 288-232 के मतों से इसे मंजूरी मिली। वहीं दूसरी तरफ वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ देश के विभिन्न हिस्सों में विरोध शुरू हो गया है। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में तीव्र विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। दिल्ली में भी मुस्लिम संगठनों ने सड़क पर उतरकर कानून के खिलाफ आवाज उठाई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में काले बैज लगाकर विरोध जताने वाले 24 लोगों को प्रशासन की ओर से नोटिस जारी किया गया है। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इस कानून के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन और कानूनी कार्रवाई की घोषणा की है।

सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

विपक्षी दलों ने इस कानून को असंवैधानिक और अल्पसंख्यक अधिकारों का उल्लंघन बताया है। कांग्रेस, एआईएमआईएम और आम आदमी पार्टी के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल की हैं। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन **शेष पृष्ठ-4.....**

## आयुष्मान योजना घोटाला: ईडी ने 21 ठिकानों पर मारे छापे, कैश समेत दस्तावेज जब्त




नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांची: आयुष्मान भारत योजना में घोटाले की जांच कर रही ईडी छापामारी समाप्त हो गई। तीन राज्यों झारखंड, पंश्चित बंगाल व दिल्ली में 21 ठिकानों पर चली इस छापामारी में जिला समन्वयक आशीष रंजन के आवास से 16.5 लाख रुपए नकद की बरामदगी हुई है। वहीं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के पीएस ओमप्रकाश के घर से दो लाख रपए नकद जब्त हुए हैं। आशीष रंजन रांची के सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना में पदस्थ हैं। ईडी सूत्रों के मुताबिक इस छापामारी में कई ठिकानों से ईडी ने कई जमीन व फ्लैट्स के कागजात भी जब्त करने की कार्रवाई की है, जिसकी जांच चल रही है।

ईडी ने लैपटॉप व मोबाइल भी जब्त किए हैं, जिसकी जांच की रही है। ईडी ने थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर कार्यालय से भी डिजिटल उपकरण जब्त किए थे जिसकी जांच की जा रही है। ईडी यह भी जांच कर रही है कि किन-किन मरीजों का आयुष्मान भारत योजना के तहत क्लेम स्वीकृत हुआ था। मरीजों का नाम मिलने के बाद उनकी भी पहचान की जा सकती है। ईडी जिला समन्वयक आशीष रंजन की नियुक्ति और उनके प्रमाण पत्रों की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए अर्हता से संबंधित जो प्रमाण पत्र दिया है, वह संदिग्ध है, जिसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

## संविदा शिक्षकों के मानदेय में 10% की कटौती से आक्रोश



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांची।कोल्हान विश्वविद्यालय के आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों को मिलने वाले मासिक मानदेय में 10 प्रतिशत राशि कटौती की जा रही है। यह कटौती टीडीएस के तौर पर की जा रही है। आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों ने अब इसका विरोध शुरू कर दिया है। उन्होंने मांग की कि उनके मानदेय में भी टीडीएस की कटौती नियमित शिक्षकों की तरह टीडीएस इनकम टैक्स नियम 1961 के अनुसार धारा 192 के तहत की जाए। झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ ने इस कटौती को विश्वविद्यालय की मनमानी करार देते हुए अविलंब रोक लगाने की मांग की। शिक्षकों का कहना है कि इसके कारण उन्हें मिलने वाले मानदेय का बड़ा हिस्सा कट जा रहा है, जबकि सामान्य आयकर नियमों के तहत टीडीएस काटा जाए तो ऐसा नहीं होगा। झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय ने इस मामले में कहा कि कोल्हान विवि द्वारा आवश्यकता आधारित शिक्षकों की मासिक मानदेय में 10% की कटौती करना नियम संगत नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह से विवि पदाधिकारियों की मनमानी है। राकेश ने कहा कि झारखंड राज्य के अन्य किसी भी विश्वविद्यालय में कार्यरत आवश्यकता आधारित शिक्षकों के मासिक मानदेय में जब कोई कटौती नहीं होती है तो फिर कोल्हान विवि के आवश्यकता आधारित शिक्षकों के मानदेय में कटौती करना कहां तक सही है। यह कटौती डेढ़ साल से जारी है। संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही इसको लेकर कुलपति से मिलेगा और राहत देने की मांग करेगा। **शेष पृष्ठ-4.....**

## रांची में निकली भव्य झांकियां, जय हनुमान और जय श्री राम के नारों से गूंज रहा था शहर



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांची, : रांची में शनिवार की रात महाअष्टमी के अवसर पर भव्य झांकियां निकाली गईं। रात 10 बजे से देर रात लगभग तीन बजे तक अपर बाजार और मेन रोड में महाबली हनुमान और भगवान श्रीराम के जयकारे से गूंजते रहे। झांकियों में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया। रातू रोड, कांके रोड, अपर बाजार, हरमू, डोरंडा और कचहरी से 20 बड़ी और 60 छोटी झाकियां निकलीं। इनमें श्रीराम दरबार, अयोध्या का राम मंदिर, अंगद-रावण संवाद, माता सीता का जन्म, देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। श्री महावीर श्रृंगार समिति कार्टसराय रोड ने लंका विजय के बाद श्रीराम का राजतिलक का मनमोहक दृश्य पेश किया।

अमर समिति मधुकम, इंद्रपुरी बिड़ला मैदान, शिव महावीर मंदिर किशोरगंज, धावन नगर कांके रोड, महावीर मंदिर लेक रोड, दुर्गा महावीर मंदिर हिंदपीढ़ी, महावीर मंदिर गुदड़ी कर्बला चौक सहित अन्य स्थानों से भगवान राम, माता सीता, बजरंगबली और अन्य देवी-देवताओं की झांकियां निकाली गयीं। नव कला महावीर मंदिर, थड़पखना द्वारा विशाल झांकी निकाली गयी, जिसमें भगवान राम का दरबार, माता सीता और हनुमान जी की प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

इस दौरान डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा सहित अन्य वरीय अधिकारी सुरक्षा में तैनात दिखे।

## संक्षिप्त खबर

### चास अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत लागू निषेधाज्ञा हटायी गई

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** विभिन्न संगठनों द्वारा बोकारो बंद को लेकर सड़क जाम के कारण सम्पूर्ण चास अनुमण्डल क्षेत्र में व्याप्त तनाव एवं क्षेत्र में शान्ति भंग होने की संभावना को देखते हुए सम्पूर्ण चास अनुमंडल क्षेत्र में अनुमंडल पदाधिकारी चास द्वारा 4 अप्रैल को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई थी।जिसे 5 अप्रैल के रात्रि 11.30 बजे से समाप्त किया जाता है। इस बाबत अनुमंडल पदाधिकारी चास द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

### सिहोडीह नंदन नगर और अमित बरदियार छठ घाट के बीच पुल निर्माण की मांग

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** पर्यावरण मंत्री सुदिव्य सोनू से उसरी बचाव अभियान के संजोयक ने बात की।जल्द सभी विषयों पर ध्यान दिया जाएगा। पुल के निर्माण को लेकर शास्त्री नगर और सिहोडीह नंदन नगर के युवा ने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाई।इसकी अगुवाई मनीष सिन्हा, पंकज कुमार सिंह ने की। जबकि प्रसिद्ध राज,सूरज पांडेय,छोटू कुमार यादव, सुमित कुमार,हर्ष मिश्रा,गुड्डू सिन्हा आदि भी मौजूद थे।सब ने कहा कि पुल का निर्माण जल्द हो। लगभग 7 महीने पहले पुल का शिलान्यास किया गया था। उसके बाद टेंडर भी निकला किन्तु संवेदक की शिथिलता के कारण काम में देरी हो रही है जो बर्दास्त करने की चीज नहीं है।चुनाव से पहले शिलान्यास जितना हुआ सब में लगभग काम लग गया है। किन्तु यहीं पुल का काम रूका हुआ है।जल्द सैकड़ो की संख्या में आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उसरी बचाव अभियान के संयोजक ने कहा कि छिलका डैम के लिए पर्यावरण मंत्री शुदिव्य कुमार सोनू से फोन पर बात हुई है।उन्होंने कहा कि जल्द इसपर कार्य होगा।

### कन्या पूजन सह सम्मान समारोह संपन्न, बालिकाओं ने निकाली शौर्य रैली



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटुंब प्रबोधन विभाग के तत्वाधान में संचालित शस्त्र पूजन एवं आत्मबल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कन्या पूजन सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन विवाह भवन, गिरिडीह में किया गया। इस विशेष आयोजन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सभी 72 बालिकाओं को विधिवत पूजन के उपरांत ओढ़नी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नारी शक्ति का सम्मान करते हुए उनके आत्मबल और योगदान को सार्वजनिक रूप से सराहना प्रदान करना था। इस मौके पर कार्यक्रम की संयोजिका एवं कुटुंब प्रबोधन की प्रांत टोली सदस्य पूनम बरनवाल ने अपने संबोधन में कहा, हमारी बेटियां शक्ति का स्वरूप हैं। जब समाज उन्हें स्नेह, सम्मान और मार्गदर्शन देता है, तब वे चमत्कार करती हैं। यह ओढ़नी मात्र एक वस्त्र नहीं, बल्कि विश्वास, आशीर्वाद और भविष्य की जिम्मेदारी का प्रतीक है। वंही कन्या पूजन के पश्चात विवाह भवन से टावर चौक तक एक भव्य शौर्य रैली निकाली गई, जिसमें बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में बुलेट बाइक और स्कूटी के साथ अनुशासित ढंग से मार्च किया। इस मौके पर टावर चौक पर पहुंचकर बालिकाओं द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया गया, जिसमें उन्होंने तलवार और दंड संचालन के माध्यम से अपने प्रशिक्षण का जीवंत प्रदर्शन प्रस्तुत किया। यह दृश्य जनसमूह के लिए प्रेरणादायक रहा और पूरे नगर में उत्साह का संचार हुआ। इस समारोह में प्रशिक्षणरत बालिकाओं के माता-पिता, स्थानीय गणमान्य नागरिक तथा स्वयंसेवक उपस्थित रहे। उन्होंने बालिकाओं के आत्मविश्वास, अनुशासन एवं कौशल की सराहना की और कार्यक्रम की सफलता की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

### स्वामी रामदेव बाबा का गुरु दीक्षा दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** रविवार को पतंजलि परिवार गिरिडीह द्वारा योग ऋषि स्वामी रामदेव बाबा का गुरु दीक्षा दिवस बड़े ही धूमधाम से यज्ञ हवन कर मनाया गया। बताया गयाकि रामनवमी के दिन जब मयार्दा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी का जन्म हुआ था और बड़ी हर्ष की बात है कि रामदेव बाबा ने गुरु दीक्षा लेकर गृहस्थ जीवन से सन्यास जीवन में प्रवेश किया था। जिसका 30 वर्ष पूर्ण हुआ। इसी उपलक्ष्य में पंजाबी मोहल्ला गुरुद्वारा के निकट में रामनवमी के दिन पतंजलि परिवार द्वारा बड़ी हर्षौल्लास के साथ यज्ञ हवन किया गया। लोगों ने यज्ञ में आहुतियां देकर रामनवमी के साथ साथ स्वामी रामदेव बाबा के दीघार्यु होने की मंगल कामना की।कार्यक्रम में राज्य कार्यकारिणी सदस्य चंद्रहास, युवा प्रभारी रणधीर कुमार गुप्ता, पतंजलि के जिला प्रभारी परमेंद्र कुमार, भूपेंद्र सिंह,निर्मला कौर , सपना राय देवेन्द्र सिंह, प्रभात खेतान, मनजीत सिंह,गुरदीप सिंह,नवनीत कुमार, सुरेश भाई,शिवानी कुमारी, बेबी देवी, उमादेव बर्मा, सहित पतंजलि परिवार के बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में भाग लेकर यज्ञ में आहुतियां दी।

### राम नवमी पर दर्जनों गांवों के लोग महावीरी झंडा लेकर झारखंड धाम पहुंचे

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** रामनवमी पर जुलूस तथा अखाड़ा से सटा बाबा मंदिर जिले के विख्यात बाबा मंदिर में राम नवमी महोत्सव पर दर्जनों गांवों के लोग महावीरी झंडा लेकर झारखंड धाम पहुंचे।राम भक्त जय हनुमान जय श्री राम के गगन भेदी नारे से आसपास गूंजने लगी। इधर अखाड़ा समिति परसन के द्वारा जुलूस में बच्चियों द्वारा हैरत अंग्रेज कारनामे प्रस्तुत किया गया तथा लाठी भांजी गई।अखाड़ा को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने में जमुआ बीडीओ अमल कुमार, सीओ संजय पांडे, हीरोडीह प्रभारी धर्मेंद्र अग्रवाल, परसन प्रभारी सुनील कुमार लगे रहे।

### एक कर्मी की मौत पर वेदांता ईएसएल ने रखा अपना पक्ष

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** एक कर्मी की मौत पर वेदांता ईएसएल ने मीडिया को जारी अपने वक्तव्य में कहा है कि हमारे बिजनेस पार्टनर (ई2ई) के साथ काम करने वाले गणेश नायक की प्रथम दृष्टया प्राकृतिक कारणों से मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई है, सहकर्मियों द्वारा इस बात की पुष्टि की गई है। अपने प्रेस वक्तव्य में कहा है कि ईएसएल अपने कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हम पीड़ित परिजनों के सहायता के लिए खड़े हैं,और हर संभव समर्थन कर रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अक्षरशः करें पालनः उपायुक्त

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**



**बोकारो :** उपायुक्त विजया जाधव ने रामनवमी पर्व पर बिजली काटने को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी आदेश का अक्षरशः अनुपालन बिजली विभाग को सुनिश्चित करने को कहा है। जानकारी हो कि, रामनवमी जुलूस को देखते हुए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में न्यूनतम बिजली काटने की व्यवस्था की है। रामनवमी के अवसर पर बोकारो जिले में अलग-अलग इलाकों से जुलूस निकाले जाते हैं। किसी भी अनहोनी से बचाव के लिए बिजली विभाग प्रत्येक वर्ष निकलने वाले जुलूस के दौरान बिजली काटने की व्यवस्था रहती है। इस बार भी सुरक्षा दृष्टिकोण से बिजली काटने की व्यवस्था रहेगी। लेकिन, यह न्यूनतम रहेगी। कार्यपालक अभियंता चास ने बताया कि आम लोगों को परेशानी न हो, इसके लिए अलग-अलग फीडर में अलग-अलग समय पर बिजली कटौती की व्यवस्था की गई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में न्यूनतम बिजली काटी जायेगी। इसको लेकर सभी जरूरी तैयारी की गई है। अभियंताओं, कर्मियों को अलग-अलग जुलूस से टैग किया गया है।उल्लेखनीय हो कि, सुप्रीम कोर्ट ने एसएलपी(सी) डायरी संख्या 17815/2025 पर निर्देश देते हुए कहा है कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड बिजली की आपूर्ति केवल न्यूनतम समय के लिए काटी जाएगी और जहां अस्पताल सेवाओं सहित आवश्यक सेवाओं को बनाए रखने के लिए बिजली की आपूर्ति की जानी है, वहां बिजली नहीं काटी जाएगी।

## ट्रक से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत



**खूंटी, (एजेंसी)।** तोरपा थाना क्षेत्र के तोरपा- सिमडेगा मुख्य पथ पर कारो नदी पुल के पास सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। मृतकों में जरियागढ़ थाना क्षेत्र के चिदी गांव निवासी आरजू हेमरोम(18) तथा तोरपा थाना के बुदू गांव निवासी अविनाश बारला(19) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार अविनाश और आरजू एक बाइक से तोरपा से कोरको टोली की तरफ जा रहे थ। इसी बीच कारो नदी पुल के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक 407 ट्रक से बाइक की टक्कर हो गई। इससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि 407 ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गढे में गिर गया। घायल युवकों को एम्बुलेंस से रेफरल अस्पताल तोरपा लाया गया। पर अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही उन दोनों की मौत हो चुकी थी। रविवार को पुलिस ने बताया कि दो युवकों की सड़क दुर्घटना में शनिवार देर रात मौत हो गयी थी। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। घटना की जानकारी पाकर जिप सदस्य सुशांति कोनगाडी तथा दियांकेल पंचायत की मुखिया शिशिर तोपनो रेफरल अस्पताल पहुंची और परिवार वालो से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।

## "जय श्री राम" के नारे से गूंजा रामगढ़, पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र के साथ निकले भगवाधारी

**रामगढ़, (हि.स.)।** रामनवमी का त्यौहार रामगढ़ में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। जय श्री राम के नारे से पूरा रामगढ़ जिला गूंज उठा। भगवाधारी पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र के साथ सड़क पर निकले। भक्ति गानों पर कलाकारों ने भी युद्ध कौशल का जलवा दिखाया। इस त्यौहार को लेकर सभी मंदिरों में विशेष पूजा भी की गई। रामगढ़ शहर के वैष्णो देवी मंदिर, मां विघ्नेश्वरी मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, चैती दुर्गा मंदिर, राधा कृष्ण किला मंदिर, जलाराम मंदिर, काली मंदिर, खाटू श्याम मंदिर, हनुमंत लला मंदिर में विशेष पूजन का आयोजन किया गया था। राम भक्तों ने श्री राम के जन्मोत्सव पर पूजा के बाद अपने घरों में भगवा ध्वज भी लगाया। विभिन्न मंदिरों और घरों में नौ कन्याओं को भोजन भी कराया गया।

# डीपीएस चास में किशोरों के गुस्से को कंट्रोल करने के तरीके के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**चास :** डीपीएस चास में नये सत्र में शिक्षण की प्रभावशीलता में सुधार करने के लिए शनिवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय था-किशोरों में गुस्से एवं चिड़चिड़ेपन को कंट्रोल करने के तरीके। इस कार्यशाला में डीपीएस चास के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई।

कार्यशाला की रिसोर्स पर्सन उम्मीद काउंसेलिंग एंड कंसल्टिंग की फाउंडर एंड डायरेक्टर डॉ. सलोनी प्रिया थीं। ये शिक्षा प्रबंधन, मानव विकास के क्षेत्र में कार्यरत एक मनोवैज्ञानिक सलाहकार हैं। इन्हें साइकोथेरेपी, मेंटल हेल्थ, सशक्तिकरण परामर्श, मास्टर ट्रेनर और पैरेंटिंग कोच तथा शिक्षा सलाहकार के क्षेत्र में 25 वर्षों का अनुभव है। इस कार्यशाला में





शिक्षकों को किशोरों में गुस्से एवं चिड़चिड़ेपन को कंट्रोल करने के लिए प्रभावी रणनीतियों को अपनाने, बड़े वर्गों से प्रभावी ढंग से निपटने और प्रभावी कक्षा प्रबंधन के लिए एक व्यक्तिगत कार्य योजना विकसित करने के बारे में निर्देशित किया गया। इस विषय पर उन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सत्र को मनोवैज्ञानिक, व्यावहारिक और दिलचस्प बना दिया।

रिसोर्स पर्सन ने कक्षा में शिक्षण-अनुभव को बढ़ाने के लिए किशोरों में गुस्से एवं चिड़चिड़ेपन को कंट्रोल करने के तरीके पर एक व्यापक प्रस्तुति के माध्यम से मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज के बदलते परिवेश में किशोरों के व्यवहार में गुस्सा और चिड़चिड़ापन बहुत तेजी से बढ़ता जा रहा है। शिक्षकों के लिए इस विषय में छात्रों की जागरूकता और दक्षता में सुधार करने की अपनी क्षमता विकसित करना महत्वपूर्ण है। सत्र के दौरान शिक्षकों ने उत्साहित होकर सक्रिय रूप से सीखने की गतिविधियों में भाग लिया।

इस तरह की कार्यशालाओं के महत्व पर प्रकाश डालती हुई विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन ने कहा कि ये पहल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने और शिक्षकों की शिक्षण क्षमता को बढ़ाने के क्षेत्र में प्रभावी भूमिका निभाएगी। इससे विद्यार्थियों की भावनाओं को समझकर उसका समाधान भी प्रभावी सिद्ध होगा।

पर विद्यालय की निदेशिका व प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की क्षमता-निर्माण कार्यशाला से शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीकों को प्राप्त करने, ज्ञान का आदान-प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

# बोकारो में चैती दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना





**अरुण पाठक**

**बोकारो :** सेक्टर 4 डी संत रविदास मोड़ पर तिवारी जी पान दुकान के पास हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैती दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया गया है। पूजा पंडाल में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धा पूर्वक पूजा की जा रही है। कल अष्टमी पूजा के बाद आज नौवीं पूजा में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पूजन व आरती में लोग उत्साह पूर्वक शामिल हुए। खीर प्रसाद का वितरण भी किया गया। बबलू तिवारी सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

मां का दर्शन करने के लिए यहां अन्य सेक्टरों से भी लोग आ रहे हैं। पूजा पंडाल के पास बच्चों के लिए झूला व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए मंच की व्यवस्था भी की गयी है। बच्चे गीत-नृत्य में उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं। सेक्टर 6 दुर्गा मंदिर, सेक्टर 2 काली मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी चैती दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है।

## धूम धाम से मनाया गया रामनवमी



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** अर्गघाट कमेटी ने अखाडा निकाला अरगाघाट से हो कर मकतपुर, काली बाड़ी होते हुए बड़ा चौक तक गया। इस अखाड़े मै बहुत सारे लोग थे। अखाड़े की अगुवाई जेएमएम के नेता अजय झा ने की। इस दौरान अनेको तरह की कला बाजी दिखाते हुए अखाडा आगे बढ़ता गया और शांति पूर्वक अखाडा खेला गया।

## रामनवमी पर चहुंओर सुनी गई जय श्रीराम की गूंज, उमड़ा जन सैलाब

**कोडरमा, (एजेंसी)।** भगवान राम की भक्ति, जय श्रीराम के नारे और शौर्य का प्रदर्शन, कुछ ऐसा ही विहंगम दृश्य रविवार को कोडरमा जिले की सड़कों पर दिखा। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का महापर्व रामनवमी की शान से पूरा जिला जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा।

रामनवमी के भजनों से एक एक गली और चौक चौराहे गूंज रहा था। डंके की आवाज राम भक्तों का जोश बढ़ा रहा था। तो दूसरी तरफ बड़े बड़े महावीरी ध्वज थामे भक्तों की भीड़ जय श्री राम के जयकारे के साथ शौर्य का प्रदर्शन कर रहे थे। हर ओर महावीरी ध्वज ही लहरा रहे थे। रामभक्तों का यह जोश और उत्साह सालों बाद सड़कों पर फिर देखने को मिला। पारंपरिक अस्त्र शस्त्र के प्रदर्शन के साथ लाठियों का अद्भुत खेल दिखाते युवा खिलाड़ियों के जुनून को हिंदू संगठन के कार्यकर्ता उत्साह बढ़ा रहे थे। सुबह से ही हे बजरंगबली, दुखियों का दुखड़ा दूर करो, संकट मोचन कहलाओ तुम, जैसे भजन और डंके की आवाज ने राम भक्तों की नींद तोड़ा। दिन में लाठियों के साथ पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों के साथ खिलाड़ी अपना शक्ति प्रदर्शन दिखाने सड़क पर निकले। हर एक राम भक्त भगवान राम की भक्ति में डूबा दिखा। कोडरमा, झुमरीतिलैया, सतगावां, मरकच्चो, चंदवारा, जयनगर और डोमचांच सहित अन्य जगहों पर शौर्य पराक्रम का प्रदर्शन भी हुआ। इस दौरान सुरक्षा को लेकर कोडरमा में एसडीओ रिया सिंह, एसड़ीपीओ अनिल कुमार, डीएसपी स्वयं पेट्रोलिंग करते दिखे। कोडरमा में थाना प्रभारी अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ तैनात थे। अलग-अलग इलाके से करीब 30 से अधिक अखाड़ा समितियों के नेतृत्व में खिलाड़ियों की भीड़ लाठी और अस्त्र शस्त्र लिए कई चौक चौराहे में जुटे। कोडरमा में महारामनवमी पर सुंदर झांकियों को निकाला गया। इस दौरान अखाड़ा समितियों के लोगों ने परंपरा हथियार और लाठियों के साथ शानदार खेल का भी प्रदर्शन किया। कोडरमा में इंदरवा परिसर से शुरू होकर जलवाबाद, नगरखारा आदि जगहों से लोग पहुंचे, जो देर रात तक आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। वहीं डोमचांच में इस दौरान विभिन्न स्थानों से निकाले गए आकर्षक झांकी लोगों को बरबस कई युगों की यादें ताजा कर दी। जिसमें भगवान राम के विभिन्न अवतारों, राम सीता विवाह कई मनमोहक झांकी आकर्षक रूप से सजाया गया था। लोचनपुर की झांकी में सम्भाजी और सड़क सुरक्षा के संदेश को लेगों ने खूब सराहा।

# पति पर हत्या का आरोप, महिला की लाश पंचायत भवन के पास मिली

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** बेंगाबाद जरुवाडीह की रहने वाली 51 वर्षीय रुखसाना खातून की हत्या की गुत्थी सुलझाने में बेंगाबाद पुलिस जुटी है। महिला का शव शनिवार सुबह पंचायत भवन के पास मिला। चेहरा पत्थर से कुचला हुआ था। शव कपड़े से ढका हुआ था। ग्रामीणों को कुत्तों के भौंकने पर शक हुआ। पास जाकर देखा तो महिला की लाश पड़ी थी।पुलिस ने कांड संख्या 54/25 के तहत मामला दर्ज किया है। मृतका की बेटी नाजबीन परवीन ने बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर अपने पिता सलीम मियां और अन्य पर हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात 10 बजे सलीम मियां और रुखसाना खातून गिरिडीह से ट्रेन में सवार होकर लौट रहे थे। दोनों फुलजोरी हाल्ट पर उतरे। वहां से पैदल घर लौट रहे थे। लेकिन



रुखसाना खातून घर नहीं पहुंची। सलीम मियां ने बताया कि वह मायके चली गई है।मृतका की बेटी को पूरा विश्वास है कि यह हत्या साजिश के तहत उसके पिता ने की है। रुखसाना दो बच्चों की मां थी। फिलहाल सलीम मियां फरार है। पुलिस फोरेंसिक जांच में जुटी है। बेंगाबाद एसआई विजय मंडल और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच कर रही है। अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि बहुत जल्द मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

Page 3_Page 3.qxd 4/6/2025 10:10 PM Page 1



# धनबाद भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस मनाया

## भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य हेतु भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को हुआ : राज सिन्हा

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर ने भाजपा के 46 वां स्थापना दिवस के तहत 12 अप्रैल तक चलने वाली विभिन्न कार्यक्रम के तहत प्रथम दिन भाजपा जिला कार्यालय में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया.राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों की श्रृंखला में बूथ स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक सम्मेलन और कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. इसको लेकर पार्टी के बड़े नेताओं से लेकर आम कार्यकताओं में खुशी का माहौल है.भाजपा जिला कार्यालय में सर्वप्रथम भाजपा के प्रेरणापुंज संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डाला गया.इसके अलावा भाजपा कार्यालय में पार्टी का ध्वजारोहण भाजपा महानगर एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष ने किया.



इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सभी जिला पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के साथ-साथ भाजपा जिला कार्यालय के छत पर पार्टी का झंडा फहराया. विधायक राज सिन्हा, महानगर अध्यक्ष एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर सिंदरी की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तारा देवी युवा महानगर अध्यक्ष नित्यानंद मंडल एवं उपस्थित नेताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी , पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी अमर रहे भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए.सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई दी. विधायक राज सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली में हुई थी. जिसके प्रथम अध्यक्ष श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए थे.अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिया. देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपा नीत राजग के तहत राजनीति करती है.भारतीय जनता पार्टी का यह सफर मात्र एक राजनीतिक यात्रा नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की महान साधना है.

जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक का यह सफर अनेकों संघर्षों बलिदानों और समर्पण से भरा रहा.डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जिस विचारधारा की नींव रखी उसे आगे बढ़ने का कार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुषों ने किया.अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, नरेंद्र मोदी जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में यह पार्टी एक विश्व स्तरीय संगठन बनीं.सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को लेकर भाजपा ने देश और प्रदेश में सेवा सुशासन और समर्पण का नया कृतिमान स्थापित किया. विधायक श्री सिन्हा ने समस्त कार्यकताओं,पार्टी के पदाधिकारी राज्य एवं देशवासियों को भाजपा के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मिलकर संगठन को और सशक्त बनाने और देश हित में कार्य करने का आह्वान किया.यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का तीसरा कार्यकाल राष्ट्र की राजनीति और विकास पथ पर परिवर्तन के एक नए युग की शुरूआत कर रहा है.एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक, वक्फ संशोधन विधेयक एक राष्ट्र एक सब्सक्रिप्शन आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपए करने से करदाताओं को राहत जैसे निर्णय राजनीतिक और सामाजिक विमर्श की गतिशीलता को बदलने की क्षमता रखते हैं.

महाकुंभ का आदर्श आयोजन जिसने आम भारतीय जनमानस को एक सूत्र में पिरोया.राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का हम एक वर्ष पूरा कर रहे हैं.यह सभी भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन है. हमें जनहित के इन सभी कार्यों को आम जनता के बीच ले जाने का कार्य करना है.इस अवसर पर सिंदरी की भाजपा प्रत्याशी तारा देवी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, वीरेंद्र हांसदा, महामंत्री मानस प्रसून, जिला मंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी पंकज सिन्हा ने भी संबोधित किया.इस अवसर पर जिला मंत्री प्रियंका देवी, रूपेश पासवान, रंजीत कुमार बिल्लू, मंडल अध्यक्ष राजाराम दत्ता, किशोर मंडल, हरेंद्र सिंह, मयूर शेखर झा, नीरज सिन्हा, इंद्रकांत झा, रंजय सिंह सहित कई अन्य मौजूद थे.

## संक्षिप्त खबर

### झाग्रविट के संस्थापक ने चैत नवरात्र के महा नवमी पर नौ कन्याओं का किया पूजन




**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

महुदाः चैती नवरात्र के महा नवमी के शुभ अवसर पर रविवार को झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय ममता कुंज कंचनपुर में विधि विधान के साथ मां दूर्गा के नौ रूपों का कन्या पूजन किया गया. इस दौरान ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी, उनके धर्म पत्नी ममता रवानी ने कन्याओं को मां दुर्गा के नो रूपों का सिंगार कर पूजन व आरती किया.फिर उन्हें भोजन कराने के साथ उनसे आशीर्वाद भी लिया गया. ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा कि हमारी संस्था बच्चों के संरक्षण पर कार्य करती है. प्रत्येक वर्ष कन्या पूजन कर बच्चियों की सुरक्षा एवं संरक्षण का शपथ लिया जाता है, आदि शक्ति मां दुर्गा के कारण ही बच्चियों के संरक्षण में ताकत मिलती है.उक्त पूजन में ट्रस्ट के कार्यकताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया.मौके पर कोषाध्यक्ष विनोद महतो, चुनू लाल रवानी, मधु रवानी, अनुज कुमार, दीपा कुमारी, शिल्पा कुमारी आदि मुख्य रुप से उपस्थित थे.

### भाजपा ने बूथ स्तर पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया

#### अंत्योदय से आत्म निर्भर भारत की यात्रा पर बढ़ती भाजपा



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

रांची। प्रदेश भाजपा ने रविवार को बूथ स्तर पर पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस मनाया। श्री राम नवमी के साथ साथ अपने अपने घरों में भाजपा का ध्वज लगाकर हजारों कार्यकताओं ने उत्सव मनाया।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने पार्टी का ध्वज लगाया और पार्टी के प्रेरणा पुरुष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर बधाई शुभकामनाएं देते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा की 45 वर्षों के काल खंड में पार्टी ने अपने आदर्शों,सिद्धांतों को मजबूती प्रदान की है। राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्यकर्ता लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आज अंत्योदय के साथ आत्म निर्भर भारत बनाने की यात्रा पर आगे बढ़ रही है।

भाजपा कार्यकर्ता अपनी पंच निष्ठा के आधार पर लोकतंत्र की रक्षा, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की मजबूती, संविधान की मयार्दाओं का पालन करते हुए आत्म निर्भर भारत बनाने केलिए आगे बढ़ चले है।

उन्होंने रविवार को कहा कि आज यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान पूरी दुनियां में बढ़ा है।तिरंगा का सम्मान बढ़ा है। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत आज साकार हो रहा। कार्यकताओं के परिश्रम से आज तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प पूर्ण हुआ।जनता में भाजपा की नीतियों कार्यक्रमों के समर्थन के कारण ही आज 20 प्रदेशों में भाजपा और एनडीए की सरकारें जनता की सेवा कर रहीं। प्रदेश पार्टी के सभी पदाधिकारी,जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ता ने भाजपा का ध्वज लगाकर स्थापना दिवस मनाया।

### अपराधियों ने दंपति को मारी गोली, महिला की मौत

**पलामू(एजेंसी)।** पलामू में अपराधियों ने शनिवार की रात घर में घुसकर पति और पत्नी को गोली मार दी। इस घटना में पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति का हॉस्पिटल में ईलाज चल रहा है। घटना पंडवा थाना क्षेत्र के कजरी गांव की है। गोली चलाने वाले एक अपराधी को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। कजरी के रहने वाले रामा सिंह (50) अपनी पत्नी बबीता देवी (45) के साथ रात में खाना खाने बैठे थे। तभी एक व्यक्ति आवाज देते हुए उनके घर में आया और गोली चला दी। गोली बबीता देवी को लगी। गोली मारने वाला भागने लगा तो रामा सिंह हल्ला करते हुए उसके पीछे दौड़े तो अपराधी ने रामा सिंह पर भी गोली चला दी। गोली रामा सिंह के कंधे के पास लगी। शोर सुनकर ग्रामीण भी इकट्ठा हो गए और गोली चलाने वाले एक अपराधी को पकड़ लिया। अपराधी दो की संख्या में आए थे। मगर एक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। गोली लगे दंपति को ईलाज के लिए लोग एमआरएमसीएच लेकर आए, जहां महिला की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए रेफर कर दिया गया था। मगर रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया।

### बाइक सवार महिला की अपराधियों ने किया छिनतई का प्रयास



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

बलियापुर : सिंदूरपुर रानी सती हार्ड कॉक भट्ठा के समीप एक चलती बाइक पर छिनतई की कोशिश में बाइक सवार मनोज पांडेय की पत्नी कल्पना पांडेय सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए बलियापुर सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सिंदूरपुर से सिंदरी क्वार्टर की ओर जा रहे बाइक सवार मनोज पांडेय और उनकी पत्नी कल्पना पांडेय के साथ एक दर्दनाक घटना घटी। दो अज्ञात युवकों ने चलती बाइक से कल्पना पांडेय का बैग छीन लिया, जिसमें मोबाइल और कुछ रुपये थे। इस दौरान कल्पना पांडेय सड़क पर गिर गईं और उनके सिर पर गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी मिलते ही बलियापुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। घायल कल्पना पांडेय को इलाज के लिए बलियापुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# बाघमारा में रामनवमी पर अखाड़ा दलों ने हैरतअंगेज खेलों का किया शानदार प्रर्दशन





**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

बाघमारा : बाघमारा थाना क्षेत्र में रामनवमी उत्सव धुमधाम से मनाया गया. क्षेत्र के प्रमुख अखाड़ा दलों ने पुलिस की देखरेख में जुलूस निकाला गया. जुलूस में बीडीओ लक्ष्मण यादव भी शामिल हुए. बाघमारा बड़ा ठाकुर बाड़ी से महाराणा प्रताप दल, बाघमारा जेपी चौक स्थित बजरंग बली मंदिर प्रांगण से जय बजरंग बली दल एवं बाघमारा माडा कॉलोनी बजरंग बली मंदिर से ब्रज दल एंव नदखुरकी कोलडंप बजरंग बली मंदिर से अखाड़ा दल द्वारो जुलूस निकाला गया. ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी. सभी दलो द्वारा हैरतअंगेज लाठी खेल का प्रर्दशन किया. आग से संबंधित खेल का प्रर्दशन पर पुलिस द्वारा रोक लगायी गयी थी. शाम छह बजे सभी अखाड़ा दल बाघमारा थाना परिसर पहुंचे.

अखाड़ा दलो द्वारो बीसीओ नवी हुसैन एवं थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद को पगड़ी पहनाकर कर सम्मानित किया. थाना परिसर देर शाम तक अखाड़ा दलों द्वारा एक से बढ़कर एक पारंपरिक हथियारों के साथ खेल का प्रर्दशन किया. बाघमारा पुलिस की ओर से अखाड़ा दलो के लिए शर्बते की व्यवस्था की गयी थी. अखाड़ा जुलूस के साथ बाघमारा पुजसस के सदस्य भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लियो. थाना प्रभारी द्वारा सभी अखाड़ा दलों को पुरस्कृत किया. विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए जगह- जगह पर पुलिस तैनात थी. प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट भी मौजूद थे.

# गुहीबांध में एकता मंच ने किया पेयजल, शरबत का वितरण



### मुस्लिम समाज ने भाईचारे का किया मिसाल पेश

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : गुहीबांध मस्जिद के निकट एकता मंच गुहीबांध के तत्वावधान में मुस्लिम समुदाय के द्वारा खिलाड़ियों के लिए पेयजल, शरबत की व्यवस्था की गयी. ऐसे आयोजन किए जाने मुस्लिम समुदाय की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है. यहां दोनों समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारा पेश किया. मौके पर एकता मंच के गुलाम सरवर, अब्बास सिद्दीकी, जियाउल हक, शमी अजहर, इकबाल अंसारी, अशरफ ईरानी आदि उपस्थित थे.

# स्वास्थ्य विभाग ने बचाया आयुष्मान घोटाला के दोषियों को : सरयू

**पूर्वी सिंहभूम(एजेंसी) ।** विधायक सरयू राय ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान घोटाला के दोषियों को बचाया है।

आयुष्मान घोटाले में स्वास्थ्य विभाग ने जानबूझकर नियम के विरुद्ध काम करनेवाले सरकारी चिकित्सकों पर कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि ये वही चिकित्सक हैं जो राज्य के सूचीबद्ध निजी अस्पतालों के साथ कार्य कर रहे थे। विधायक ने रविवार को कहा कि इन चिकित्सकों को सूचीबद्ध निजी अस्पतालों ने उनके नाम पर इलाज किया हुआ दिखाया और इन्शोरेंस कंपनी से नाजायज पैसे का दावा किया। राय ने कहा कि झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के तत्कालीन कार्यकारी निदेशक डॉ भुवनेश प्रताप सिंह ने झारखंड सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक (प्रमुख) से तीन अगस्त 2022 को पत्र के माध्यम से अनुरोध किया कि वे सरकारी नेत्र चिकित्सकों और गैर नेत्र चिकित्सकों की ओर से पदस्थापित अस्पताल के अतिरिक्त निजी सूचीबद्ध अस्पतालों में किये जा रहे काम की तथ्यात्मक जांच करा कर जांच रिपोर्ट जल्द उन्हें उपलब्ध कराए। विधायक ने कहा कि इस संबंध में कार्यकारी निदेशक ने झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यालय की ओर से पत्र के जरिए स्वास्थ्य निदेशक को पूर्व में भेजे गये दिशा-निर्देश की प्रति पुनः भेजी। दिशा-निर्देश में सरकारी चिकित्सकों ने निजी प्रैक्टिस करने के संबंध में विस्तार से उल्लेख है। इसके अनुसार, निजी चिकित्सक की डॉक्टर के रुप में एक ही अस्पताल में कार्य कर सकते हैं और विशेषज्ञ के रुप में अधिकतम चार अस्पतालों में इलाज कर सकते हैं। चिकित्सक यदि चाहें तो प्रतिदिन अपने कार्यावधि तथा अस्पताल के ओपीडी के बाद ही निजी प्रैक्टिस कर सकते हैं।

# महुदा क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मना रामनवमी, विभिन्न अखाड़ा दलों ने किया खेल का प्रदर्शन





**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

महुदा : महुदा थाना क्षेत्र में रामनवमी शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर तेलमच्चो बाजार, महुदा मोड़ एवं महुदा ब्रहमबाबा प्रांगण में खेल अखाड़ा का आयोजन किया गया. इस दौरान सभी क्षेत्रों में गाजे बाजे के साथ रामनवमी का झंडा लेकर भव्य जुलूस निकाला गया. जुलूस मे राम सीता सहित हनुमान के रूप धारण कर फूलों से सजी रथ निकाली गई. जुलूस में पूरा क्षेत्र जय श्री राम एवं जय हनुमान के जयकारों से गूंजयमान हो उठा.इस दौरान तेलमच्चो पुराना पेट्रोल पंप के समीप मुखिया प्रतिनिधि शिबू महतो की ओर से अखाड़ा का आयोजन किया गया. जिसमें तेलमच्चो एवं पारजोरिया के अखाड़ा टीम ने भाग लिया. सोलह आना समिति महुदा मोड़ कांड्रा की ओर से विनोद बिहारी चौक के समीप अखाड़ा का प्रदर्शन किया गया गया. जिसमें कांड्रा एवं भुरूंगिया के अखाड़ा टीम ने भाग लिया. वहीं महुदा ब्रह्मबाबा मंदिर प्रांगण में पूर्व जिप सदस्य संतोष कुमार महतो एवं मुखिया महेश पटवारी की ओर से अखाड़ा का आयोजन किया गया.जिसमे सेवाग्राम, रेलवे कॉलोनी और महुदा बाजार के अखाड़ा टीम ने भाग लिया. इस दौरान सभी टीम के खिलाड़ियों द्वारा हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन किया.बेहतर खेल दिखाने वाले लड़के -लड़कियों को सम्मानित किया गया.


# झारखंड में मौसम साफ होते ही बढ़ा तापमान, सात से फिर बदलेगा मौसम

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

रांची। झारखंड में मौसम साफ होते ही तापमान में फिर से बढोत्तरी दर्ज की गई। रांची में 24 घंटे के भीतर ही तापमान में तीन डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं पलामू, बोकारो और जमशेदपुर में तापमान बढ़कर 40 डिग्री तक पहुंच गया।

राज्य में सोमवार से मौसम एक फिर करवट लेगा और पश्चिमी विछोभ और निम्न दबाव के कारण सभी जिलों में तेज हवा और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट में सात अप्रैल को उत्तर-पूर्वी भागों में कही-कहीं गर्जन और



30 से 40 किमी की गति से हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी है।

आठ अप्रैल को विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं - कहीं पर गर्जन और 40 से 50 किमी की गति से हवा चलने और वज्रपात होने होने की आशंका व्यक्त की है।

इसके अलावा मध्यवर्ती और इससे लगे उत्तर-पूर्वी हिस्सों में भी कहीं कहीं पर गर्जन और 30 से 40 किमी की हवा चलने और वज्रपात की आशंका है।

नौ अप्रैल को भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अनुसार दक्षिण-पूर्वी और पूर्वी- मध्य भाग के कुछ जिलों में गर्जन और 40 से 50 किमी की गति से हवा चलने की आशंका व्यक्त की गई है।

वहीं दक्षिणी-पश्चिमी, मध्य तथा उत्तर-पूर्वी जिलों में कहीं कहीं गर्जन और 30 से 40 किमी की गति से हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# महात्मा गांधी की सौन्दयीर्कृत प्रतिमा का अनावरण

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

रांची। फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं मेन रोड व्यवसायी संघ की देखरेख में काली मंदिर चौक, मेन रोड स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सौन्दयीर्कृत प्रतिमा का अनावरण रविवार को किया गया। सौन्दयीर्कृत प्रतिमा का अनावरण चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने करते हुए सभी व्यापारी समाज को रामनवमी की बधाई दी। प्रतिमा अनावरण के अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने स्वच्छता ही सेवा की बात कहते हुए बापू के बताये गए मार्ग पर चलने के लिए सदस्यों को प्रेरित किया। बापू की इस प्रतिमा को सौन्दयीर्कृत कराने में सहयोग के लिए उन्होंने कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, अरुण भरतिया, अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल और मेन रोड व्यवसायी संघ के पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर चैम्बर उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य अमित शर्मा, मुकेश अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, संजय अखौरी, रोहित पोद्दार, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, सदस्य किशन अग्रवाल, आनंद जालान, अरुण भरतिया, विकास झाझरिया, मेन रोड व्यवसायी संघ के बिनोद टेकरीवाल, प्रेम मित्तल सहित संघ के कई सदस्य शामिल थे। सभी ने झारखण्ड चेम्बर और मेन रोड व्यवसायी संघ के इस संयुक्त प्रयास की प्रशंसा की।

# आईआईएम बोधगया ने की 7 वां वार्षिक दीक्षांत समारोह की मेजबानी

## एमबीए, डीबीएम व एचएचएम कार्यक्रम में 471 छात्र हुए स्नातक




नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गया : आईआईएम बोधगया ने अपना 7वां वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित किया। जिसमें तीन शैक्षणिक कार्यक्रमों में 471 विद्यार्थियों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गई। इस वर्ष एमबीए कार्यक्रम के 310 छात्रों, एमबीए डिजिटल बिजनेस मैनेजमेंट से 91 और एमबीए अस्पताल एवं हेल्थकेयर मैनेजमेंट से 70 को डिग्री प्रदान की गई। इस दीक्षांत समारोह ने फ्लैगशिप एमबीए प्रोग्राम से छात्रों के साथ ही डिजिटल बिजनेस मैनेजमेंट (डीबीएम) और एमबीए अस्पताल एवं हेल्थकेयर मैनेजमेंट (एचएचएम) के पहले बैचों के स्नातक को चिह्नित करते हुए, उद्योग-उत्तरदायी और भविष्य-तैयार शिक्षा पर संस्थान के बढ़ते केंद्र को रेखांकित किया।दीक्षांत समारोह की शुरूआत आईआईएम बोधगया के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य, डॉ जनमेजया सिन्हा के स्वागत भाषण के साथ हुई। अपने संबोधन में, डॉ सिन्हा ने उपस्थित लोगों को उनके शब्द, रजहां आप हैं, वहां शुरू करें, जो आपके पास है, उसका उपयोग करें, और जो आप कर सकते हैं वह करेंर से प्रेरित किया आईआईएम बोधगया की निदेशक, डॉ विनीता सिंह सहाय ने 2024-2025 कि वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसने संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अवसंरचनात्मक प्रगति और वैश्विक भागीदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्थान के प्लेसमेंट प्रदर्शन को भी साझा किया, जिसमें बताया गया कि तीनों कार्यक्रमों में 441 पात्र उम्मीदवारों में से 370 से अधिक छात्रों को प्लेसमेंट मिला।

प्रो सहाय ने अंतिम प्लेसमेंट की स्थिति पर भी प्रकाश डाला तथा सभी कार्यक्रमों में पारिश्रमिक के रुझान पर जोर दिया। एमबीए, डीबीएम और एचएचएम बैचों के शीर्ष 25 प्रतिशत ने क्रमशः 18 एलपीए, 21 एलपीए और 15 एलपीए के औसत सीटीसी प्राप्त किया। समग्र बैच औसत, एमबीए के लिए 12 एलपीए, डीबीएम के लिए 12 एलपीए और एचएचएम के लिए 11 एलपीए पर था। प्रमुख रिक्रूटर्स में डेलॉइट, पीडब्ल्यूसी, एक्सेंचर, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा पावर शामिल थे, जिसमें कंसल्टिंग, बीएफएसआई, आईटी और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों को कवर किया गया था।समारोह के हिस्से के रूप में, तीनों कार्यक्रमों के विद्यार्थियों को पदक और उपाधियाँ प्रदान की गईं। ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में प्रदान किए गए, चेयरमैन स्वर्ण पदक, निदेशक स्वर्ण पदक, और सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए आईआईएम बोधगया स्वर्ण पदक।एमबीए कार्यक्रम में अध्यक्ष स्वर्ण पदक मिहिर शॉ को,निदेशक स्वर्ण पदक अनिकेत कुमार गुप्ता को तथा सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण प्रदर्शन पदक श्री गौड़, श्री प्रसाद अरुण को प्रदान किया गया। एमबीए डिजिटल बिजनेस मैनेजमेंट प्रोग्राम में अध्यक्ष स्वर्ण पदक सुश्री अंकिता को, निदेशक स्वर्ण पदक उदित अग्रवाल को और सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण प्रदर्शन पदक श्री स्वप्निल संजय नरखेड़े को प्रदान किया गया। एमबीए हेल्थकेयर और हॉस्पिटल मैनेजमेंट प्रोग्राम में अध्यक्ष स्वर्ण पदक सत्यम कुमार को, निदेशक स्वर्ण पदक अभिनबा मन्ना को तथा सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण प्रदर्शन पदक श्री आदर्श को प्रदान किया गया।समारोह का समापन मुख्य अतिथि, ओएनजीसी के चेयरमैन एवं सीईओ, अरुण कुमार सिंह, के संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने छात्रों को अपने करियर में गहराई और उद्देश्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। एक बार जब आप चौड़ाई हासिल कर लेते हैं, तो फिर सारा ध्यान गहराई हासिल करने पर लगाइए। शुद्ध लेने वाले के बजाय शुद्ध देने वाले बनें - सच्चा नेतृत्व लेने से ज्यादा देने से आता है।

## संक्षिप्त खबरें

### फतेहपुर में रामनवमी पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा, जय श्रीराम के नारों से गूंजयमान हुआ इलाका



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया):फतेहपुर प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी पूजा के अवसर पर रविवार को युवा कमेटी द्वारा गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। रथ पर राम, सीता, लक्षण और हनुमान की झांकी के साथ निकली शोभायात्रा में जय श्रीराम के नारे से शहर गूंजायमान हो उठा। फतेहपुर मार्केट स्थित हनुमान मंदिर से शाम पांच बजे शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा पूरे अंदर पुरानी बाजार, मार्केट रोड, बभनटोली, रामरायचक, अस्पताल रोड होते हुए बजरंबली मोड़ पर पहुंची। यहां हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना किया गया। यहां के बाद शोभायात्रा बस स्टैंड, सीपीआर स्कूल, झंडाचौक, बड़ी देवी स्थान, थाना रोड, ठाकुरबाड़ी मुहल्ला होते हुए हनुमान मंदिर मार्केट में पहुंच शोभायात्रा सम्पन्न हो गया। शोभायात्रा में शामिल युवा की टोली गाजे-बाजे पर खूब झूमे। इस दौरान जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारे से पूरा शहरी इलाका गुंजायमान रहा। शोभायात्रा के दौरान शांति व विधि व्यवस्था बनी रहे इसे लेकर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

### रामनवमी के मद्देनजर रेलवे में की गई सुरक्षा का हाई अलर्ट



पूर्व मध्य रेलवे के आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार सुरक्षा व्यवस्था का कर रहे मॉनिटरिंग



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गयाः पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद,डीडीयू,दानापुर आदि रेल मंडल क्षेत्र में रामनवमी का त्योहार पर रेलवे में सुरक्षा का हाई अलर्ट कर दिया गया। रामनवमी त्योहार के साथ बफ्फ बोर्ड संसोधन बिल के पास होने पर अंदरूनी विरोध की की नीति के तहत अप्रिय घटना की आशंका को लेकर सुरक्षा का अलर्ट किया गया। इसके तहत चिन्हित संवेदनशील रेल स्थानों पर अतिरिक्त अधिकारी व जवान तैनात किए गए। पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार सुरक्षा व्यवस्था का मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने का दिशा निर्देश दिया है। संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने, लगातार सुरक्षात्मक अभियान चलाने, गांव में लोगो को सहयोगात्मक संदेश देने का भी निर्देश दिया है। धनबाद रेल मंडल के गया-कोडरमा रेल सेक्शन सहित ,गया-जहानाबाद,गया-कियूल व गया-डीडीयू सेक्शन पर रविवार को सुरक्षा बढ़ी रही।

अप्रिय घटना की आशंका को लेकर रेल प्रशासन सुरक्षा के लिए मुश्तैद है। साथ ही खुफिया विभाग की भी सक्रियता बढ़ा दी गई है। रेल क्षेत्र में जीआरपी-आरपीएफ का पेट्रोलिंग बढायी गई है तथा फ्लैग मार्च भी निकाला गया है। गया-कोडरमा रेल सेक्शन के गुरपा-गझण्डी रेल घाटी खण्ड में कोडरमा आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार के नेतृत्व में गुरपा आरपीएफ आउट पोस्ट के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार तथा अधिकारी व जवान सुरक्षा व्यवस्था के तहत गश्ती अभियान तेज किया है। रेल लाइन के आसपास बसे गांव में भी चौकसी बढायी गई है। गांव में लगातार शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा रेलवे से किसी प्रकार से छेड़छाड़ नहीं करने को लेकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है।


### मगध विवि वाणिज्य विभाग के पूर्व डीन डॉ विनय कुमार सिंह का निधन,शोक



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गया :बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय वाणिज्य विभाग के पूर्व डीन व शिक्षाविद डॉ विनय कुमार सिंह का देर रात निधन हो गया, वे करीब 90 वर्ष के थे। इनके निधन की खबर पाकर लोग शोकाकुल हो गए। नूतन नगर स्थित चिरंजीवी भवन में रात करीब 1:15 बजे इन्होंने अंतिम सांस लिए। उनके पुत्र संजय कुमार सिंह ने बताया कि मगध विश्वविधालय बोधगया में वाणिज्य विभाग में लगातार तीन टर्म डीन रहे। 10 वर्ष टीएस कॉलेज हिसुआ में प्राचार्य का पद संभाला। करीब 28 वर्ष गया कॉलेज गया व मगध विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में सेवारत रहे। अरविंद महिला कॉलेज पटना के एडवाइजरी कमिटी के मेंबर भी रहे। 17 वर्षो तक नवादा विधि महाविधालय के सचिव का भी पद संभाले। साथ ही मगध विश्व विद्यालय के सीनेट का सदस्य भी रहे। अंतिम दर्शन के लिए गया शहर के नूतन नगर स्थित आवास चिरंजीवी भवन में लोगो का आवागमन होते रहा। विष्णुपद घाट पर इनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान शव यात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य लोगो के साथ आम लोग मौजूद रहे। शोक व्यक्त करने वालो में आरपीएफ के पूर्व एडीजी सुनील कुमार सिन्हा, पूर्व सेल टैक्स अधिकारी सुरेंद्र सिंह, राजू कुमार सिंह, सीपीएस स्कूल के प्रबंध निदेशक राजकुमार कुन्नी, वरिष्ठ पत्रकार राजेश कुमार मिक्की,पूर्व रेल डीएसपी मुरारी प्रसाद, साहित्यकार सुदर्शन पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता रंजय सेनापति, रवि रंजन प्रसाद, समाजसेवी सतेंद्र कुमार यादव आदि शामिल थे।

## फतेहपुर के सलैया व पतेया में आग लगने से 500 बोझा गेंहू जलकर स्वाहा





नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया) : फतेहपुर थाना क्षेत्र के सलैयाकला और पतेया गांव में रविवार को गेहूं के बोझा में आग लग गई। इस आगजनी की घटना में 500 बोझा गेंहू जलकर नष्ट हो गया। बताया गया कि सलैयाकला गांव के किसान सुरेंद्र सिंह और पतेया गांव के किसान पूना यादव अपने खेतों में तैयार गेंहू के फसल को काटकर उसका बोझा बनाकर एक जगह जमाकर रखा था। उसे थ्रेसर से कटवाने की तैयारी में थे। इसी बीच उसमें अचानक आग लग गई। किसान परिवार व ग्रामीणों ने मीटर पंप चालू आग बुझाया। हालांकि इस आग में सुरेंद्र सिंह का 400 बोझा गेहूं और पुना यादव का 100 बोझा गेहूं जलकर राख हो गया। इसमें किसानों को करीब एक लाख रुपये का नुकसान पहुंचा है। पीड़ित किसानों ने बताया कि उसके पास अब खाने के लिए गेहूं नहीं बचा है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## भाजपा स्थापना दिवस पर पार्टी ध्वज फहराकर किया महापुरुषों के बलिदान और कार्यकताओं के परिश्रम को नमन



भागलपुर, 06 अप्रैल (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को भागलपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं पार्टी के सक्रिय नेता अर्जित शाश्वत चौबे ने अपने आवास पर भाजपा का ध्वज फहराकर राष्ट्र सेवा को समर्पित इस महान संगठन के गौरवशाली इतिहास को नमन किया।

इस अवसर पर चौबे ने भाजपा के संस्थापक महापुरुषों के बलिदान, त्याग और दूरदर्शिता को स्मरण करते हुए सभी कार्यकताओं के अथक परिश्रम और जनसेवा के प्रति समर्पण को सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है जो ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, और सबका प्रयासह्ण के संकल्प के साथ देश को विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ा रही है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की मूल विचारधारा को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को और सशक्त करें।

## राजनीतिक लाभ लेने के लिए नौटंकी करते है चिराग पासवान : प्रिंस राज



अररिया (एजेंसी) :राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस अपने भतीजा और पूर्व सांसद प्रिंस राज के साथ रविवार को अररिया पहुंचे। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पारस और प्रिंस राज ने मीडिया से बातचीत में चिराग पासवान को परिवार को तोड़ने का आरोप लगाया। पूर्व सांसद प्रिंस राज ने कहा कि 2020 के चुनाव के समय जब उनके बड़े पापा रामविलास पासवान का निधन हुआ था और उस समय श्राद्धकर्म भी नहीं हुए थे तो चिराग भैया कैमरा के सामने आकर राजनीतिक लाभ के लिए न केवल आंसू बहाये थे, बल्कि इस तरह नौटंकी किए थे कि चुनाव में उनको फायदा मिल सके। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान ने 2020 के विधानसभा चुनाव के समय कहा था कि नीतीश कुमार ने उनके पापा का अपमान किया है। लेकिन आज वे कहां है और वह अपमान कहां गया।

उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के समय तेजस्वी प्रसाद पर अपनी मां को गाली देने का आरोप लगाते हुए खुलेआम प्रचारित और प्रसारित करते रहे।2025 का विधानसभा चुनाव का समय आया तो फिर से उनकी नौटंकी शुरू हो गई है।वे गंदी राजनीति कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि उनलोगों का कोई परिवार बड़ी मां या उनलोगों को प्रताड़ित नहीं कर रही है।बल्कि खुद चिराग भैया राजनीतिक लाभ के लिए पूरे परिवार को प्रताड़ित कर रहे हैं।

उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि जब उन्हें बड़ी मम्मी की बीमारी को लेकर इतनी चिंता थी तो क्यों नहीं डॉक्टरों की टीम घर पर भेजी।आखिर क्यों नहीं बड़ी मां को ईलाज के लिए पटना लेकर गए।डॉक्टरों की टीम के बदले अपने पार्टी के जिलाध्यक्ष और मीडिया को भेजकर नौटंकी करवाए।प्रिंस राज ने कहा कि दलितों के हितैषी का ढोंग रचने वाले चिराग भैया का मुखौटा उतर चुका है।2020,2024 के बाद 2025 के चुनाव में सियासी हथकंडे अपनाने के लिए इस तरह का प्रपंच रच रहे हैं।लेकिन अब बिहार में उनका मुखौटा उतर चुका है। मौके पर पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने कहा कि चिराग की संपत्ति पर उनका कोई हस्तक्षेप नहीं है।लेकिन सियासत के लिए परिवार को बीच में न लाने की सलाह उन्होंने दी।पशुपति पारस ने कहा कि संगठन को मजबूत करने को लेकर पूरे बिहार में कार्यकताओं के साथ बैठक आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में अररिया पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी आगामी विधानसभा को लेकर पूरे बिहार के 243 सीटों पर तैयारी कर रही है। आगे किसके साथ गठबंधन होगा या अकेले चुनाव लड़ना है इसको लेकर कार्यकताओं से राय ली जाएगी।

## पृष्ठ एक का शेष...

### वक्फ संशोधन विधेयक को मिली राष्ट्रपति से....

ओवैसी और आप विधायकों का कहना है कि यह कानून मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव करता है और उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

सरकार की दलील

सरकार का कहना है कि यह संशोधन वक्फ संपत्तियों के अधिक पारदर्शी और प्रभावी प्रबंधन के लिए आवश्यक था। हालांकि, आलोचकों का आरोप है कि सरकार इस कानून के माध्यम से धार्मिक अल्पसंख्यकों के मामलों में अनुचित हस्तक्षेप कर रही है। अब सबकी नजरें सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई और संभावित देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों पर हैं।

### पीएम मोदी ने किया नया पंबन रेल ब्रिज....

मंडपम से जोड़ता है।

5 मिनट में 22 मीटर ऊपर उठने वाला पुल

यह भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज है। इसमें 99 स्पैन (18.3 मीटर प्रत्येक) और 1 मुख्य लिफ्ट स्पैन (72.5 मीटर) है। ब्रिज की संरचना में 333 पाइल, एंटी-कोरोजन तकनीक, पॉलीसिलॉक्सेन पेंट, और फाइबर रिइंफोर्स्ड प्लास्टिक का उपयोग हुआ है। यह पुल 5 मिनट में 22 मीटर ऊपर उठता है। यह पुरानी संरचना से 3 मीटर ऊंचा है जिससे बड़े समुद्री जहाज आराम से गुजर सकें। इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम पर आधारित यह पुल केवल 1 व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा सकता है, जबकि पुराने पुल को मैन्युअली 14 लोग मिलकर चलाते थे।

राजनीतिक पृष्ठभूमि और शिक्षा नीति पर टिप्पणी

पीएम मोदी ने इस मौके पर स्थानीय भाषाओं को लेकर एक संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के नेताओं को अपने पत्रों में तमिल में हस्ताक्षर करना चाहिए ताकि तमिल गौरव को बढ़ावा मिल सके। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से तमिल में डॉक्टरी की पढ़ाई शुरू करने की भी अपील की।

### संविदा शिक्षकों के मानदेय में 10%....

उन्होंने दावा किया कि कुलपति को बताया जाएगा कि जमशेदपुर में ही चल रहे महिला विश्वविद्यालय में भी इस तरह का कोई भी टैक्स संविदा शिक्षकों का नहीं हो सकता है।

### राम जन्मभूमि में रामलला का.....

देख कर आह्लादित हो रहे हैं।आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। जल पुलिस और आपदा प्रबंधन टीमों की तैनाती से सरयू नदी के आसपास सुरक्षा सुनिश्चित की गई हैं। सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन कैमरा आदि से अयोध्या की निगरानी की जा रही है। अयोध्या को सेक्टर- जोन के माध्यम से बाटा गया है, इसके अलावा,भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। इसके अलावा डायवर्जन हनुमानगढ़ी, राम जन्मभूमि, कनक भवन और वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था से श्रद्धालुओं को असुविधा से बचाया जा रहा हैं।

पुराने जाने पहचाने रास्ते से विचरण करती भगवान भास्कर की तेजोमय रश्मियां घड़ी की सभी सुइयों के इकट्ठे होते ही जैसे ही बालक श्रीराम लला के ललाट पर प्रतिष्ठित हुईं प्रभु के समक्ष उपस्थित श्रद्धालुगण प्रसन्नता से झूम उठे। गगनभेदी जयकारों ने अयोध्या समेत पूरे विश्व को गुंजायमान कर दिया। जो अयोध्या नहीं पहुंच सके उन सबने अपने स्थान पर ही श्री रामलला के महामस्तकाभिषेक का सीधा प्रसारण देखा।

श्रीराम लला के ललाट तक सूर्य देवता का आशीर्वाद पहुंचाने की व्यवस्था के लिए कल ही अंतिम ट्रायल कर लिया गया था। एक बार यह काम किया जा चुका था इसलिए अबकी बार इसमें अधिक जटिलताएं नहीं आईं। तथापि ऊपरी तलों पर निरन्तर निर्माण कार्य के चलते समस्याएं तो थीं ही। धनिया से बने प्रसाद के साथ ही इस बार फलाहारी लड्डुओं का भी प्रसाद है ।

## भाजपा कार्यकताओं व नेताओं ने मनाया पार्टी का 45वां स्थापना दिवस

फारबिसगंज/अररिया,(एजेंसी) :अररिया में भाजपा कार्यालय पर पार्टी का 45वां स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी का झंडा फहराकर किया गया। इस दौरान पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं ने जनसंघ के संस्थापकों में शामिल डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय सहित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह मौजूद रहे। इस खास मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक कुमार भगत, जिला के महामंत्री कृष्ण कुमार सेनानी, आकाश राज, जिला के मंत्री कनक लता झा, सुष्मिता ठाकुर, नीरज कुमार झा, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दिव्य मूर्ति टीपू, नागेश्वर यादव, रानीगंज नगर अध्यक्ष आलोक भारती उर्फ सुमन झा, अररिया पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय भगत, रानीगंज महामंत्री संजीत कुमार, भरत ऋषि देव, मिथिलेश ऋषि देव के अलावा सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबर

### बच्चा चोर के अफवाह का शिकार हुए एक व्यक्ति

**पुलिस ने उसे ग्रामीणों से छुड़ा कर थाना ले आई**



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**विन्दापाथर :** अफवाहों का शिकार कई लोग कई तरह से हो जाते हैं। कभी डायन का अफवाह तो कभी बच्चा चोरी का अफवाह में फंस जाते हैं। फिलहाल एक व्यक्ति नाला थाना क्षेत्र के पंजानिया गांव में एक बाहरी व्यक्ति बच्चा चोर समझकर पकड़ा गया। ग्रामीणों ने उसे मारपीट कर पुलिस को सौंप दिया।जहां से पुलिस उसे थाना लेकर आई।पुलिस यथार्थ की छानबीन में लगी हुई है। ग्रामीण द्वारा बताया जा रहा कि यह अपरिचित व्यक्ति घर घर घुसकर आधार कार्ड मांगने का बहाना करता था।

### सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की मौत, एक घायल

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**दुमका :** हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग में आडतारा पेट्रोल पम्प के समीप मोटर साइकिल सवार की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। एक घायल। मिली जानकारी के अनुसार मोटर साइकिल पर दो व्यक्ति सवार थे दुमका से हँसडीहा की ओर आ रहे थे। ऑडतारा पेट्रोल पम्प के समीप सड़क किनारे स्टोन चिप्स गिरे होने के कारण मोटर सायकिल सवार असंतुलित हो कर सड़क पर ही गिर पड़ा और मोटर सायकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति सामने से आ रहे ट्रक के नीचे चले गये। ट्रक की गति तेज होने के कारण कुचलते हुवे ट्रक घटनास्थल से फरार हो गया। दुर्घटना में घायल मोटर सायकिल चालक की पहचान डगाल पाडा दुमका निवासी चन्दन और मृतक की पहचान केशव प्रसाद दुबे के रूप की गई दोनों ही व्यक्ति दुमका से आपने पुस्तेनी मकान बौसी रामनवमी पर्व को लेकर झंडा चढ़ाने जा रहे थे। घटना की जानकारी हँसडीहा पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच घटना में घायल मृतक को कब्जे में लेकर घायल चन्दन को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी धूमधाम से मनाया गया



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**दुमका :** मसानजोड़ थाना क्षेत्र के पारसिमला,बागनल, मसानजोड़,रानीबहाल,नेडूवापहाड़ी,मूड़जोड़ा सरकारी बांध एवं ग्वालशिमला आदि ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी पर्व धूमधाम एवं शांति पूर्ण तरीके से मनाया गया।सुबह से ही मंदिरों में राम भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी थी। हिंदू युवा वाहिनी क्लब पारसिमला के द्वारा दुर्गा मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई जो पूरी गांव की परिक्रमा करते हुए पुनः मंदिर परिसर पहूचकर समापन कर दिया गया। वहीं विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मसानजोड़ थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने पुलिस अवर निरीक्षक सीडी दास को प्रति नियुक्त किया था। थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया है कि मसानजोड़ थाना क्षेत्र में रामनवमी हर्षोल्लास एवं धूमधाम से शांति पूर्ण तरीके से मनाया गया है कहीं से कोई प्रकार की समस्या नहीं है।

### रांची में जय श्री राम की गूंज से पूरा शहर हुआ राममय, अखाड़ों से निकली भव्य शोभा यात्रा



**रांची, (एजेंसी)।** राजधानी रांची रामनवमी के अवसर पर पूरी तरह राममय हो गई है। जय श्रीराम के नारों से शहर का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। महावीर मंडल के नेतृत्व में सैकड़ों रामभक्तों ने भव्य शोभायात्रा में भाग लिया। रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर हर शोभायात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। इस दौरान ह्लराम जी की निकली सवारी, देश का बच्चा-बच्चा जय श्रीराम बोलेगाह्व जैसे जयघोषों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। राजधानी के अलग-अलग इलाकों से होते हुए जुलूस निकल रहा है, जहां शोभायात्रा में शामिल राम भक्त अपने तलवार, गदा, फरसा, भाला से हैरतअंगेज करतबों से लोगों का मन मोह ले रहे हैं। शोभायात्रा में शामिल हर रामभक्त परंपरागत हथियारों से लैस हैं। राजधानी के सभी अखाड़े से निकली शोभायात्रा अल्बर्ट एक्का चौक हो कर तपोवन मंदिर जाकर लौटती है। लाल, पीला, नीला, हरा समेत रंग बिरंगे झंडे से पूरी राजधानी पट सी गयी है। तपोवन मंदिर में पहुंचकर महाबीर मंडल के सदस्य झंडे को पूजा कराकर वापस लौट रहे है। मेन रोड समेत हर प्रमुख सड़कों पर मेला सा दृश्य है। कई जगह तो बकायदा मेले जैसी दुकानें सजायी गयी हैं, जहां सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे श्रद्धालु मेले का मजा ले रहे हैं। आयोजक महाबीर मंडलों के पदधारियों का माला पहना कर स्वागत करने में जुटे हैं। सबसे उच्चे झंडे वाले महाबीर मंडल को भी सम्मानित किया जाएगा। दर्शक कतारबद्ध होकर झंडे को निहार रहे थे। प्रमुख सड़कों के किनारे सामाजिक संस्थाओं द्वारा पेयजल, चना, गुड़, शरबत देकर शोभा यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया जा रहा है। अंजुमन प्लाजा, डेली मार्केट के मुस्लिम समुदाय महाबीर मंडलों का स्वागत कर रहे हैं और श्रद्धालुओं के बीच शर्बत, चना बांट खुशियां बांट रहे हैं।

**सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजामः** रामनवमी को लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा को लेकर 12 डीएसपी के अलावा 40 इंस्पेक्टर, 300 दारोगा और 3500 जवानों को तैनात किया गया था। शहर के 20 थाना क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी की जा रही थी।

सुरक्षा की दृष्टि से 40 जगहों पर क्यूआरटी को तैनात किया गया था। क्यूआरटी के अलावा सीआरपीएफ की भी दो कंपनी को तैनात किया गया था। शहर में 400 से ज्यादा जगहों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जा रही थी। डीसी मंजूनाथ भजंत्री, डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा , सिटी एसपी राजकुमार मेहता, डीएसपी प्रकाश सोय सहित अन्य डीएसपी और थाना प्रभारी लगातार निगरानी रख रहे है।

एसएसपी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। साथ ही तैनात अधिकारियों को निर्देश भी दे रहे हैं।

# रामनवमी में तीसरी आंख से जिले के चप्पे चप्पे की हुई निगरानी

**कंपोजिट कंट्रोल रूम में दिन भर डटी रही डीसी विजया जाधव - एसपी मनोज स्वर्गियारी समेत अन्य पदाधिकारी, डीसी - एसपी ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर ससमय जुलूस को रवाना कराया**





**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुबह से ही स्वयं डीसी विजया जाधव एवं एसपी मनोज स्वर्गियारी स्वयं मोर्चा संभाले रहे। द्वय पदाधिकारियों ने सुबह से ही कंपोजिट कंट्रोल रूम का जायजा लेकर, जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे सीटीवी और उसका लाइव प्रसारण को देखा। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों से हर गतिविधि की निगरानी करने का निर्देश दिया।

डीसीझएसपी ने रविवार शाम चास एवं बीएससिटी के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर विधिझव्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही, कई स्थानों पर अखाड़ा समिति को ससमय जुलूस निकालने की अपील किया। डीसी-एसपी ने नया मोड़, माराफाड़ी के रितुडीह, सिवनडीह स्थित मिनी कंट्रोल भी पहुंचे। वहां कुछ समय बैठ प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों से कितने जुलूस निकले और कितने राम मंदिर की ओर प्रस्थान किए इसकी जानकारी ली।

फिर द्वय पदाधिकारी ने नया मोड़ होते हुए हरला थाना के बसंती मोड़, सेक्टर फोर, पत्थरकट्टा, राम मंदिर, चास धर्मशाला मोड़, चीरा - चास आदि क्षेत्रों का दौरा किया।

द्वय पदाधिकारियों ने सीसीटीवी (तीसरी आंख) के माध्यम से चास, जरीडीह, नावाडीह,चंद्रपुरा, बेरमो, पेटरवार, कसमार, गोमिया, चंदनकियारी क्षेत्रों का जायजा लिया। जिला प्रशासन ने सभी संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा इंस्टाल कराया है। जिसकी निगरानी कंपोजिट कंट्रोल रूम से नियमित की जा रही है। साथ ही कई स्थानों पर ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जा रही है।

मौके पर डीपीएलआर निदेशक मेनका,अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी,अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रामनवमी त्योहार के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** जिला में शांतिपूर्ण वातावरण में मनाई जा रही है रामनवमी। दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की सभी मुख्य स्थलों पर है उपस्थिति जिले में विधि व्यवस्था सुदृढ़, बरती जा रही एहतियायत शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में उल्लासपूर्वक मनाया जा रहा है रामनवमी का त्योहार।

## घटवाल,घटवार के प्रतिनिधि ने स्पीकर को सौंपा मांग पत्र

**जाति प्रमाण पत्र शीघ्र दिलाने की लगाई गुहार**



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**विन्दापाथर :** जामताड़ा जिला के घटवाल,घटवार समाज के बुद्धिजीवी मंच सह प्रतिनिधि सदस्यों ने झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो के निजी आवास मैझलाडीह बड़वा में भेंटकर अपना मांगपत्र सौंपा और जामताड़ा जिला में घटवाल जाति को शीघ्र जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने की पहल करने की मांग की। जिले में घटवाल जाति को जाति प्रमाण पत्र नहीं मिलने से कई तरह की सरकारी योजनाओं से लाभार्थी वंचित हो रहा हैं। इस संबंध में समाजसेवी सह घटवाल समाज के बुद्धिजीवी मंच के सदस्य, शिवलाल राय एवं बैकुंठ सिंह ने कहा कि हमलोगों ने पूर्व में भी जामताड़ा उपायुक्त को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का आवेदन पत्र दिया था। उपायुक्त ने इसके लिए कार्मिक सह राजभाषा विभाग को दिशा-निर्देश देने का आग्रह किया था।इसको लेकर अब जामताड़ा जिला उपायुक्त कार्यालय को रांची कार्मिक सह राजभाषा विभाग से दिशा निर्देश आ गया है। पर जाति प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है। नेता द्वय ने कहा कि प्रशासनिक कर्मचारी और अधिकारी ने घटवाल,घटवार जाति को -ल- और - र- अक्षरों के पचड़े में डालकर परेशान किया जा रहा है। जबकि सबको ज्ञात है कि घटवाल और घटवार एक ही है। केवल अक्षर बंगला भाषा में र के स्थान पर खतियान में ल अंकित है। उन्होंने बताया कि उसी तरह खोरठा भाषा में - ल - स्थान पर -र- अक्षर खतियान में अंकित कर दिया गया है।अब समाज इसके लिए परेशानी में पड़ गया है। इसलिए झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक रविन्द्र नाथ महतो से इस समस्या का समाधान के लिए आवेदन देकर घटवाल जाति को जाति प्रमाण पत्र दिलाने का आग्रह किया गया। प्रतिनिधि के रूप में कालकवि सह पत्रकार- धनेश्वर सिंह, समाज सेवी - बैकुंठ सिंह और समाजसेवी -शिवलाल राय आदि शामिल थे। विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो ने प्रतिनिधियों को आश्वासन देते हुए कहा कि वे कार्मिक विभाग के सचिव से बात कर इस समस्या का समाधान अतिशीघ्र करेंगे।

## मुस्लिम मंच करेगा 8 अप्रैल को जामताड़ा में ऐतिहासिक रैली और जनसभा



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड अधिनियम में किए गए संशोधन के खिलाफ देशभर में मुस्लिमों द्वारा विरोध के स्वर गूंज रहे हैं और इसी क्रम में झारखंड के जामताड़ा जिले में भी विरोध तेज हो गया है।मुस्लिम मंच की ओर से 8 अप्रैल को एक विशाल जन आक्रोश रैली एवं जनसभा का आयोजन किया जाएगा। जिसकी शुरूआत जिले के ऐतिहासिक गांधी मैदान से होगी। यह रैली मुख्य बाजार मार्ग होते हुए अनुमंडल कार्यालय तक जाएगी। जहां पर एक जनसभा आयोजित कर मंच के प्रतिनिधि राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांधी मैदान में मुस्लिम मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें मंच के प्रमुख सदस्यों इरशाद उल हक अर्शी, हाफिज नाजीर हुसैन, अलीमुद्दीन अंसारी, तनवीर आलम सहित कई अन्य समाजसेवी और बुद्धिजीवी शामिल हुए। बैठक में रैली की रूपरेखा तैयार की गई और तय किया गया कि यह रैली पूरी तरह से शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपने विरोध को दर्ज कराएगी। इरशाद उल हक अर्शी ने बैठक में कहा,वक्फ अधिनियम में किया गया संशोधन केवल मुसलमानों के अधिकारों का हनन नहीं है। बल्कि यह एक व्यापक सांस्कृतिक और धार्मिक हस्तक्षेप है।अगर संसद हमारी बात नहीं सुनेगी तो हम सड़क पर उतरकर अपने अधिकारों की रक्षा करेंगे। रैली का उद्देश्य न सिर्फ विरोध दर्ज कराना है, बल्कि समाज के विभिन्न तबकों को जागरूक करना भी है।यह संशोधन किस प्रकार उनके धार्मिक, सामाजिक और संवैधानिक अधिकारों को प्रभावित करता है। मुस्लिम मंच का कहना है कि यह केवल मुसलमानों का मामला नहीं, बल्कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। कार्यक्रम को लेकर आम जनता और विशेषकर मुस्लिम समुदाय में गहरी जागरूकता और जोश देखा जा रहा है। मंच की अपील है कि सभी धर्मनिरपेक्ष और लोकतंत्र में आस्था रखने वाले नागरिक इस रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सरकार तक एक मजबूत संदेश पहुंचाएं। 8 अप्रैल की यह रैली जामताड़ा में जनसंकल्प और अधिकारों की आवाज बनकर इतिहास रचने की दिशा में अग्रसर है। प्रशासन भी इस रैली को लेकर अलर्ट है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर रही है। यह देखना दिलचस्प होगा कि जामताड़ा की यह आवाज राज्य और केंद्र सरकार तक कितनी गूंज पाती है और क्या यह लोकतांत्रिक विरोध किसी बदलाव की दस्तक बन पाता है? मौके पर रिजवान शेख, आफताब दिलकश, मुर्तजा अंसारी, शमीम अंसारी, सादिक अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, शमशेर आलम, वसीम अंसारी, शाहिद अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## महीनों से चापानल खराब, पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**काठीकुंड :** क्षेत्र अंतर्गत पंदनपहाड़ी गांव के आदिवासी टोला में विगत कई महीनों से चापानल खराब पड़ा है। इस उमस भरी गर्मी में ग्रामीणों के सामने पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणो को हर दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण काफी दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। ज्ञात हो कि एक चापानल के भरोसे आदिवासी टोला के तकरीबन बीस घर के लोग निर्भर है। चापानल खराब हो जाने से ग्रामीण महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरकार द्वारा ग्रामीणों को पानी की समस्या का निदान हेतु तुरंत निष्पादन करना होता है।जिलास्तर पर पानी की समस्या का निदान हेतु टीम भी मौजूद है। फिर भी पूरे प्रखंड के कई गांव में पानी की काफी समस्या है,कही चापानल खराब तो कहीं मोटर खराब पड़ा है और उसका निष्पादन नहीं किया जा रहा है।अगर इस खराब पड़े चापानलों को ठीक नहीं किया गया तो आने वाले समय में गर्मी की तपिश में ग्रामीणों के सामने पीने के पानी की काफी परेशानी हो सकती है।

## स्वर्णकार संघ ने निकाला चांदी का झंडा जुलूस

**चतरा, (एजेंसी)।** शहर की सड़कों पर रविवार को रामनवमी की जुलूस और झांकी के साथ आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा है। रामनवमी में जुलूस और भव्य झांकियां निकाली गई। रामनवमी पर्व को लेकर सुबह से ही लोगों का उत्साह और उमंग चरम पर था। शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के लिए भीड़ लगी रही। सबसे अधिक भीड़ हरलाल स्थित बजरंगबली मंदिर, काली मंदिर और केसरी चौक स्थित बजरंग बली मंदिर में देखने को मिली। इसी प्रकार दूसरे अन्य मंदिरों में भी पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। जैसे जैसे धूप तल्ख होने के साथ समय बढ़ते गया, वैसे-वैसे लोगों में जुलूस और झांकी को लेकर उत्साह चरम पर पहुंचने लगा। दोपहर में जिला स्वर्णकार संघ ने चांदी का झंडा जुलूस निकाला। जुलूस में संघ के जिलाध्यक्ष, सचिव एवं समाज के प्रबुद्धजन शामिल थे। उसके कुछ देर के बाद विभिन्न क्लबों के सदस्य गाजेबाजे के साथ केसरी चौक स्थित बजरंग बली मंदिर में अस्त्र शस्त्र की पूजा अर्चना की। इसके बाद जुलूस और झांकी निकालने की तैयारियों में जुट गए। शहर में कुल 27 क्लबों द्वारा जुलूस और झांकी निकाली गई है। झांकी की प्रस्तुति देखते ही बन रही है। झांकी को देखने के लिए शहर की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ा है। पुराना पेट्रोल पंप से लेकर से लेकर अव्वल मोहल्ला काली मंदिर तक मुख्य सड़क पर भीड़ का रेला लगा रहा ।सड़क के अलावा मुख्य मार्ग के दोनों ओर घरों के छतों पर भीड़ उमड़ी है। डीजे आवाज और इस बीच लग रहे जय श्रीराम, जय हनुमान के घोष पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान दंडाधिकारी को भावभीनी विदाई दी गयी



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**दुमकाः** संप्रेक्षण गृह में विदाई समारोह आयोजित कर किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान दंडाधिकारी मो० जावेद खान को भावभीनी विदाई दी। खान ने अपने वक्तव्य में कहा कि संप्रेक्षण गृह के माहौल में तब्दीली में बाल संरक्षण से जुड़े तमाम पदाधिकारीयों एवं कर्मियों का काफी सहयोग रहा। इसके लिए वे सभी का शुक्रगुजार हैं। उन्होंने किशोरों को संबोधित करते हुए कहा कि पुरानी बातों को एक अतीत की बात समझ कर फिर से यहां रहते हुए अपने को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु अच्छी शिक्षा ग्रहण कर एक अच्छा नागरिक बने। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र ने मंच का संचालन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है इसे स्वीकार करना ही पड़ता है। बल कल्याण समिति के सदस्य डॉ राज कुमार उपाध्याय ने संबोधन में कहा कि प्रधान दंडाधिकारी सरल, मृदु एवं कर्त्तव्य के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। किशोर न्याय बोर्ड की सदस्या किरण तिवारी ने उनके स्वस्थ जीवन की मंगल कामना कीं और साथ ही उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दुमका जिला में सूझबूझ और निष्पक्षता से किशोरों का न्याय किया गया है उसी प्रकार स्थानांतरण स्थान में किशोरों को न्याय मिले। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर मंगल कामना की गई। वहीं किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं गृह के कर्मियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट एवं माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी। गई।समारोह में बाल कल्याण समिति के प्रभारी अध्यक्ष डॉ० रंजन कुमार सिन्हा, कुमारी विजय लक्ष्मी, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य धर्मेंद्र नारायण प्रसाद, सहायक फणींद्र कुमार, विकास कुमार , डीसीपीयू के विधि सह परिवीक्षा पदाधिकारी अनिल मोहन ठाकुर, संरक्षण पदाधिकारी विजय कापरी सहित संप्रेक्षण गृह के गृहपति अब्दुल गफ्फार, प्रोबेशन ऑफिसर दिव्यांशु शेखर,शिक्षक सुमित कुमार, काउन्सलर सुबोध कुमार सुमन, भंडारपाल मोहिनी हेंब्रम, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, रेलवे चाइल्ड हेल्पडेस्क एवं संप्रेक्षण गृह के समस्त पदाधिकारी व कर्मीगण मौजूद थें।

## संपादकीय

### मानव तस्करी पर अंकुश

हरियाणा विधानसभा के मौजूदा सत्र में कई महत्वपूर्ण विधायी पहल हुई हैं, जो एक लोककल्याणकारी सरकार की प्राथमिकताएं सुनिश्चित करती हैं। इसमें किसानों को नकली इनपुट से सुरक्षा कवच देना भी सराहनीय कदम रहा है। वहीं हाल ही में सुनहरे भविष्य की आकांक्षा लेकर विदेश जाने वाले युवाओं की हितरक्षा में उठाये गए कदम निश्चय ही सराहनीय हैं। हरियाणा के मौजूदा विधानसभा सत्र में हरियाणा ट्रैवल एजेंट पंजीकरण और विनियमन विधेयक, 2025 पारित किया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वक्त की सख्त जरूरत भी थी। ट्रैवल एजेंसियों के पंजीकरण को अनिवार्य करना और उल्लंघन पर सख्त दंड का प्रावधान उम्मीद जगाता है कि अब विदेश जाने वाले लोगों के साथ होने वाली धोखाधड़ी पर अंकुश लग सकेगा। इस कानून का उल्लंघन करने पर सात साल की कैद और पांच लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। निश्चित रूप से सरकार ने अपने नागरिकों को धोखे और मानव तस्करी से बचाने के लिये एक आवश्यक कदम उठाया है। लगातार होने वाले आव्रजन घोटालों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के मद्देनजर, इस कानून की लंबे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। लेकिन जहां सख्त कानून का सही ढंग से क्रियान्वयन इस दिशा में सफलता सुनिश्चित करेगा, वहीं इसके लिये जन जागरूकता अभियान चलाने की भी जरूरत है। साथ ही प्रभावी प्रवर्तन के साथ ही यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि लोग अनधिकृत एजेंटों के चक्रव्यूह में न फंसें। वास्तव में यह विधेयक एक महत्वपूर्ण कदम तो है, लेकिन इसे बेरोजगारी को दूर करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा भी होना चाहिए। यदि हम राज्य के युवाओं के लिये अपने देश में बेहतर रोजगार के अवसर पैदा कर सकें तो युवाओं को फिर अपने सपने पूरे करने के लिये विदेश जाने की जरूरत ही नहीं होगी। निस्संदेह, कोई भी व्यक्ति अपना घर-परिवार, अपना धार्मिक-सांस्कृतिक परिवेश छोड़कर परदेश नहीं जाना चाहता। लेकिन जब आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार के अवसर नहीं मिलते तो ही वह मजबूरी में विदेश जाने की लालसा रखता है। यह एक निर्विवाद सत्य है कि बेहतर रोजगार की स्थितियां हमारे शैक्षिक वातावरण पर भी निर्भर करती हैं। यदि हम परंपरागत शिक्षा से इतर रोजगार व कौशल विकास की शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं तो स्थिति बदल सकती है। इसके लिये जरूरी है कि राज्य में रोजगारपरक शिक्षा के अनुकूल वातावरण बनाया जाए। इस दिशा में गंभीर प्रयासों की सख्त जरूरत है। उम्मीद की जा रही थी कि विधानसभा सत्र में राज्य में सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिये उत्साहजनक पहल की जाएगी। इस मुद्दे को प्राथमिकताओं में शामिल करके इस बार गंभीर बहस होगी। दरअसल, हाल के दिनों में कई स्कूलों के भवनों की स्थिति व सुरक्षा आदि को लेकर अभिभावक चिंता जताते रहे हैं। हर अभिभावक चाहता है कि सरकारी स्कूलों में बेहतर साफ-सफाई, शौचालयों और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहें। दरअसल, देखने में आया है कि कई ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में छात्रों की संख्या जितनी अधिकता में है, उस अनुपात में शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि, विपक्ष ने इस मुद्दे पर सरकार का ध्यान तो खींचा, लेकिन अन्य राजनीतिक मुद्दों में उलझाव के चलते शिक्षा के मुद्दे पर वैसे गंभीर बहस नहीं हो पायी , जैसी अपेक्षित थी। वैसे सरकार की तरफ से इस बाबत प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बजट आवंटन और भविष्य में सुधार का आश्वासन तो दिया गया, लेकिन इन वायदों का हकीकत में बदलना भी उतना ही जरूरी है। ये नौकरशाही का भी दायित्व बनता है कि छात्र सुरक्षित परिस्थितियों में अध्यापन करें। निस्संदेह, नौकरशाही की अक्षमताएं प्रगति के मार्ग में बाधा बनती हैं। जरूरत इस बात की भी है कि हमारी शिक्षा वक्त की जरूरतों के साथ जुड़ी हो। ताकि छात्र विदेशों में रोजगार तलाशने की बजाय अपने रोजगार खुद सृजित कर सकें। यह तभी संभव है जब हमारी शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन होगा। शिक्षा व्यवस्था छात्र छात्राओं की मौलिक प्रतिभा का न केवल विकास करे, बल्कि उसका संवर्धन भी करे। भारत युवाओं का देश है। युवाओं की क्षमताओं व योग्यता का न्यायसंगत उपयोग होना चाहिए।

## (चिंतन-मनन)

### विचारों की तरंगें

राजा की सवारी निकल रही थी। सर्वत्र जय-जयकार हो रही थी। सवारी बाजार के मध्य से गुजर रही थी। राजा की दृष्टि एक व्यापारी पर पड़ी। वह चन्दन का व्यापार करता था। राजा ने व्यापारी को देखा। मन में घृणा और ग्लानि उभर आई। उसने मन ही मन सोचा, यह व्यापारी बुरा है। इसे मृत्युदंड दे देना चाहिए। नगर-परिभ्रमण कर राजा महल में पहुंचा। मंत्री को बुलाकर कहा, मंत्रीवर! न जाने क्यों उस व्यापारी को देखकर मेरा मन उद्विग्न हो गया और मन में आया कि उसको मार डाला जाए। मंत्री ने कहा, राजन्! मैं सारी व्यवस्था करता हूं। मंत्री व्यापारी के पास गया। औपचारिक बातें हुई। व्यापारी ने कहा, मंत्रीजी! चन्दन का भाव प्रतिदिन कम होता जा रहा है। मेरे पास चन्दन का बहुत संग्रह है। लाखों रूपयों का घाटा हो रहा है। मन चिन्ता से भरा है। राजा के सिवाय चन्दन को कौन खरीदे? राजा भी क्यों खरीदेगा? यह तो मरणवेला में प्रचुर मात्रा में काम आती है। मैं घाटे से दबा जा रहा हूं।

सच कहूं, आज जब राजा की सवारी निकल रही थी, तब राजा को देखकर मेरे मन में आया कि यदि आज राजा की मृत्यु हो जाए तो मेरा सारा चन्दन बिक जाए, अच्छे मूल्य में बिक जाए। मंत्री ने सुना। राजा के उदास होने और व्यापारी को मृत्युदंड देने की भावना के जागने का रहस्य समझ में आ गया। विचार संप्रमणशील होते हैं।

# रोजाना बड़ी मात्रा में स्लो पॉइजन का सेवन

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

आज के आधुनिक युग में मनुष्य ने जितनी तरक्की की है, उतना ही स्वास्थ्य से खिलवाड़ भी हुआ है और वक्त के साथ यह लगातार बढ़ रहा है, जिसका कारण मनुष्य स्वयं हैं। हृदय रोग, मस्तिष्क आघात, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां तेजी से बढ़ रही है, साथ ही मधुमेह, रक्तचाप, मोटापा, कमजोरी, आहार में पोषक तत्वों की कमी की समस्या तो चरम पर है, इस वजह से असमय मौत का आंकड़ा दिन-ब-दिन बढ़ रहा है, कुछ पल पहले एकदम स्वस्थ नजर आनेवाला व्यक्ति, बड़ों से लेकर छोटे-छोटे बच्चे भी खेलते या व्यायाम करते हुए या बैठे-बैठे भी गश खाकर गिरते है और पता चलता है कि मौत हो गयी। एक दशक पहले जो जानलेवा बीमारियां हमें केवल कभी-कभार ही सुनने मिलती थी, अब वो बीमारियां रिश्ते-नातेदारों, आस-पड़ोसियों और हमारे घर-परिवार के लोगों तक पहुंच चुकी हैं। मनुष्य का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहद कमजोर हुआ है, मौसम के करवट लेते ही बीमारियां तुरंत जकड़ लेती हैं। हमारे देश में औसत आयु दर पाश्चात्य देशों की तुलना में लगातार गिर रही हैं। विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2024 में 143 देशों में से भारत को 126वां स्थान दिया गया। भारत खुशी के मामले में पाकिस्तान, लीबिया, इराक, फिलिस्तीन और नाइजर जैसे देशों से भी पीछे हैं। कभी इस समस्या पर गंभीरता से विचार किया है कि बीमारियां तेजी से क्यों बढ़ रही है? क्या वजह हो सकती है? स्वस्थ जीवन जीने के लिए क्या हमें रोज शुद्ध ऑक्सीजन, स्वच्छ पानी और पोषक आहार पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है?

प्रदूषण और अस्वच्छता हमारी सांसे छीन रही हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक 2024 आंकड़ों के अनुसार, विश्व के उच्चतम पांच सबसे ज्यादा प्रदूषित देशों में भारत देश हैं। भारत का लगभग 70 प्रतिशत जल प्रदूषित है, तथा देश की लगभग आधी नदियाँ पीने या सिंचाई के लिए असुरक्षित है, इस कारण 2024 के वैश्विक जल गुणवत्ता सूचकांक में 122 देशों में से भारत 120वें स्थान पर हैं। 2023 में बीएमजे में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि भारत में हर साल 2.18 मिलियन मौतें बाहरी वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। लैंसेट 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि भारत में 500,000 से अधिक मौतें जल प्रदूषण के कारण हुईं। बड़े पैमाने पर देश में हजारों करोड़ रुपयों का नकली दवाइयों का कारोबार चलता है, बड़े-बड़े सरकारी अस्पतालों में तक नकली दवाइयाँ मरीजों को बांटी जाती हैं। एशिया के बड़े अस्पतालों में शामिल महाराष्ट्र राज्य के नागपुर में स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में यह घटना हाल ही में उजागर हुयी। अन्न उगाने से लेकर हमारे थाली में परोसने तक उसे अनेक हानिकारक रासायनिक प्रक्रियाओं से गुजारा जाता हैं। देश में अशुद्ध खान-पान और अस्वच्छता की समस्या बहुत ही ज्यादा है, लोग स्वार्थ और लालच में इतने अंधे हो चुके है, कि अपने एक रुपये के फायदे के लिए भी लोगों को जहर खिलाने तैयार हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के कोल्हापुर शहर से खबर आई कि शवों पर इस्तेमाल की गई बर्फ का उपयोग बाजार में मिलने वाले शीत पेय में किया जा रहा था। आश्चर्यजनक है, कि देश में उत्पादन से ज्यादा दूध और दुग्धजन्य खाद्यपदार्थ बेचे जाते है, देश के 68.7 प्रतिशत दूध और दूध उत्पादों में प्रदूषक पाए गए है। तेल, घी, शक़्कर, नमकीन, मैदेयुक्त खाद्यपदार्थों की मांग अत्याधिक होती है, जबकि यह सेहत पर बेहद बुरा असर करते हैं। शहद, मसाला, चाय पत्ती, तेल, दूध, मिठाइयां, घी, केसर जैसे खाद्यपदार्थों में मिलावट बहुत ज्यादा हैं। बाहरी खाद्य पदार्थों के रंग बहुत ज्यादा तेज और आकर्षित नजर आते है, अधिकांश खाद्य पदार्थों को रंगने के लिए प्राकृतिक रंगों के स्थान पर हानिकारक कृत्रिम रंगों का उपयोग किया जाता है, खाद्य पदार्थों में इस्तेमाल होने वाला बाहरी बर्फ, पानी, चटनियां, सॉसेज, खाद्यतेल गुणवत्ता की कसौटी पर अधिकतम खरी नहीं उतरतीं। देश के अधिकतर स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खाद्य सामग्रियों में बिना दस्तानों के सीधे हाथ लगाने की बहुत बुरी आदत नजर आती है, इसका खामियाजा ग्राहकों के स्वास्थ्य को भुगतना पड़ता हैं। जो पशुओं के लिए भी ठीक नहीं, वह खाद्य अर्थात घातक कचरा मनुष्य स्वाद लेकर खा रहा हैं। देश में ज्यादातर खाद्य पदार्थों को पैक करने और लपेटने में अखबारों का इस्तेमाल किया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। एफएसएसएआई के अनुसार, खाद्य पैकेजिंग सामग्री के रूप में शोषक कागज के बजाय समाचार पत्रों के व्यापक उपयोग के कारण भारतीयों में धीरे-धीरे विषाक्तता फैल रही हैं। मैदा रासायनिक रूप से प्रक्षालित (जहरीला) होता है, इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स उच्च होता है जिससे टाइप 2 डायबिटीज हो सकता है, इसमें फाइबर की कमी के कारण यह पाचन तंत्र में बाधा डालता है। खाद्य तेल का व्यापक स्तर पर पुनर्चक्रण कर जंक फूड तैयार किया जाता है, तेल को बार-बार गर्म करने से लिपिड का ऑक्सीडेटिव विघटन होता हैं। दोबारा गर्म किए गए तेल से बने भोजन का लंबे समय तक सेवन करने से व्यक्ति के एंटीऑक्सीडेंट रक्षा नेटवर्क पर गंभीर असर पड़ सकता है, जिससे उच्च रक्तचाप, मधुमेह और संवहनी सूजन जैसी विकृतियां पैदा हो सकती है, आगे चलकर यह जानलेवा बीमारियों का कारण बनते हैं। जंक फूड या बाहरी फूड से उच्च कोलेस्ट्रॉल, हृदय रोग, मधुमेह, गुर्दे की क्षति, मोटापा, यकृत रोग, कैंसर, दंत क्षति, अवसाद, पेट संबंधी विकार, त्वचा संबंधी रोग जैसी समस्याओं की संभावना बढ़ती हैं। पैक्ड फूड, पेय के कारण हम माइक्रोप्लास्टिक का सेवन कर रहे हैं। भारत में 56 प्रतिशत बीमारियाँ अस्वास्थ्यकर आहार से संबंधित हैं। आयुर्वेद कहता है कि, यदि आहार सही नहीं है तो स्वास्थ्य सुधारने के लिए दवा भी काम नहीं करती। स्ट्रीट फूड शेफ या खाद्यपदार्थ विक्रेता सरकारी निदेशों का कड़ाई से पालन करें। अपने हाथ स्वच्छ धोएं, स्वच्छ बर्तन व उपकरण का प्रयोग करें, दुकान पर स्वच्छता बनाए रखें, कच्चे और पके भोजन को अलग रखें, खाद्यपदार्थ तैयार करने के लिए पीने के पानी का उपयोग करें। धुले हुए साफ कपड़े पहनें, खाद्यपदार्थ बनाते और परोसते समय दस्ताने और एप्रन पहनें। काम करते समय अपना चेहरा, बाल ढकें और अपने चेहरे, सिर, बालों को या शरीर में अन्य कही भी छूने या खरोंचने से बचें। नाखून कटे हुए और साफ रखें। खाद्य पदार्थों को सुरक्षित तापमान पर रखें, बेहतर व अच्छे गुणवत्ता के कच्चे माल का चयन करें, स्थानीय सरकारी नियमों के अनुसार कचरे का योग्य निपटान करें। तलने के लिए एक ही तेल का पुनर्चक्रण न करें, खाद्यपदार्थों को ढककर रखें, बांसी खाद्यपदार्थों की बिक्री न करें। इन नियमों का पालन सख्ती से होना चाहिए। भले ही स्वच्छता और गुणवत्ता के लिए थोड़ा पैसा ज्यादा खर्चना पड़े, लेकिन सेहत से खिलवाड़ न हों। हमें मरने के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं है, हमारा आसपास का वातावरण और हमारी जीवनशैली ही है जो हमें असामयिक मृत्यु की ओर तेजी से ले जाती है। देश में बहुत से वायरल फूड वीडियो, खबरों से भी खाद्य पदार्थों में गंदगी, घटिया गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री, घातक रासायनिक प्रक्रिया, विषैले रंग और मिलावटखोरी की जानकारी मिलती हैं। बंद कमरों में तैयार होने वाले बहुत से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर संदेह निर्माण होता है, फिर भी सड़कों पर, रेल्वे, बस अड्डों और सार्वजानिक स्थानों पर वह खाद्यपदार्थ धड़ल्ले से बिकते हैं। देश में बड़ी मात्रा में मिलावटखोरी के साथ ही नकली कंपनी के खाद्य व पेय पदार्थ भी खूब बिकते हैं। अपनी और अपनों की सेहत की जिम्मेदारी हमारी स्वयं की है, जबान के स्वाद के लालच में अपने अमूल्य स्वास्थ्य को दांव पर न लगायें। घर के खाने को प्राथमिकता दें, रोजाना व्यायाम, पर्याप्त नींद, स्वच्छता और पौष्टिक आहार का ध्यान रखें। गर्म पेय-खाद्य हेतु प्लास्टिक और मुद्रित रद्दी पेपर का प्रयोग बिलकुल न हों। बासी खाना, तली, मसालेदार, मीठी, मैदायुक्त, कृत्रिम रंगयुक्त, पैक्ड फूड, रासायनिक प्रक्रिया से गुजरने वाले खाद्यपदार्थों से दूरी बनायें। सफर में या बाहर जाते वक्त जरूरत हो तो घर से ही पीने का पानी और भोजन साथ लेकर चलें। स्वास्थ्य ही संपत्ति है, सेहत संभाले, निरोगी जीवन जियें।

# विनाश की नींव कोसी-मेची नदी जोड़ो परियोजना

**-कुमार कृष्णन-**

केंद्र सरकार की कोसी-मेची नदी जोड़ो परियोजना का विरोध आरंभ हो गया है। विरोध इसलिए हो रहा है कि इसके दुषपरिणाम का व्यापक असर होगा। कोशी नदी, जिसे बिहार का शोकह्म कहा जाता है। यह समुद्र तल से 7, 000 मीटर की ऊंचाई पर हिमालय में माउंट एवरेस्ट और कंचनजंगा के जलग्रहण क्षेत्र से निकलता है। चीन, नेपाल और भारत से होकर बहने वाली यह नदी हनुमान नगर के पास भारत में प्रवेश करती है और बिहार के कटिहार जिले में कुरसेला के पास गंगा में मिल जाती है। मेची महानंदा की एक सहायक नदी है और क्षेत्र में बाढ़ को कम करने के लिए इसे कोसी से जोड़ने की योजना है।

नदी घाटी मंच व जन आंदोलनो का राष्ट्रीय समन्वय ने कहा है कि इस योजना के वहाने विनाश की नींव रखी जा रही है। विरोध इसलिए कि कोसी के लोगों को कुछ और सीमांचल के लोगों को कुछ बताया जा रहा है। इसका खुलासा करते हुए विधायक अख्तरूल ईमान राज्य और केन्द्र दोनों सरकारों को कटघरे में खड़ा करते हुए अल्टीमेटम दिया है कि जब तक पूरी परियोजना को नहीं समझाया जाएगा, तब तक जमीन पर काम नहीं होने देंगे। सरकार कोशी और सीमांचल दोनों क्षेत्र के लोगों से धोखाधड़ी कर रही है।

वर्ष 2015-16 के दौरान प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य खेतों तक पानी की पहुंच बढ़ाना और सुनिश्चित सिंचाई के तहत कृषि योग्य क्षेत्र का विस्तार करना, खेतों में जल उपयोग दक्षता में सुधार करना, स्थायी जल संरक्षण पद्धतियों को लागू करना आदि है। केंद्र सरकार ने 2021-26 के दौरान 93, 068.56 करोड़ रुपये (37, 454 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता) के समग्र परिव्यय के साथ पीएमकेएसवाई के कार्यान्वयन को स्वी( कृति दी है। पीएमकेएसवाई का त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) घटक प्रमुख और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से सिंचाई क्षमता का निर्माण करना है। पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के अंतर्गत अब तक 63 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और अप्रैल, 2016 से 26.11 लाख हेक्टेयर की अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजित की गई है। 2012-22 से पीएमकेएसवाई 2.0 के एआईबीपी घटक के बाद नौ परियोजनाओं को शामिल किया गया है।

कोसी मेची अंतर-राज्यीय लिंक परियोजना इस सूची में शामिल दसवीं परियोजना है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने बिहार की कोसी मेची अंतर-राज्यीय लिंक परियोजना को जल शक्ति मंत्रालय की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना/त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (पीएमकेएसवाई-एआईबीपी) के अंतर्गत शामिल करने को मंजूरी दे दी है।

सीसीईए ने 6, 282.32 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना को मार्च, 2029 तक पूरा करने के लिए बिहार को 3, 652.56 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता को भी स्वीदकृति दी है। कोसी मेची अंतर-राज्यीय संपर्क परियोजना में मौजूदा पूर्वी कोसी मुख्य नहर (ईकेएमसी) के पुनर्निर्माण के माध्यम से बिहार में स्थित महानंदा बेसिन में सिंचाई के विस्तार के लिए कोसी नदी के अधिशेष जल के एक हिस्से को मोड़ने और ईकेएमसी को आरडी 41.30 किमी पर इसके अंतिम छोर से आगे आरडी 117.50 किमी पर मेची नदी तक विस्तारित करने की परिकल्पना की गई है, ताकि बिहार से होकर बहने वाली कोसी और मेची नदियों को बिहार के भीतर एक साथ जोड़ा जा सके। दावा किया गया है कि लिंक परियोजना से बिहार के अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार जिलों में खरीफ मौसम में 2, 10, 516 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त वार्षिक सिंचाई उपलब्ध होगी। इस परियोजना में प्रस्तावित लिंक नहर के माध्यम से कोसी के लगभग 2, 050 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिशेष जल को मोड़ने/उपयोग करने की क्षमता है। इसके अलावा, मौजूदा ईकेएमसी के पुनर्निर्माण के बाद, मौजूदा पूर्वी कोसी मुख्य नहर के 1.57 लाख हेक्टेयर मौजूदा कमांड में आपूर्ति की कमी दूर हो जाएगी। इस परिप्रेक्ष्य में

नदी घाटी मंच व जन आंदोलनो का राष्ट्रीय समन्वय की के और से मेधा पाटकर, प्रफुल्ल समांतरा, राज कुमार सिन्हा, सी. आर. नीलकंडन, डॉ. सुनीलम, सौम्य दत्ता, हिमांशु ठक्कर, अरुंधती धुरु, सुनीति सुर, संजय मंगलगोपाल, आशीष रंजन, महेंद्र यादव, मीरा संघमित्रा व और इंद्र नारायण सिंह, आलोक राय, राजेश मंडल व प्रियंका का कहना है कि पिछले वर्ष जब वित्त मंत्री ने इस परियोजना के लिए राशि आवंटित करने की घोषणा की थी, तब कोशी नवनिर्माण मंच ने नेशनल वाटर डेवलपेंट एजेंसी के वेबसाइट पर उपलब्ध इस परियोजना के विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट और क्षेत्र अध्ययन के आधार पर इसके दावे और हकीकत को खुलासा करते हुए इसपर सरकार से स्पष्टीकरण और श्वेत पत्र जारी करने की मांग की थी जिसपर कोई उत्तर नहीं आज तक नहीं आया है। इन लोगों का कहना है कोशी बाढ़ खत्म करने का खोखला दावा है।




**हमे नई परिस्थितियों में नई सोच के सात काम करना चाहिए।**
**- अब्राहम लिंकन**
**भाग्य के विपरीत होने पर अच्छा कर्म भी दु:खदायी हो जाता है।**
**- चाणक्य**

# टैरिफ और वैश्विक व्यापार में परिवर्तन

**-प्रियंका सौरभ-**

कल्पना कीजिए कि दुनिया में हर चीज पर टैक्स लग जाए–आपका स्मार्टफोन, आपकी जींस, आपकी सुबह की कॉफी, और यहां तक कि आपके जूते भी। और नहीं, यह कोई डायस्टोपियन साइंस फिक्शन फिल्म नहीं है, बल्कि हमारी मौजूदा व्यापार नीति की वास्तविकता है! टैरिफ, यानी व्यापार शुल्क, कभी सरकारों के लिए आर्थिक संतुलन का साधन हुआ करता था, लेकिन अब यह बड़े देशों के बीच शक्ति प्रदर्शन का अखाड़ा बन चुका है। टैरिफ, यानी व्यापार शुल्क, वैश्विक व्यापार को सीधे प्रभावित करते हैं। जब किसी देश द्वारा आयातित वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाया जाता है, तो इससे उस देश के व्यापारिक संबंधों, उद्योगों और उपभोक्ताओं पर प्रभाव पड़ता है। हाल के वर्षों में अमेरिका और अन्य देशों के बीच टैरिफ विवादों ने वैश्विक व्यापार को अस्थिर कर दिया है। टैरिफ व्यापार नीति का एक महत्वपूर्ण साधन है जिसका उपयोग देश अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा, घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहित करने और राजस्व बढ़ाने के लिए करते हैं। हाल के वर्षों में, विशेष रूप से ट्रम्प प्रशासन के दौरान, टैरिफ युद्धों ने वैश्विक व्यापार को अस्थिर कर दिया।

टैरिफ किसी देश द्वारा आयातित वस्तुओं पर लगाया जाने वाला शुल्क होता है। इसका मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हो सकते हैं; उच्च टैरिफ लगाकर सरकारें घरेलू उत्पादकों को सस्ते आयात से बचाती हैं। टैरिफ से सरकार को कर के रूप में आय प्राप्त होती है। आयात को नियंत्रित करने के लिए टैरिफ का उपयोग किया जाता है, ताकि व्यापार घाटा कम किया जा सके। ट्रम्प प्रशासन के दौरान अमेरिका ने चीन, यूरोप, भारत और अन्य देशों पर व्यापार शुल्क बढ़ाए। इस नीति का उद्देश्य अमेरिकी उद्योगों को बढ़ावा देना और व्यापार घाटे को कम करना था। हालांकि, इस नीति से कई देशों में अस्थिरता उत्पन्न हुई और अंतरराष्ट्रीय व्यापार संतुलन बिगड़ गया। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव 2018 से शुरू हुआ, जब अमेरिका ने चीन से आयातित विभिन्न उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाए। इसके जवाब में, चीन ने भी अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ बढ़ा दिए। इस व्यापार युद्ध से वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ। अमेरिकी कृषि उत्पादकों को भारी नुकसान हुआ क्योंकि चीन ने अमेरिकी सोयाबीन और अन्य कृषि उत्पादों का आयात कम कर दिया। इलेक्ट्रॉनिक्स और टेक्नोलॉजी उद्योग प्रभावित हुए,




क्योंकि चीन से आयातित कंपोनेंट्स पर शुल्क बढ़ने से उत्पादन लागत बढ़ गई। निवेशकों का विश्वास डगमगाया, जिससे वैश्विक शेयर बाजारों में अस्थिरता बढ़ी। अमेरिका द्वारा यूरोपियन यूनियन (ईयू) और अन्य सहयोगी देशों पर टैरिफ बढ़ाने से भी वैश्विक व्यापार असंतुलित हुआ। यूरोप ने अमेरिकी स्टील और एल्युमिनियम पर जवाबी शुल्क लगाए, जिससे यूरोप-अमेरिका व्यापार संबंधों में तनाव बढ़ा।

**भारत पर प्रभाव**

अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाने से भारतीय निर्यातकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। प्रमुख रूप से स्टील, एल्युमिनियम, कृषि उत्पाद और टेक्सटाइल उद्योग प्रभावित हुए। इसके जवाब में, भारत ने भी कुछ अमेरिकी उत्पादों जैसे बादाम, अखरोट और दालों पर टैरिफ बढ़ा दिए। टेक्सटाइल और गारमेंट उद्योगः अमेरिका भारतीय वस्त्रों और परिधान का बड़ा आयातक है। टैरिफ बढ़ने से भारतीय उत्पाद महंगे हो गए, जिससे प्रतिस्पर्धा में कमी आई। आईटी और सेवा क्षेत्रः अमेरिका में वीजा नीतियों में बदलाव और टैरिफ बढ़ने से भारतीय आईटी कंपनियों को नुकसान हुआ। कृषि उत्पाद, जैसे कि मसाले, चाय और दालें, अमेरिकी टैरिफ नीतियों से प्रभावित हुए।

**विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) की भूमिका**

इस टैरिफ युद्ध ने विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) में नीतिगत बहस को जन्म दिया। कई देशों ने अमेरिका की टैरिफ नीतियों को डब्लूटीओ के नियमों का उल्लंघन बताया और शिकायत दर्ज करवाई। अमेरिका और चीन के बीच विवाद निपटाने की चुनौती।

व्यापार नीतियों में पारदर्शिता की कमी। सदस्य देशों के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता। डब्लूटीओ की भूमिका इस विवाद के समाधान में महत्वपूर्ण रही, लेकिन बड़े अर्थतंत्रों के बीच तनाव के कारण इस संगठन की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठे।

**वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर प्रभाव**

टैरिफ बढ़ने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला भी प्रभावित हुई। कई कंपनियों को अपने उत्पादन केंद्रों को स्थानांतरित करने पर विचार करना पड़ा, जिससे नए व्यापारिक गठजोड़ बने। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध के कारण कई कंपनियों ने अपने मैन्युफैक्चरिंग हब को वियतनाम, भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में स्थानांतरित करना शुरू किया। कंपनियों ने अपने आपूर्ति स्त्रोतों को विविध किया ताकि एक ही देश पर निर्भरता कम हो। भारत और अन्य देशों ने विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए नई नीतियाँ लागू कीं।

**दीर्घकालिक प्रभाव और भविष्य की संभावनाएँ**

टैरिफ विवादों से सीख लेते हुए, कई देश अब अपनी व्यापार नीतियों को अधिक संतुलित और बहुपक्षीय सहयोग की ओर बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

एशिया, यूरोप और अमेरिका के बीच नए व्यापार समझौतों पर जोर दिया जा रहा है। ई-कॉमर्स और डिजिटल सेवाओं पर टैरिफ कम करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए टैरिफ नीतियों में सुधार किया जा रहा है। टैरिफ नीति वैश्विक व्यापार को सीधे प्रभावित करती है। अमेरिका और अन्य देशों के बीच बढ़ते टैरिफ विवादों ने न केवल व्यापारिक संबंधों को प्रभावित किया, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला, उद्योगों और उपभोक्ताओं पर भी प्रभाव डाला। भविष्य में, व्यापारिक विवादों के समाधान और स्थिर वैश्विक व्यापारिक संबंधों के लिए बहुपक्षीय सहयोग और नीति समन्वय आवश्यक होंगे।

7_Page 3.qxd 4/6/2025 6:07 PM Page 1





# हाई ब्लड शुगर होने पर शरीर के इन अंगों पर पड़ सकता है बुरा असर

डायबिटीज के मामलों में तेजी देखी जा रही है। भारत में डायबिटीज के आंकड़े चिंताजनक है। जी हां, करीब 7.7 करोड़ लोग इस बीमारी की चपेट में है। वहीं अनुमान जताया जा रहा है कि साल 2045 तक यह संख्या बढ़कर 13.4करोड़ तक पहुंच जाएगी। अचानक से शरीर में ब्लड के रक्तस्त्राव के बढ़ जाने को हाइपरग्लेसेमिया कहा जाता है। इससे शरीर के कई अंगों को क्षति पहुंचती है।

## आंखों की समस्या

डायबिटीज होने के बाद एक अच्छी लाइफस्टाइल से ही अच्छे से लॉन्ग लाइफ जी सकते हैं। ब्लड शुगर असामान्य रूप से बढ़ने से आंखों पर प्रभाव पड़ता है। इससे धुंधलापन होना, मोतियाबिंद होना, ग्लूकोमा जैसी समस्या घेरने लगती है। इसके लिए पौष्टिक आहार बहुत जरूरी है।

## घाव के ठीक होने में वक्त लगना

दरअसल, हाइपरग्लेसेमिया की वजह से घाव ठीक होने में वक्त लगता है। कई बार महीने भी लग जाते हैं। इतना ही नहीं घाव अगर ठीक नहीं होता है तो कई बार इंफेक्शन नहीं फैले इसलिए अंग को ही निकालना पड़ता है। जिसका कारण होता है रोग प्रतिरोधक क्षमता का कम होना।

## संक्रमण का खतरा

रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण संक्रमण का खतरा अधिक होता है। डायबिटीज मरीज को यूरिन के संक्रमण का खतरा बहुत अधिक होता है। इसका प्रभाव किडनी पर भी पड़ता है।

## पैरों की समस्या

मधुमेह होने के कारण पैर अधिक दर्द करते हैं। कई बार असहनीय दर्द रहता है। पैरों में घाव हो जाना, उंगलियों का कालापन होना।
शुगर कंट्रोल नहीं होने पर पूरे पैर में भी समस्या हो सकती है। इसलिए बेहतर है मीठा जरा भी नहीं खाएं और शुगर फ्री चीजों का ही सेवन करें।



# आहार में शामिल करें ये नॉन डेयरी कैल्शियम रिच फूड नहीं होगी कैल्शियम की कमी

शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए दूध और दूध से बने उत्पादों का सेवन बहुत जरूरी होता है। लेकिन यदि आपको दूध पीना पसंद नहीं है या आपको दूध से एलर्जी है तब आप क्या करेंगी? नहीं आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। प्रकृति ने हमें ऐसे बहुत से खाद्य पदार्थ दिए हैं, जिनमें उच्च मात्रा में कैल्शियम होता है। इसलिए आज बात करते हैं उन फूड्स की जो दूध के बिना भी आपके शरीर में कैल्शियम की कमी नहीं होने देंगे।

## क्यों जरूरी है कैल्शियम

हमारे शरीर में हड्डियों के विकास के लिए कैल्शियम बेहद आवश्यक है। यह हड्डियों के साथ ही मांसपेशियों, कोशिकाओं और हृदय व नसों के सुचारू रूप से काम करने के लिए भी बहुत जरूरी है। हमारे शरीर में कैल्शियम की मात्रा सबसे अधिक पायी जाती है। इनमें से लगभग 98% हिस्सा हमारे दांतो और हमारे शरीर की हड्डियों में प्रयोग होता है। जबकि इसका 1% रक्त और मांसपेशियों में प्रयोग होता है। इसलिए कैल्शियम सभी के लिए आवश्यक है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक कैल्शियम की जरूरत होती है। इसी वजह से कैल्शियम की आपूर्ति के लिए दूध और दूध से बने पदार्थों का सेवन किया जाता है। मगर यदि आपको दूध से एलर्जी है या आपको दूध पीना पसंद नहीं है, तो आपको नॉन डेयरी प्रोडक्ट से यह जरूरत पूरी करनी होगी।

## हरी सब्जियां

गहरे रंग वाली सब्जियां जैसे बथुआ, पालक, चौलाई, मेथी आदि में आयरन और फोलेट के साथ-साथ कैल्शियम की भी अच्छी मात्रा होती है। आप इन्हें अपनी डाइट में शामिल कर कैल्शियम की प्राप्ति कर सकती हैं।

## बादाम और अंजीर

बादाम को पावर बैंक कहा जाता है, क्योंकि इसमें सभी आवश्यक आयरन और विटामिन होते हैं। यह कैल्शियम में भी काफी समृद्ध होता है। इसी के साथ-साथ अंजीर में भी आयरन और कैल्शियम की समृद्ध मात्रा होती है। नाश्ते, लंच या हल्की स्नैकिंग के रूप में आप बादाम और अंजीर का एक साथ सेवन कर सकती हैं।

## डाइट में शामिल करें सोया

यदि आप अपनी डाइट में सोया या उससे बने फूड्स जैसे टोफू का प्रयोग करती हैं तो आपको लगभग 220 मिलीग्राम से 250 मिलीग्राम कैल्शियम की आपूर्ति होती है। जो आपकी दैनिक जरूरत के बराबर है।

## भुने हुए तिल

यदि आप कैल्शियम रिच नॉन डेरी प्रोडक्ट की तलाश में हैं, तो भुने हुए तिल आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प है। एक्सपर्ट के मुताबिक लगभग 25 ग्राम तिल आपको 270 मिलीग्राम कैल्शियम, दैनिक जरूरत के बराबर आपूर्ति करता है।

## मछली भी है कैल्शियम रिच

सार्डिन या साल्मन यह दो बेहतरीन मछलियां हैं। जिनसे दैनिक जरूरत की कैल्शियम की आपूर्ति होती है। यह दोनों ही कैल्शियम, ओमेगा 3 फैटी एसिड और प्रोटीन के बेहतरीन स्रोत हैं। आपको इनको बस जरूरत के मुताबिक ही खाना है। यानी कि हफ्ते में लगभग दो टुकड़े।

## साबुत अनाज एवं दालें

आप अपनी डाइट में ऐसे कुछ अनाज या दालों का प्रयोग कर सकती हैं, जो कैल्शियम का बेहतरीन स्रोत हैं। जैसे कि मोठ, राजमा, कुलथी, बाजरा, चना, सोयाबीन, रागी आदि।



# आयुर्वेद ने भी माना खाली पेट इन चीजों का सेवन करने से घटता है मोटापा

वजन घटाने के लिए लोग न जानें कितनी प्रकार की डायट फॉलो करते हैं। लेकिन अपने आपको भूखा रखकर लंबे समय तक बिना सोचे-समझे किसी भी प्रकार की डायट का पालन करना मुश्किल हो जाता है। वजन घटाना कोई आसान काम नहीं है। शरीर की एक्सट्रा चर्बी को निकालने के लिए नियमित व्यायाम के साथ कैलोरीज भी बर्न करनी पड़ती हैं। इसके लिए आयुर्वेद के पास ऐसे कई तरीके हैं, जिससे शरीर की गंदगी बाहर निकलेगी और आपको वजन कम करने में आसानी होगी। ये तरीके बेहद आसान हैं, लेकिन आपको इन्हें अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाना होगा। आइए जानते हैं क्या हैं वो तरीके जिसे मोटापा घटाने के लिए आयुर्वेद में अहम माना गया है.

## गर्म पानी के साथ घी और नींबू

200 मिलीलीटर पानी के साथ थोड़ा सा नींबू या घी का सेवन करने से पेरिस्टलसिस में सुधार होता है, जो कि वेस्ट और खाने की गति को नीचे की ओर ढकेलता है। यदि आपका शरीर वात या पित्त प्रकार का है, तो आप इससे आपका पाचन तंत्र चिकना होगा जिससे कब्ज की समस्या दूर होगी।

## डायजेस्टिव चाय

आजकल, बाजार में आयुर्वेदिक चाय की ढेर सारी वैराइटीज उपलब्ध हैं। लेकिन अच्छा होगा कि आप घर पर अपनी चाय खुद ही बना लें। इसके लिए 1 चम्मच जीरा, 1 चम्मच सौंफ, 1 चम्मच धनिया के बीज, 1 इलायची और थोड़ी सी अजवाइन को लेकर 500 मिलीलीटर पानी में तब तक उबालें, जब तक पानी की मात्रा आधी न हो जाए। इस चाय को खाली पेट पीने से अपच, ब्लोटिंग और वजन कम करने में मदद मिलेगी।
अपने मेटाबोलिज्म को तेज बनाने के लिए आप दालचीनी, इलायची, लौंग, कद्दूकस की हुई अदरक, काली मिर्च, हल्दी और स्टार ऐनीज को 500 मिली पानी में उबालें। यह पानी आधा हो जाए तब इसमें आधा नींबू और कोकोनट शुगर मिलाएं। चाय शरीर की गर्मी बढ़ाकर चयापचय में सुधार करके वजन कम करने में मदद करेगी।

## कच्चे फल

सुबह खाली पेट हर्बल चाय पीने के बाद, कच्चे फलों का सेवन करें जो प्रकृति में थोड़े से कसैले हो सकते हैं। ग्रीन और रेड एपल, क्रैनबेरी, ब्लूबेरी, चेरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, अनानास, आंवला और अनार जैसे फलों को ही चुनें। यह फल शरीर में वॉटर रिटेंशन को कम करते हैं और आपकी त्वचा में कोलेजन को बढ़ाते हैं, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

## सिलेरी जूस

तनाव से बचने के लिए आयुर्वेद कच्चे फल और पकी या उबली हुई सब्जियां खाने की सलाह देता है। ऐसी स्मूदी लेने से बचें जिसमें फल, सब्जियां, दूध और दही का मिश्रण शामिल हो। यह शरीर में विषाक्त पदार्थों के संचय का कारण बन सकता है। बल्कि पेट की ब्लोटिंग और अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए एक चुटकी सेंधा नमक और नारियल तेल के साथ सिलेरी का जूस लें।

## वजन घटाने के बुनियादी नियम

- जब आपको भूख लगे तब ही खाएं।
- सूर्यास्त के बाद न खाएं।
- इंटरमिटेंट फास्टिंग करें जिसमें 16 घंटे के तक कुछ भी न खाएं। इससे आपकी ऊर्जा तो बढ़ती है साथ में दिमाग पर कंट्रोल रहता है।
- कच्चे फल खाने के बाद पका हुआ भोजन करें।
- आपका पेट केवल आपकी मुट्ठी के आकार का है। अपनी भूख से 80 प्रतिशत भोजन कम खाएं, ताकि खाना पचाने वाले रस अपना काम आसानी से कर सकें।



# डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए डाइट में शामिल करें अनार के फूल

**खून बढ़ाने से लेकर ग्लोइंग स्किन पाने के लिए अनार खाने के फायदों के बारे में आपने सुना ही होगा। लेकिन क्या आपने अनार के फूल के फायदों के बारे में सुना है। प्राकृति ने मनुष्य को बहुत कुछ दिया है, जो स्वस्थ रहने और किसी बीमारी से लड़ने के लिए काफी है। ऐसा ही एक प्राकृति का तोहफा है अनार का फूल। आइए जानते हैं अनार के फूल के फायदों के बारे में।**

- शुगर की परेशानी इन दिनों आम हो गई है। दुनियाभर में कई लोग इस जानलेवा बीमारी से जूझ रहे हैं। हालांकि इसे कंट्रोल करने के कई तरीके हैं, लेकिन बावजूद इसके इसे ठीक नहीं किया जा सकता। ऐसे में एक स्वस्थ जीवन शैली पर स्विच करना महत्तवपूर्ण है। शुगर के मरीजों को कम चीनी और फाईड चीजों को अवॉइड करना चाहिए। ऐसे में डाइट में अनार के फूल शामिल करना अच्छा हो सकता है। हेल्थ रिपोर्ट्स के मुताबिक अनार के फूल में फोटोकेमिकल होता है, जो शुगर के मरीजों के लिए अच्छा होता है।
- बेदाग स्किन और स्वस्थ चमक इन दिनों खो सी गई है। पर्यावरण प्रदूषण और गलती जीवनशैली के चलते ऐसी त्वचा पाना बेहद ही मुश्किल हो गया है। वहीं बीजी रूटीन में नियमित त्वचा की देखभाल करना भी मुश्किल होता है। ऐसे में आप अनार के फूल पर विश्वास कर सकते हैं, इसकी मदद से झुर्रियों और समय से पहले बूढ़ा होने से बचा जा सकता है।
- कोरोना काल में हर किसी ने एक चीज अच्छे से सिखी है और वो है स्वस्थ्य रहना। लोग इन दिनों स्वस्थ और इम्यूनिटी को बढ़ावा देने वाली हर एक चीज का पूर्ण रूप से ख्याल रख रहे हैं। ऐसे में अनार के फूल भी स्वस्थ रहने में आपकी मदद कर सकते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। जो बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने में मदद करते हैं।
- अनार के फूल को डाइट में शामिल करने से अपने कार्डियोवस्कुलर हेल्थ का ख्याल रख सकते हैं। शरीर में सबसे महत्तवपूर्ण अंगों में से एक होता है हृदय, जो पूरे शरीर में ब्लड पंप करता है। इससे न केवल ऑक्सीजन बल्कि शरीर के विभिन्न कार्यों को करने के लिए पोष्क तत्व भी पहुंचाता है। अगर दिल की सेहत का ध्यान न रखा जाए तो आप आलसी, सुस्त और लो एनर्जी महसूस करेंगे।
- अनार का फूल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने के साथ शरीर में जमा फैट को खत्म कर आपको हेल्दी रखता है। हालांकि अच्छे परिणाम के लिए आपको कसरत करनी होगी।

## कैसे करें अनार के फूल का इस्तेमाल

आप अनार के फूलों के सपलीमेंट ले सकते हैं, या फिर अगर आपको अनार के फूल मिल जाते हैं तो आप इसकी चाय बनाकर पी सकते हैं। हालांकि किसी भी तरह की जलन महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।




# दूध, दही, पनीर के सेवन से कम होता है डायबिटीज और हाई बीपी का खतरा

**वैज्ञानिकों के अनुसार दही, दूध या पनीर का रोजाना सेवन डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम करता है। हाल ही में एक शोध ने डेयरी रिच डाइट (यानी दही, दूध या पनीर युक्त खाद्य पदार्थ) को रक्त शर्करा के स्तर, ब्लड प्रेशर में सुधार और हृदय रोग संबंधी जोखिमों को कम करने से जोड़ा गया। शोध के मुताबिक, रोजाना इन डेयरी उत्पादों का दो बार सेवन इन बीमारियों से राहत दिलाने में फायदा करता है।**

इस अध्ययन को डायबिटीज रिसर्च जर्नल में प्रकाशित किया गया। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का विश्लेषण करना था। उन्होंने भारत सहित दुनियाभर के 21 देशों के 35 से 70 वर्ष के लोगों में डेयरी रिच डाइट के प्रभाव का गहराई से अध्ययन किया। इस शो में डेयरी उत्पादों जैसे दूध, दही, दही से बने पेय, पनीर से बनी डिशेज शामिल थीं। इन्हें फुल या लो फैट के रूप में बांटा गया था। बटर और क्रीम का अलग से मूल्यांकन किया गया था, क्योंकि वे आमतौर पर उन देशों में नहीं खाए जाते थे जो अध्ययन का हिस्सा थे।
मेटाबॉलिक सिंड्रोम के पांच घटकों पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का अध्ययन किया गया था। यह अध्ययन लगभग 1,13,000 लोगों में किया गया। मेटाबॉलिक सिंड्रोम एक तरह से समस्याओं का झुंड होता है। मुख्य रूप से इसमें ब्लड प्रेशर बढ़ना, ब्लड शुगर बढ़ जाना, कमर के आसपास चर्बी बढ़ जाना और कोलेस्ट्रॉल व ट्राइग्लिसराइड का स्तर असामान्य हो जाना जैसी समस्याएं शामिल होती हैं। मेटाबॉलिक सिंड्रोम में ये समस्याएं एक साथ होती हैं जिससे स्ट्रोक, डायबिटीज व हृदय संबंधी बीमारियां होने का जोखिम बढ़ जाता है।
शोधकर्ताओं ने हाई ब्लड प्रेशर, बढ़ी हुई कमर, गुड कोलेस्ट्रॉल का निम्न स्तर, हाई ब्लड फैट्स और बढ़े हुए फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज की 12 महीनों की स्थिति को ट्रैक किया। अध्ययन से पहले लगभग 46,667 लोगों को मेटाबॉलिक सिंड्रोम था, यानी उनमें पांच में से कम से कम तीन स्थितियां थीं। शोधकर्ताओं ने पाया कि फुल फैट वाले डेयरी का सेवन करने से मेटाबॉलिक सिंड्रोम का जोखिम कम था। इससे पता चलता है कि डेयरी प्रोडक्ट शरीर की कार्यप्रणाली में कैसे सुधार करते हैं। शोध में कहा गया है कि यदि इन निष्कर्षों के आधार पर बड़े और दीर्घकालिक परीक्षणों में पुष्टि की जाती है, तो बढ़ती डेयरी खपत मेटाबॉलिक सिंड्रोम, डायबिटीज और हृदय रोग के मामलों को कम करने के लिए बड़े काम की हो सकती है।
डेयरी उत्पादों में स्वास्थ्य लाभ में हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों की मजबूती, पाचन में सुधार, वजन घटाना आदि शामिल हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक डेयरी उत्पाद प्रोटीन और कैल्शियम के बड़े स्रोत हैं। इसके अलावा यह उत्पाद विटामिन और मिनरल्स के भी बड़े संयोजक होते हैं। डेयरी उत्पाद मुख्य रूप से पशुओं के दूध से निर्मित खाद्य या पेय पदार्थ होते हैं। मुख्य रूप से जिन पशुओं के दूध का प्रयोग इन उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है उनमें गाय, भैंस, बकरी, भेड, याक और ऊंट शामिल हैं।

# हेल्दी डाइट के लिए खाइए ब्राउन राइस

**जो लोग हेल्दी डाइट और व वजन कम करने में दिलचस्पी रखते हैं और चावल से परहेज करते हैं, उनके लिए ब्राउन राइस एक बेहतरीन विकल्प है। कैलोरी कम होने के साथ-साथ इसके और भी कुछ फायदे हैं। जानिए इसके 5 फायदे.**



## कोलेस्ट्रॉल

ब्राउन राइस खाने का सबसे बड़ा फायदा यही है कि यह कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और अनचाहे फैट को शरीर के आंतरिक भागों में जमने से रोकता है।

## डाइबिटीज

सामान्यत: चावल में शर्करा की मात्रा अधिक होती है, जिसके कारण डाइबिटीज के रोगी इससे दूरी बनाए रखते हैं। लेकिन ब्राउन राइस के सेवन से रक्त में शर्करा का स्तर नहीं बढ़ता। इसलिए यह आपके लिए बेहतर विकल्प है।

## हृदय रोग

हार्टअटैक या हृदय के अन्य रोग, ज्यादातर हृदय की धमनियों में कोलेस्ट्रॉल के जमाव के कारण होते हैं। ऐसे में ब्राउन राइस का सेवन इससे बचाकर आपके हृदय की भी रक्षा करता है।

## हड्डियां

मैग्नीशियम व कैल्शयिम से भरपूर होने के कारण ब्राउन राइस, हड्डियों को मजबूत करने के लिए बेहद फायदेमंद है। सफेछ चावल की अपेक्षा यह सेहत के कई फायदे देता है।

## वजन कम

वजन कम करना चाहते हैं, और चावल से दूर नहीं रह सकते, तो सफेद चावल की जगह ब्राउन राइस को भोजन में शामिल करें। कुछ ही समय में आप वजन में कमी महसूस करेंगे।

# जरूरी नहीं महंगी बादाम खाना, सस्ती मूंगफली भी है प्रोटीन का खजाना

मूंगफली का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। बल्कि इसे बादाम का पर्याय माना जाता है। जितने पोषक तत्व बादाम में मौजूद होते हैं वह सभी मूंगफली में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। लेकिन बादाम महंगा होता है और मूंगफली सस्ती होती है लेकिन आप बादाम की जगह मूंगफली भी खा सकते हैं। एक लीटर दूध के बजाए 100 ग्राम कच्ची मूंगफली में अधिक प्रोटीन होता है। मूंगफली के साथ ही मूंगफली के तेल के कई फायदे होते हैं। यह कीटाणुओं को खत्म करने में मददगार होता है। जानते हैं मूंगफली खाने के अचूक फायदों के बारे में -

## हड्डियों को करें मजबूत

मूंगफली के सेवन से हड्डियां मजबूत होती है। मूंगफली में मौजूद पोषक तत्वों से शरीर को विटामिन डी और कैल्शियम मिलता है। बादाम के बदले इसका आसानी से सेवन कर सकते हैं।

## हार्मोन को करें बैलेंस

जब महिला और पुरुषों में हार्मोंस अनबैलेंस्ड हो जाते हैं तब कई प्रकार की शारीरिक समस्या होती है। इसलिए महिला और पुरुष को रोज एक मुट्ठी मूंगफली का सेवन करना चाहिए।

## कैंसर से बचाएं

मूंगफली में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है जिसका नाम है पॉलीफिनॉलिक। इसके सेवन से पेट के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। सप्ताह में 1 बार मूंगफली के साथ मक्खन का सेवन करना चाहिए।

## झुर्रियों को हटाए

मूंगफली खाने से झुर्रियां कम होती है। इसमें मौजूद तत्व चेहरे पर बारीक रेखा और झुर्रियों को बनने से रोकती है।

## डायबिटीज को करें नियंत्रित

मूंगफली का सेवन करने से डायबिटीज की आशंका कम होती है। रोज अपनी डाइट में इसे जरूर शामिल करना चाहिए। ताकि घातक बीमारियों से बचा जा सकें।



संक्षिप्त खबरें

## नेपाल में शिक्षकों की सोमवार से देशव्यापी हड़ताल, सभी शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे



काठमांडू, (एजेंसी) : नेपाल सरकार के शिक्षा और शिक्षकों से संबंधित नए कानून को लेकर देशभर के शिक्षकों ने हड़ताल की घोषणा की है। पिछले तीन दिनों से लगातार काठमांडू में प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने रविवार को सरकार की उदासीनता के विरोध में सोमवार से आम हड़ताल करने की घोषणा की है।

धरना-प्रदर्शन के चौथे दिन नेपाल शिक्षक महासंघ ने आज एक बयान में सोमवार से देशव्यापी शिक्षण संस्थानों में हड़ताल की घोषणा करते हुए कहा कि सभी सरकारी तथा निजी विद्यालयों में सोमवार से पठन-पाठन का कार्य नहीं होगा। महासंघ ने नई शिक्षा नीति नहीं लाने तक हड़ताल जारी रखने की चेतावनी दी है। काठमांडू के माहिती घर से लेकर बागेश्वर तक देश भर से आए शिक्षकों ने आज भी प्रदर्शन को जारी रखा।

नेपाल शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष लक्ष्मी किशोर सूबेदी ने देशभर के शिक्षकों से पठन-पाठन का काम छोड़कर इस विरोध प्रदर्शनमें शामिल होने का आह्वान किया है। इसी के चलते हाल ही में दसवीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा उत्तर पुस्तिका की जांच भी रोक दी गई है। नेपाल शिक्षक महासंघ की इस आम हड़ताल को देश के निजी तथा सरकारी विद्यालयों के संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया है।

## भारतीय मूल के जज अमेरिका में गिरफ्तार

टेक्सास, (एजेंसी) : भारतूय मूल के जज केपी जार्ज को अमेरिका में गिरफ्तार करने की खबर है। हालांकि बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। उधर जार्ज ने इसे राजनीतिक साजिश करार बताते हुए सभी आरोपों को खारिज कर दिया।

मामला अमेरिका के टेक्सास राज्य के फोर्ट बेंड काउंटी का है। डिस्ट्रिक्ट अटार्नी के मुताबिक भारतीय मूल के जार्ज पर कथित तौर पर 30 हजार से 1.5 लाख डालर की मनी लांड्रिंग का आरोप है। इसके अलावा उन पर वायर फ्राड और चुनावी फंडिंग में गड़बड़ी के भी कथित आरोप लगे हैं। उन्हें शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल 20 हजार डालर की जमानत पर रिहा कर दिया गया है। अमेरिकी कानूनों के मुताबिक यदि वह दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें दस साल की कैद हो सकती है। केपी जार्ज 2018 से काउंटी जज के पद पर कार्यरत हैं।

## मोदी ने श्रीलंका में ट्रेन को दिखाई हरी झंडी, रेलवे लाइन का किया उद्घाटन

कोलंबो, (एजेंसी) :भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीलंका के दौरे के अंतिम दिन रविवार (आज) माहो और ओमनथाई जिले के बीच रेलवे लाइन का उद्घाटन करने के साथ ही सिंग्नल सिस्टम का शिलान्यास किया। इस दौरान मोदी ने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनारा कुमारा दिशानायके साथ ही ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई।

यह रेलवे लाइन श्रीलंका के कुरुनगेला, अनुराधापुरा और ववुनिया जिलों से होकर गुजरती है। यह वहां की नार्दन रेलवे लाइन का करीब 128 किलो मीटर रेल मार्ग है। श्रीलंका की इस रेल परियोजना के लिए भारत ने 2720 करोड़ (318 मिलियन डालर) का ऋण श्रीलंका को दिए हैं। श्रीलंका के विदेश विदेश विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी का श्रीलंका के दौरे का रविवार को अंतिम दिन रहा। उन्होंने यहां पर कई कार्यक्रमों में भाग लिया। उसके बाद वह भारत के लिए रवाना हो गए। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी का यह चौथा श्रीलंका का दौरा है। इससे पहले वह वर्ष 2015, 2017 और 2019 में भी दौरा कर चुके हैं।

## मोदी आज श्रीलंका में रेल लाइन का करेंगे उद्घाटन

कोलंबो, (एजेंसी) : भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे का श्रीलंका में रविवार (आज) को तीसरा दिन है। मोदी आज श्रीलंका के माहो और ओमनथाई जिले के बीच रेलवे लाइन की का उद्घाटन करेंगे। यह रेलवे लाइन श्रीलंका के कुरुनगेला, अनुराधापुरा और ववुनिया जिलों से होकर गुजरेगी। यह वहां की नार्दन रेलवे लाइन का करीब 128 किलो मीटर रेल मार्ग है। श्रीलंका की इस रेल परियोजना के लिए भारत ने 2720 करोड़ (318 मिलियन डालर) का ऋण श्रीलंका को दिया है। श्रीलंका के विदेश विदेश विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी का श्रीलंका के दौरे का आज अंतिम दिन है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी का यह चौथा श्रीलंका का दौरा है। इससे पहले वह वर्ष 2015, 2017 और 2019 में भी दौरा कर चुके हैं।

## टैरिफ को लेकर सोमवार को अमेरिका जाएंगे नेतन्याहू



तेल अवीव, (एजेंसी) :अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ को लेकर अंतर्राष्ट्रीय जगत में खलबली का आलम है। इसी बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सोमवार को अमेरिका के व्हाइट हाउस आ सकते हैं। इसके लिए इजराइल सरकार ने तैयारी शुरू कर दी हैं।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दो अप्रैल को अपने नए टैरिफ का ऐलान किया है। इसे लेकर कई देश खासा दवाब महसूस कर रहे हैं। उनमें इजराइल भी है। सूत्रों का दावा है कि दो इजराइली अधिकारियों व एक व्हाइट हाउस के अधिकारी ने संकेत दिए हैं कि बेंजामिन नेतन्याहू सोमवार को टैरिफ के मुद्दे पर बात करने व्हाइट हाउस आ सकते हैं। उधर इजराइल के समाचार सेवा अरुत्ज का कहना हैं कि टैरिफ के ऐलान के बाद यह पहली बार होगा कि किसी देश के प्रमुख ट्रम्प से मिलने जाएंगे। साथ ही बातचीत से मुद्दे का हल तलाश करेंगे। गौरतलब है कि अमेरिका ने 60 देशों पर नए टैरिफ की घोषणा की है। इससे चीन समेत कुछ देशों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने की घोषणा तक कर दी है। इजराइल पर भी 17 फीसदी टैरिफ लगाया गया है।

# सऊदी सरकार ने भारत समेत 14 देशों पर लगाया अस्थाई वीजा बैन

रियाद,(एजेंसी) : सऊदी अरब ने 14 देशों के नागरिकों के लिए वीजा पर अस्थायी बैन लगा दिया है। सऊदी सरकार का यह बैन बिजनेस और फैमिली वीजा के अलावा उमराह वीजा पर भी लागू होगा। वीजा पर यह अस्थाई बैन का फैसला बिना रजिस्ट्रेशन लोगों को हज में शामिल होने से रोकने के लिए है। यह बैन मध्य जून यानी इस साल का हज पूरा होने तक जारी रहेगा।



मीडिया रिपोर्ट में सऊदी अधिकारियों ने बताया कि उमराह वीजा के लिए विदेशी 13 अप्रैल तक ही आ सकते हैं। इसके बाद उमराह वीजा नहीं दिया जाएगा। सऊदी में बीते साल हज के दौरान गर्मी से कई मौतें हो गई थीं। इनमें सबसे ज्यादा अनाधिकृत हज यात्री थे। ऐसे में इस वीजा बैन का मकसद बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा करने वाले लोगों को रोकना है।

सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने हज में व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया है। सऊदी अरब ने 14 देशों के लिए अस्थायी वीजा बैन लगाया है। इन देशों में भारत, बांग्लादेश, मिस्त्र, इंडोनेशिया, इराक, नाइजीरिया, पाकिस्तान, जॉर्डन, अल्जीरिया, सूडान, इथियोपिया, ट्यूनीशिया और यमन शामिल हैं। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह अस्थायी वीजा बैन यात्रा नियमों को आसान बनाने में मदद करेगा। इससे हज के दौरान सुरक्षा बेहतर होगी।

अधिकारियों ने लोगों से नए नियमों का पालन करने को कहा है ताकि वे किसी परेशानी से बच सकें। अगर कोई बैन के बावजूद सऊदी अरब में अवैध रूप से रहता है तो उसे पांच साल तक सऊदी अरब में आने से रोका जा सकता है। सऊदी अरब ने पहले ही हज और उमराह के लिए 16 भाषाओं में एक डिजिटल गाइड जारी की है। सऊदी मीडिया के मुताबिक यह गाइड कई फॉर्मेट में उपलब्ध है। सऊदी सरकार हज के दौरान लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं। वे यह तय करना चाहते हैं कि लोग सुरक्षित और आराम के साथ अपना हज पूरा कर सकें।

बता दें सऊदी सरकार हज यात्रा पर कड़ा नियंत्रण रखती है और हर देश के लिए हज यात्रियों की संख्या तय करती है। इसके बावजूद कई विदेशी बिना रजिस्ट्रेशन हज में शामिल हो जाते हैं। यह समस्या 2024 में विशेष रूप से गंभीर हो गई थी, जब तेज गर्मी और भीड़ के कारण हज यात्रियों की मौत हो गई थी। सऊदी अधिकारियों का कहना है कि अनाधिकृत हज यात्रियों के संकट को देखते हुए वीजा नियंत्रण की जरूरत महसूस हुई है।

## मजदूरों की हड़ताल के चलते बर्मिंघम की सड़कों पर बिखरा पड़ा है 17 हजार टन कचरा



लंदन(एजेंसी) : ब्रिटेन का दूसरा सबसे बड़ा शहर बर्मिंघम आज कचरे का ढेर बना हुआ है। अगर यहां की सड़कों पर निकलें तो हर तरफ सड़ता हुआ कचरा, बदबूदार माहौल और हर तरफ चूहों और कॉकरोच का राज दिखेगा। 17,000 टन कचरा सड़कों पर है। नगर निगम के अफसरों और हड़ताल कर रहे मजदूरों के बीच की लड़ाई ने शहर को गंदगी की राजधानी बना दिया है। कचरा बटोरने वाले 350 से ज्यादा कर्मचारी जनवरी से हड़ताल पर हैं। पिछले महीने से तो ये हड़ताल पूरी तरह बेकाबू हो गई। मजदूर चीख-चीख कर कह रहे हैं कि नगर निगम की नई योजना उनकी कमाई छीन रही है। उनका कहना है कि उन्हें 8000 पाउंड (8.81 लाख रुपये) तक का नुकसान होगा। वहीं नगर निगम का कहना है कि सिर्फ 17 लोगों को 6000 पाउंड का नुकसान होगा। दोनों पक्ष एक दूसरे पर कीचड़ उछाल रहे हैं और सड़कों पर कचरा बढ़ता जा रहा है। लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। स्मॉल हीथ जैसे इलाकों में कचरे का ढेर लगा है। हर तरफ बड़े-बड़े पॉलीबैग कचरे से भरे दिख रहे हैं। बदबू से सांस लेना मुश्किल हो रहा है। इससे अब लोगों में भी गुस्सा है, क्योंकि जनता परेशान है, बच्चे-बूढ़े बीमार होने की कगार पर हैं और ये लोग आपस में कुर्सी की लड़ाई लड़ रहे हैं। हाल ये है कि बर्मिंघम में घूमने वाले चूहे अब बिल्ली जैसे बड़े हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एक शख्स ने कहा, 36 साल से इंग्लैंड में हूं, लेकिन ऐसा गंदा नजारा कभी नहीं देखा। रात को चूहे सड़कों पर दौड़ते हैं, ये इतने बड़े हैं कि बिल्लियां भी डर जाती हैं एक औरत ने कहा कि उसे चूहे ने काट लिया।

## ढाई महीने में अमेरिकी जनता ट्रंप से हुई त्रस्त, विरोध में 50 राज्यों के लोग सड़कों पर उतरे?

वॉशिंगटन(एजेंसी) : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की नीतियां, आदेश और काम करने के तरीके से अमेरिका लोग परेशान हैं। उन्हे मात्र ढाई महीने में ही लगने लगा है कि ट्रंप को चुनना उनकी सबसे बड़ी भूल थी। हालात ये हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप और अरबपति एलन मस्क के खिलाफ अमेरिका में विरोध प्रदर्शन हो रहे है। अमेरिका के सभी 50 राज्यों में लाखों लोगों ने इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। एक लोकतंत्र समर्थक मूवमेंट हैंड्स ऑफ ने इसे आयोजित किया था। वह ट्रंप और मस्क को अमेरिकी अधिकारों और स्वतंत्रता पर शत्रुतापूर्ण कब्जा और हमला करार देता है।

ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से ही उनका प्रशासन संघीय खर्च में कटौती को लेकर मुखर रहा है, भले ही इससे किसी को भी नुकसान हो। खर्चे कम करने के लिए हजारों संघीय कर्मचारियों को निकाल दिया गया है। इसके अलावा टैरिफ बढ़ाएंगे, जिससे अमेरिकी उपभोक्ताओं पर दबाव पड़ेगा। प्रदर्शनकारी इन्हीं नीतियों से नाराज हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 1 फीसदी अमीरों को छोड़कर सभी को निशाना बनाया जा रहा है, चाहे वे पूर्व सैनिक हों, बच्चे, बुजुर्ग, किसान, आप्रवासी या ट्रांसजेंडर लोग। वाइट हाउस ने अभी तक इस पर कोई जवाब नहीं दिया है। नतीजा ये रहा कि

हैंड्स ऑफ आंदोलन के तहत पूरे देश के राज्यों में 1400 से ज्यादा विरोध प्रदर्शन देखा गया। ये प्रदर्शन राज्यों की राजधानियों, संघीय इमारतों, कांग्रेस कार्यालयों, सोशल सिक्योरिटी मुख्यालय, पार्कों और सिटी हॉल में आयोजित किए गए।

आयोजकों का कहना है कि अरबपतियों ने सत्ता को हड़प लिया है और इसे खत्म करने के लिए प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की ओर से तीन मुख्य मांग की गई है। पहला ट्रंप प्रशासन में अरबपतियों के कब्जे और भ्रष्टाचार को खत्म करना। दूसरा मेडिकेड, सोशल सिक्योरिटी जैसे जरूरी कार्यक्रमों में संघीय फंड की कटौती को रोकना। और तीसरा आप्रवासियों, ट्रांसजेंडर समुदायों व अन्य समूहों पर हमलों को रोकना। इस प्रदर्शन में लगभग 6 लाख लोगों ने हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। कुछ प्रदर्शन लंदन और पेरिस जैसे शहरों में भी हुए थे। डेमोक्रेटिक सांसद जेमी रास्किन और भारत के खिलाफ जहर उगलने वाली इल्हान उमर ने भी इसमें हिस्सा लिया। उन्होंने ट्रंप की नीतियों की सख्त आलोचना की। जेमी रास्किन ने कहा, हमारे संविधान की शुरूआत हम तानाशाह से नहीं बल्कि हम लोग से होती है। उन्होंने आगे कहा, कोई भी नैतिक व्यक्ति ऐसा अर्थव्यवस्था-संकटग्रस्त तानाशाह नहीं चाहता जो हर चीज की कीमत जानता हो और किसी चीज की वैल्यू नहीं जानता हो।

# टॉप 10 में शामिल देश की 9 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.94 लाख करोड़ की गिरावट

नई दिल्ली, (एजेंसी) : घरेलू शेयर बाजार में पिछले मंगलवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 9 के मार्केट कैप में 2.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। इनमें सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। इसके अलावा टॉप 10 में शामिल सिर्फ एक कंपनी के मार्केट कैप में इस सप्ताह 7 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई।

इस सप्ताह के कारोबार के दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, हिन्दुस्तान यूनिलीवर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और आईटीसी के मार्केट कैप में कुल 2,94,170.16 करोड़ रुपये की कमी हो गई। दूसरी ओर, भारती एयरटेल के मार्केट कैप में 7,013.59 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई।



पिछले हफ्ते कारोबार के दौरान टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 1,10,351.67 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 11,93,769.89 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 95,132.58 करोड़ रुपये फिसल कर 16,30,244.96 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इंफोसिस का मार्केट कैप 49,050.04 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 6,03,178.45 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा, बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 14,127.07 करोड़ रुपये घट कर 5,40,588.05 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 9,503.66 करोड़ रुपये गिर कर 9,43,264.95 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 8,800.05 करोड़ रुपये फिसल कर 13,90,408.68 करोड़ रुपये के स्तर पर, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 3,500.89 करोड़ रुपये कम होकर 5,27,354.01 करोड़ रुपये के स्तर पर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 3,391.35 करोड़ रुपये फिसल कर 6,85,232.33 करोड़ रुपये के स्तर पर और आईटीसी का मार्केट कैप 312.85 करोड़ रुपये घट कर 5,12,515.78 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। भारती एयरटेल का मार्केट कैप 7,013.59 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 9,94,019.51 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज 16,30,244.96 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 13,90,408.68 करोड़ रुपये), टीसीएस (कुल मार्केट कैप 11,93,769.89 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 9,94,019.51 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,43,264.95 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 6,85,232.33 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 6,03,178.45 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,40,588.05 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,27,354.01 करोड़ रुपये) और आईटीसी (कुल मार्केट कैप 5,12,515.78 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

# प्राइमरी मार्केट के लिए ठंडा रहेगा अगला सप्ताह, कोई नया आईपीओ नहीं, सिर्फ 3 शेयरों की होगी लिस्टिंग

नई दिल्ली, (एजेंसी) :सोमवार से शुरू होने वाला अगला कारोबारी सप्ताह प्राइमरी मार्केट के लिहाज से पूरी तरह से ठंडा रहने वाला है। कई महीनों के बाद इस सप्ताह कोई नया पब्लिक इश्यू लॉन्च नहीं हो रहा है। इतना ही नहीं, पिछले सप्ताह का भी कोई ऐसा आईपीओ नहीं बचा है, जिसमें इस सप्ताह निवेशक बोली लगा सकें। स्टॉक मार्केट में जारी उतार-चढ़ाव के कारण सेंटीमेंट्स इस हद तक बिगड़ गए हैं कि पिछले डेढ़ महीने से मेनबोर्ड सेगमेंट में कोई नया पब्लिक इश्यू नहीं आया है।




मेनबोर्ड में आखिरी पब्लिक इश्यू क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंऐट का था, जो 14 से 18 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इसके बाद से अभी तक सिर्फ एसएमई सेगमेंट के ही आईपीओ लॉन्च होते रहे हैं। अगले सप्ताह एसएमई सेगमेंट के भी किसी आईपीओ की लॉन्चिंग होने की अभी तक खबर नहीं है।इस सप्ताह तीन कंपनियां अपने शेयरों की लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में कारोबार की शुरूआत करेंगी। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 7 अप्रैल को रेटागियो इंडस्ट्रीज के शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। कंपनी का 15.50 करोड़ रुपये का पब्लिक इश्यू 27 मार्च से लेकर 2 अप्रैल के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। आईपीओ को ओवरऑल 1.86 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। इस आईपीओ के तहत 61.98 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। इस आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल पुराने कर्ज को चुकाने और वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने में किया जाएगा।

इसी तरह सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन 8 अप्रैल को स्पिनैरो कॉमर्शियल के शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। कंपनी का 10.17 करोड़ रुपये का पब्लिक इश्यू 28 मार्च से लेकर 3 अप्रैल के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। आईपीओ को ओवरऑल 1.52 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। इस आईपीओ के तहत 19.94 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। इस आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट खर्चों को पूरा करने में किया जाएगा।

इन्फोनेटिव सॉल्यूशंस के शेयर 8 अप्रैल को ही बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। कंपनी का 24.71 करोड़ रुपये का पब्लिक इश्यू 28 मार्च से लेकर 3 अप्रैल के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। आईपीओ को ओवरऑल 4.53 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। इस आईपीओ के तहत 31.28 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। इस आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट खर्चों को पूरा करने में किया जाएगा।

## माइक्रोसॉफ्ट अपना 50वां जन्मदिन, लेकर आया एआई असिस्टेंट कोपायलट

लंदन (एजेंसी) : माइक्रोसॉफ्ट अपना 50वां जन्मदिन मना रहा है। इस खास मौके पर कंपनी ने अपने एआई असिस्टेंट कोपायलट के लिए कई नए फीचर्स का ऐलान कर दिया है। कंपनी ने बताया कि वह कोपायलट को यूजर्स के लिए एक बेहद पर्सनलाइज्ड साथी बनाना चाहती है। कोपायलट में आए नए फीचर्स में बेहतर मेमरी, डीप रिसर्च और जेनरेट पॉडकास्ट शामिल हैं। माइक्रोसॉफ्ट के एआई डिविजन के सीईओ मुस्तफा सुलेमान ने बताया कि माइक्रोसॉफ्ट चाहता है कि कोपायलट अलग-अलग यूजर्स के लिए यूनीक, जो उनकी जरूरतों और अपेक्षाओं के अनुकूल हो।

कैसे काम करेगा कोपायलट

कोपायलट का नया फीचर डीप रिसर्च कठिन और मल्टी-स्टेप रिसर्च टास्क को अच्छे से पूरा करता है। यह फीचर एआई को अलग-अलग ऑनलाइन सोर्स और खूब सारे डॉक्यूमेंट्स से जानकारी को निकलने और ऐनालाइज करने में मदद करता है। इससे इन-डेप्थ रिसर्च में लगने वाले समय की काफी बचत होती है। इसके अलावा कोपायलट अब बेहतर मेमरी कैपेबिलिटीज से लैस हो गया है। यह यूजर्स के लिए जरूरी डीटेल्स और प्रेफरेंस को याद रखता है। इससे यूजर्स को एआई का ज्यादा पर्सनलाइज्ड अनुभव मिलता है। साथ ही यह प्रोऐक्टिव टास्क मैनेजमेंट भी ऑफर करता है। यूजर्स इस फीचर को अपने कंट्रोल में रखने के लिए स्टोर्ड इन्फर्मेशन को डिलीट भी कर सकते हैं।

कोपायलट अब एआई पावर्ड पॉडकास्ट भी जेनरेट कर सकता है और आपकी पसंद के अनुसार आपको पर्सनलाइज्ड ऑडियो कॉन्टेंट डिलिवर करता है। कोपायलट छुट्टियों की प्लानिंग या घर खरीदने जैसे ऑप्शन्स को ऐनालाइज करके कंपेयर करने के लिए एक कस्टमाइज्ड पॉडकास्ट बना सकता है।

## कुत्ते को बचाने के लिए 6 फीट लंबे मगरमच्छ के ऊपर कूदी महिला




### फ्लोरिडा का मामलाः शाम के समय कुत्ते के साथ टहलने निकली थी महिला

फ्लोरिडा (एजेंसी) : एक महिला ने अपने पालतू जानवर को मगरमच्छ के हमले से बचाने के लिए जान जोखिम में डाल दी। यह घटना उस वक्त हुई जब वह शाम की सैर पर निकली थी। टाम्पा की रहने वाली किम्बर्ली स्पेंसर स्कूल में टीचर हैं। वह अपने कुत्ते कोना के साथ वेस्टवुड लेक्स इलाके में स्थित तालाब के पास टहल रही थीं। इसी दौरान एक मगरमच्छ अचानक पानी से बाहर निकला और उन पर हमला कर दिया। वह 6.5 फीट लंबा रहा होगा। किम्बर्ली के मुताबिक मुझे हमेशा मगरमच्छों, सांपों और ऐसी चीजों से डर लगता रहा है। मैं प्रकृति प्रेमी नहीं हूं। लेकिन जब अपने कुत्ते की जान खतरे में देखी, तो मेरा डर गायब हो गया। मैं अपने कुत्ते के साथ टहल रही थी। मुझे कुछ भी चिंताजनक नहीं लगा। अचानक आवाज आई और 10 फीट की दूरी से मैंने उसकी आंखें देखीं। मैंने देखा कि मगरमच्छ तेजी से मेरी ओर बढ़ रहा है। मैंने कोना को खींचने की कोशिश की, मगर मगरमच्छ ने उसके सिर और ऊपरी शरीर को अपने जबड़ों में जकड़ लिया। किम्बर्ली ने बताया कि मगरमच्छ का मुंह खुला हुआ था। उसने मेरे कुत्ते कोना को जकड़ लिया था। मैं उसकी पीठ पर कूद गई और उसके जबड़े खोल दिए। इसके बाद मैंने मगरमच्छ का मुंह बंद कर दिया और उसे पकड़े रही। आखिरकार मगरमच्छ पानी में वापस चला गया। किम्बर्ली के दोनों हाथों में काटने के निशान पड़ गए हैं, लेकिन इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। कोना को पशु डॉक्टर के पास ले जाया गया, जहां उसके कंधे की चोटों में टांके लगाए गए। किम्बर्ली ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि वह ठीक हो जाएगा। मैं कभी उसे नुकसान नहीं होने दूंगी। इंटरनेट यूजर्स इस खबर को पढ़ने के बाद किम्बर्ली की बहुत तारीफ कर रहे हैं और उनके साहस को सलाम किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### तेलंगाना, दादरा एवं नगर हवेली और दमन-दीव ने दर्ज की पहली जीत




झांसी, (एजेंसी) : 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के तीसरे दिन, झांसी में खेले गए मुकाबलों में तेलंगाना हॉकी और दादरा एवं नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी-अपनी पहली जीत दर्ज की। यह दोनों मुकाबले डिवीजन 'बी' के अंतर्गत खेले गए।

पहले मैच में तेलंगाना हॉकी ने प्रभावशाली खेल का प्रदर्शन करते हुए हॉकी उत्तराखंड को 4-0 से पराजित किया। मुकाबले की शुरूआत से ही तेलंगाना ने आक्रामक रुख अपनाया। वेंकटेश तेलगु ने 8वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद मोहम्मद अफ्फान खान ने 15वें और 50वें मिनट में दो गोल दागकर टीम की स्थिति को और मजबूत किया। मैच के अंतिम क्षणों में राम कुमार वेत्ति ने 60वें मिनट में गोल करके जीत पर मुहर लगा दी।

दूसरे मुकाबले में दादरा एवं नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी ने रोमांचक मुकाबले में असम हॉकी को 2-1 से हराया। विजेता टीम की ओर से कुणाल यादव ने 11वें मिनट और सजल सक्सेना ने 16वें मिनट में गोल किए। असम की ओर से डॉ पवन ने 21वें मिनट में एकमात्र गोल किया, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके।

दोनों टीमों के लिए यह जीत न केवल आत्मविश्वास बढ़ाने वाली रही, बल्कि टूनामेंट में उनके लिए नई शुरूआत की तरह भी है। प्रतियोगिता में आगे बढ़ने के लिए यह तीन अंक बेहद अहम साबित हो सकते हैं।

### राजस्थान रॉयल्स की धमाकेदार जीत, पंजाब किंग्स को उसके घर में 50 रनों से हराया



मोहाली, (एजेंसी) : आईपीएल के 18वें सीजन में शनिवार को खेले गए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पंजाब किंग्स को उसके घरेलू मैदान मुल्लांपुर में 50 रनों से करारी शिकस्त दी। पंजाब की यह इस सीजन की पहली हार रही, जबकि राजस्थान ने दमदार वापसी के संकेत दिए हैं।

मैच की शुरूआत पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर द्वारा टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लेने से हुई। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 205 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने तूफानी अंदाज में 67 रन (45 गेंद, 3 चौके, 5 छक्के) की पारी खेली, जबकि संजू सैमसन ने 38 रन बनाए। अंतिम ओवर्स में रियान पराग (नाबाद 43) और ध्रुव जुरेल (13) ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब की टीम दबाव में दिखी। पहले ही ओवर में जॉफ्रा आर्चर ने प्रियांस आर्या को बोल्ड कर शुरूआत में ही झटका दिया। अगले ही ओवर में श्रेयस अय्यर भी आर्चर की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद बल्लेबाजों के आउट होने की लाइन लग गई। प्रभसिमरन सिंह और मार्कस स्टोइनिस भी जल्दी पवेलियन लौटे। हालांकि नेहाल वढेरा (62 रन) और ग्लेन मैक्सवेल (30 रन) ने 88 रनों की साझेदारी कर मैच में जान फूंक दी, लेकिन 15वें ओवर के बाद दोनों के आउट होते ही पंजाब की पारी बिखर गई। पूरी टीम 20 ओवर में 155 रन ही बना सकी।

राजस्थान की ओर से आर्चर ने तीन, संदीप शर्मा और मथीशा तीक्षणा ने दो-दो विकेट लिए। हसारंगा और कुमार कार्तिकेय को एक-एक सफलता मिली।

आज के मैच में मिली जीती के बाद संजू सैमसन ने राजस्थान रॉयल्य के कप्तान के रूप में इतिहास रच दिया। उन्होंने आईपीएल इतिहास में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान के रूप में सबसे अधिक जीत के रिकॉर्ड के लिए दिग्गज 'स्वर्गीय' शेन वार्न को पीछे छोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलियाई आइकन ने 55 मैचों में 31 जीत दर्ज की थीं, लेकिन आज पंजाब के हराते ही यह रिकॉर्ड अब संजू सैमसन के नाम हो गया। संजू की कप्तानी में राजस्थान ने 62 मैचों में 32 में जीत दर्ज की है।

### विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम शतरंज चैम्पियनशिप में अब मिलेगी अधिक इनामी राशि

लंदन (एजेंसी) : ड्यूसेल्डॉर्फ 2023 और अस्ताना 2024 के बाद अब फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम शतरंज चैम्पियनशिप का अगला संस्करण लंदन में 10 जून से 16 जून तक आयोजित किया जाएगा। इस बार का इनामी राशि भी बढ़ाकर 5 लाख यूरो ( करीब 4.5 करोड़ ) कर दी गयी है। रैपिड के लिए 3,10,000 यूरो और ब्लिट्ज के लिए 1,90,000 यूरो की राशि रखी गई है। वहीं इस बार ब्लिट्ज के लिए एक नया नॉकआउट स्तर भी जोड़ा गया है नये नॉकआउट स्तर में पहले दिन राउंड रॉबिन आधार पर पूल के आधार पर मुकाबले होंगे प्रणाली , उसके बाद 16 टीम प्ले ऑफ में प्रवेश करेंगी। इस बार भी टीम में कम से कम 6 और अधिकतम 9 खिलाड़ी हो सकते है। इसके साथ ही एक महिला खिलाड़ी और एक 2000 से कम रेटिंग के खिलाड़ी को भी टीम में शामिल करना होगा। इसमें विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नार्वे के मैगनस कार्लसन की टीम डबल्यूआर और भारत के अर्जुन एरिगासी की एमजीडी1 में इस बार कड़ी टक्कर हो सकती है।

इस स्पर्धा को लेकर उत्साहित होते हुए फिडे के सीईओ एमिल सुतोव्स्की ने कहा, अपने कैलेंडर के सबसे रोमांचक आयोजनों में से एक को लंदन में लाने पर हमें खुशी है। हम उम्मीद करते हैं कि इसमें विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। इसमें कई उभरते खिलाड़ियों को बड़े खिलाड़ियों से सीखने को मिलेगा।

# बिली जीन किंग कप को लेकर उत्साहित हैं अंकिता रैना, बोलीं- भारतीय टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात



पुणे, (एजेंसी) :भारतीय महिला टेनिस टीम आगामी बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक मैचों के लिए कमर कस रही हैं और इसका नेतृत्व बेहद अनुभवी अंकिता रैना करेंगी। भारत के साथ-साथ चीनी ताइपे, हांगकांग चाइना, कोरिया गणराज्य, न्यूजीलैंड और थाईलैंड की टीमें पुणे में बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक में भाग लेंगी।

मार्च के अंत तक सिंगल्स में दुनिया में 300वें स्थान पर रहने वाली अंकिता ने घर पर बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप 1 मैच खेलने को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने एक बयान में कहा कि बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप 1 खेल पुणे में हो रहे हैं और भारतीय टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं 10 साल से ज्यादा समय से भारतीय टीम का हिस्सा रही हूं। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा से मेरा सपना रहा है और मैं इसे हासिल करके खुद को धन्य महसूस करती हूं।

अंकिता ने आगे कहा, ह्व युवा खिलाड़ी शीर्ष 300 रैंक वाले खिलाड़ियों को एक्शन में देखने के लिए आ सकते हैं। भारतीय टीम की ओर से हम इस प्रतिष्ठित आयोजन को भारत में लाने के लिए महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ को बधाई देना चाहेंगे। यहां जितने ज्यादा उच्च-गुणवत्ता वाले अंतरराष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी आएंगे, यह खेल के लिए उतना ही बेहतर होगा।

अंकिता पांच सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। भारतीय टीम में सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदिपति, वैदेही चौधरी और प्रार्थना थोम्बरे शामिल हैं, जबकि किशोर सनसनी माया राजेश्वरन को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है। अंकिता ने कहा कि अपने देश का प्रतिनिधित्व करते समय हर कोई खेल के मैदान पर हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देता है। जब आप टूनामेंट के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा करते हैं तो यह पूरी तरह से अलग अनुभव होता है और मुझे विश्वास है कि यह हमें एक टीम के रूप में बेहतर काम करने में मदद करेगा।

उच्च दबाव वाले मैचों में खुद को शांत रखने को लेकर उन्होंने कहा, ₹जब मैं 18 या 20 साल की थी, तब मुझे मेडिटेशन से परिचित कराया गया था और इसने निश्चित रूप से जूनियर स्तर से सीनियर स्तर पर जाने में मदद की, क्योंकि तब आपको कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आप अधिक अनुभवी खिलाड़ियों के खिलाफ खेल रहे होते हैं और कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे होते हैं और यह भी सीख रहे होते हैं कि मैच के महत्वपूर्ण क्षणों में क्या किया जा सकता है। इसलिए, मुझे लगता है कि ध्यान ने मुझे शांत रहने में मदद की है। आने वाले सप्ताह में पुणे में भारत का सामना करने वाले प्रतिद्वंद्वी के बारे में बात करते हुए अंकिता ने बताया कि किसी को भी हल्के में नहीं लिया जा सकता है। उन्होंने कहा, ₹यहां आने वाले सभी खिलाड़ी बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं और कोई भी हमें आसान खेल नहीं देगा।

## बुमराह की मुंबई इंडियंस में वापसी, आरसीबी के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम से जुड़े



नई दिल्ली, (एजेंसी) : इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में संघर्ष कर रही मुंबई इंडियंस के लिए बड़ी राहत वाली खबर है। टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सोमवार को मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ होने वाले मैच से पहले टीम के साथ जुड़ गए हैं।माना जा रहा है कि बुमराह बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ से मंजूरी मिलने के बाद शनिवार को मुंबई इंडियंस से जुड़ गए।

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर रविवार को बुमराह की वापसी की खबर शेयर की है। टीम ने बुमराह की फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, 'जंगल का राजा अपने किंगडम में वापस आ गया है।'

ईएसपीएन क्रिकइन्फो के मुताबिक बुमराह महेला जयवर्धने के नेतृत्व में मुंबई इंडियंस के सहयोगी स्टाफ के साथ समन्वय कर अपनी वापसी का कार्यक्रम तय करेंगे। बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सिडनी टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। उन्हें पीठ के निचले हिस्से में परेशानी हुई थी। उसके बाद बुमराह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी भी नहीं खेल पाए थे। जनवरी से वह सीओई में ही रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे थे।

बुमराह के आने से मुंबई को मिलेगी मजबूती रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबला सोमवार शाम को खेला जाएगा। मुंबई की टीम चार में से एक जीत और तीन मैच हारकर पॉइंट्स टेबल में इस समय 8वें पायदान पर है। बुमराह के आने से मुंबई इंडियंस को मजबूती मिलेगी। हालांकि आरसीबी के खिलाफ कल होने वाले मैच में बुमराह खेलेंगे या नहीं, इस बारे में अभी भी कोई निश्चित नहीं है लेकिन इतना जरूर है उनकी वापसी से मुम्बई के फैंस जरूर उत्साहित होंगे।

2013 में आईपीएल में डेब्यू करने के बाद से बुमराह मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी के मजबूत स्तंभ रहे हैं। उन्होंने फ्रेंचाइजी के लिए 133 मैचों में 165 विकेट लिए हैं।

## पंजाब के खिलाफ अपने प्रदर्शन से खुश हैं आर्चर



मोहाली (एजेंसी) : आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर अपने प्रदर्शन से खुश हैं। आर्चर शुरूआती मैचों में असफल रहे थे पर पंजाब के खिलाफ तीन विकेट लेकर अन्होंने अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। आर्चर ने कहा कि दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर विकेट मिलने का उन्हें भरोसा नहीं था। वहीं इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैचों में आर्चर ने काफी रन दिये थे। इसके बाद उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स पर राजस्थान की जीत के दौरान एक विकेट लेकर लय हासिल की। वहीं पंजाब के खिलफ मैच में आर्चर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए प्रियांश आर्य और श्रेयस अय्यर को पहले ओवर में आउट कर दिया। पंजाब के खिलाफ 25 रन देकर तीन विकेट लिए। आर्चर ने कहा, मैंने शुरूआत में सोचा कि अगर मैं खिलाड़ियों को अच्छी शुरूआत दे सकता हूं, तो विरोधी टीम पर दबाव बना रहेगा। मुझे लगता है कि गेंद को थोड़ा और स्विंग करना चाहिए था। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह इतना स्विंग नहीं करेगी, लेकिन मैं खुश हूं कि मैं पहली गेंद पर विकेट लेने में सफल रहा और लय में बना रहा।

# संन्यास की अफवाहों के बीच धोनी का आया बड़ा बयान, बोले- अभी मेरे पास समय है



नई दिल्ली, (एजेंसी) : चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी का संन्यास की अफवाहों के बीच बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने खुद संन्यास के सवाल पर जवाब दिया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि वह अभी कहीं नहीं जा रहे। उनके पास अभी समय है यह तय करने के लिए वह आगे खेल सकते हैं या नहीं।

दरअसल, शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन के 17वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स का दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच था। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में हुए मैच में दिल्ली ने 25 रन से जीत दर्ज की। इस मैच को देखने धोनी के माता-पिता भी स्टेडियम पहुंचे थे। धोनी की पत्नी साक्षी और बेटी जीवा भी मौजूद थीं। इसी दौरान धोनी के संन्यास की अफवाह ने जोर पकड़ा था। हालांकि, मैच के बाद धोनी ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की।

अब धोनी ने अपने आईपीएल संन्यास को लेकर इन सारी अफवाहों पर विराम पूरी तरह से लगा दिया है। धोनी ने राज शमानी के साथ पॉडकास्ट में पुष्टि की कि वह इस सीजन के अंत में अपने करियर को अलविदा नहीं कह रहे हैं। उन्होंने संन्यास के सवाल पर कहा कि नहीं, अभी नहीं, मैं अभी भी आईपीएल में खेल रहा हूं और मैंने इसे बहुत सरल रखा है। मैं इसे एक बार में एक साल के हिसाब से देखता हूं। मैं 43 वर्ष का हूं, इस जुलाई तक मैं 44 वर्ष का हो जाऊंगा। मेरे पास यह निर्णय लेने के लिए 10 महीने हैं कि मुझे एक और वर्ष खेलना है या नहीं। उन्होंने कहा कि यह मैं नहीं हूं जो निर्णय ले रहा हूं, यह शरीर है जो आपको बताता है कि आप कर सकते हैं या नहीं। अभी जो करने की जरूरत है, उस पर पूरा ध्यान केंद्रित है। 8-10 महीने बाद देखेंगे।

इससे पहले सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने भी संन्यास के सवाल पर जवाब दिया था। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि नहीं, उनके सफर को खत्म करना मेरा काम नहीं है। मुझे नहीं पता है। मैं बस उनके साथ काम करने का आनंद ले रहा हूं। वह अभी भी मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। मैं इन दिनों पूछता भी नहीं।

धोनी का आईपीएल 2025 में कुछ खास प्रदर्शन देखने को नहीं मिला है। धोनी मुंबई इंडियंस के खिलाफ बल्लेबाजी नहीं कर पाए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ वह काफी लेट बल्लेबाजी करने आए और 16 गेंदों में नाबाद 30 रन बनाए लेकिन टीम को जिता नहीं पाए। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 16 रन बनाकर आउट हुए। फिर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 30 रन बनाकर नाबाद रहे, लेकिन वहां भी वह सीएसके को जीत नहीं दिला पाए।

# भारतीय हॉकी सितारों ने खेल के माध्यम से शांति का किया समर्थन



नई दिल्ली, (एजेंसी) : हर साल 6 अप्रैल को मनाए जाने वाले 'विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर भारतीय हॉकी सितारे वैश्विक #व्हाइटकार्ड अभियान में शामिल हुए और खेल के माध्यम से शांति आंदोलन के लिए एकजुटता दिखाई। खेल में अन्य कार्डों की तरह व्हाइट कार्ड भी शक्तिशाली प्रतीकवाद रखता है लेकिन दंडात्मक कार्डों के विपरीत, व्हाइट कार्ड शांति, समावेश और आशा का प्रतीक है।

हॉकी इंडिया के अनुसार इस वर्ष का अभियान एक गंभीर वैश्विक मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करता है-460 मिलियन बच्चे संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में रहते हैं, जो खेल के मैदान जैसे सुरक्षित स्थानों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच से वंचित हैं। इन चुनौतीपूर्ण वातावरणों में, खेल सिर्फ एक खेल से कहीं अधिक हो बन जाता है, यह एक जीवन रेखा बन जाता है, जो सहयोग, आपसी सम्मान और लचीलेपन जैसे कौशल का पोषण करता है।

भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ियों ने इस अवसर को चिह्नित करने के लिए विशेष संदेश साझा किए। भारतीय महिला हॉकी टीम की अनुभवी फॉरवर्ड लालरेम्सियामी ने हॉकी इंडिया की ओर से बयान में कहा कि खेल में बाधाओं को तोड़ने और लोगों को एकजुट करने की शक्ति है, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या भाषा कुछ भी हो। #व्हाइटकार्ड अभियान उन मूल्यों को दशार्ता है जिनके अनुसार हम मैदान पर और मैदान के बाहर जीते हैं- सम्मान, टीमवर्क और शांति। मुझे अपना व्हाइटकार्ड उठाने और हर जगह बच्चों के लिए एक अधिक समावेशी और सुरक्षित दुनिया का आह्वान करने में गर्व है।

भारतीय टीम की गोलकीपर सविता ने कहा, ₹मैंने खुद देखा है कि खेल किस तरह से जीवन को बदल देता है। इसने मुझे आत्मविश्वास और उद्देश्य दिया और यह संघर्ष क्षेत्रों में बच्चों के लिए भी ऐसा ही कर सकता है। #व्हाइटकार्ड अभियान में शामिल होकर, हम इस संदेश को और अधिक फैलाने की उम्मीद करते हैं कि हर बच्चे को खेलने, सीखने और शांति से बढ़ने के लिए एक सुरक्षित स्थान मिलना चाहिए।₹

टीम की उभरती हुई स्टार और ड्रैगफ्लिकर दीपिका ने कहा, ₹हॉकी के मैदान ने मुझे अनुशासन, साहस और सम्मान सिखाया। खेल सिर्फ. पदक जीतने के बारे में नहीं है, यह चरित्र और समुदायों के निर्माण के बारे में है। यह #व्हाइटकार्ड अभियान शांति और अगली पीढ़ी के लिए एक उज्ज्वल भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।₹

## हार से इसलिए निराश नहीं हैं अय्यर



मुम्बई (एजेंसी) : इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुरूअआती जीत के बाद हार का सामना करने वाली पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर निराश नहीं है। अय्यर ने कहा कि अच्छा हुआ शुरूआत में ही टीम को ये हार मिल गयी। इससे टीम जाएगी और आगे के मैचों के लिए शानदार वापसी करेगी। . राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ तीसरे मुकाबले में पंजाब किंग्स की टीम दबाव का सामना नहीं कर पायी और 50 रनों से हार गयी। अय्यर ने हार के बाद कहा, ह्यमुझे लगा कि हम इस मैच में 180-185 रन से ज्यादा नहीं देंगे पर ऐसा हुआ नहीं। हमने इससे कुछ ज्यादा रन दे दिए। हम योजना के अनुसार नहीं खेल पाए राहत की बात ये है कि यह हार शुरूआत में ही मिल गयी है।ह्ल अय्यर ने कहा, ह्ययह केवल तीसरा मैच है। आपको शुरूआत में थोड़ी परेशानी होती पर उसके बाद ही टीम जागती है। शुरूआत में ऐसा होना आगे होने से अच्छा है। हम वापस जाकर अपनी रणनीति पर काम करेंगे और अगले मैच में मजबूत वापसी करेंगे।ह्ल इस हार से आईपीएल में कप्तान के तौर पर अय्यर की लगातार जीत का सिलसिला भी रुक गया है

## मोदी से मुलाकात को 1996 की विश्व विजेता श्रीलंकाई टीम के खिलाड़ियों ने सुखद बताया



कोलंबो (एजेंसी) : भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने श्रीलंका दौरे में 1996 की विश्व विजेता श्रीलंकाई टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात की है। इन खिलाड़ियों ने इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया में साझा की है। इसमें नजर आ रहा है कि प्रधानमंत्री से मिलकर श्रीलंकाई खिलाड़ी बेहद उत्साहित हैं। इन खिलाड़ियों ने इसे अपने जीवन का यादगार पल बताया। मोदी से मुलाकात के बाद पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर मार्वन अटापट्टू ने कहा, यह एक असाधारण मुलाकात थी। हम भाग्यशाली हैं। हमने अपने करियर में दुनिया भर की यात्रा की है और कई क्रिकेटरों से मुलाकात की है पर भारत को आगे ले जाने वाले एक राष्ट्राध्यक्ष से मिलना अलग ही बाता है। ये किसी सपने केसच होने जैसा था। वहीं एक अन्य पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर रोमेश कालूविथाराना भी मोदी से मुलाकात के बाद उत्साहित दिखे। उन्होंने कहा, जब से मोदी शासन में आए हैं,बहुत सी चीजें बेहतर हुई हैं। इससे श्रीलंका को भी बहुत लाभ हुआ है। पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर चमिंडा वास ने कहा, 1996 विश्व कप विजेता टीम के रूप में उनसे मुलाकात होना और व्यक्तिगत रूप से मिलना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात थी। हमने 1996 विश्व कप जीतने के समय ही उस टूनामेंट में भारतीय टीम को कैसे हराया, इस बारे में भी उन्हें बताया। हमने श्रीलंकाई क्रिकेट के भविष्य पर भी चर्चा की कुल मिलाकर ये बातचीत वाकई अच्छी रही। टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सनथ जयसूर्या ने कहा, 1996 की क्रिकेट टीम के लिए प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करना एक सुखद अनुभवी था। हमने कुछ चीजों पर बात की और हमने अपने क्रिकेट के बारे में बात की। यह हमारे लिए एक शानदार बैठक थी और हमारे लिए एक बेहतरीन अनुभव भी था, क्योंकि कुछ चीजें जो हमने सुनी थीं, उनके बारे में पीएम मोदी ने सब कुछ विस्तार से बताया कि उन्होंने भारत के लिए क्या किया। मोदी चौथी बार श्रीलंका यात्रा पर गये है। राष्ट्रपति दिसानायके के पद संभालने के बाद ये उनका पहला दौरा है। पिछले साल दिसंबर में अपने पहले आधिकारिक भारत दौरे पर श्रीलंका के राष्ट्रपति ने उन्हें इस यात्रा का निमंत्रण दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का 131 दिन बाद अनशन समाप्त, महापंचायत में किया ऐलान

**केंद्रीय कृषि मंत्री ने 4 मई को चंडीगढ़ में बैठक का दिया न्यौता**

चंडीगढ़, (एजेंसी):पंजाब में खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने रविवार को 131 दिन बाद आमरण अनशन समाप्त कर दिया। पंजाब के फतेहगढ़ साहिब की अनाज मंडी में आज आयोजित किसान महापंचायत के दौरान संयुक्त किसान मोर्चा (नॉन पॉलिटिकल) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने यह ऐलान किया। शनिवार की रात केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डल्लेवाल से अनशन खत्म करने की अपील करते हुए कहा था कि 4 मई को किसानों से चंडीगढ़ में मीटिंग करेंगे।

महापंचायत में डल्लेवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को बचाने के लिए पंजाब सरकार ने आंदोलन खत्म कराया है लेकिन उन्होंने किसानों की मांग पर आमरण अनशन खत्म किया है। काफी समय से किसान उनसे अनशन तोड़ने की अपील कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैंने अपना अनशन तो समाप्त कर दिया है लेकिन

किसानों की मांगों के लिए आंदोलन जारी है। अभी पता नहीं फ्यूचर में क्या होगा। किसी भी जत्थेबंदी के साथ कोई लड़ाई नहीं है। केवल विचार का सवाल है। कुछ विचारों को लेकर हम एकजुट हैं। कुछ मुद्दों पर अलग-अलग हैं।

पंजाब सरकार पर अक्रोश जताते हुए डल्लेवाल ने कहा कि राज्य सरकार लोगों को गुमराह कर रही है। सरकार ने अपने सुप्रीमो को बचाने और लुधियाना की सीट जीतने के लिए एक बिका हुआ समझौता किया है। दिल्ली हारने के बाद आप सरकार घबराई हुई थी, उसको डर था कि उनका सुप्रीमो जेल न चला जाए। उसे बचाने और राज्यसभा भेजने के लिए किसानों पर हमला बोला गया और केंद्र सरकार के सामने पंजाब सरकार नतमस्तक हो गई। भगवंत मान ने किसानों पर हमला नहीं किया बल्कि पूरे पंजाब की पीठ में छुरा घोंपा है।

गौरतलब है कि किसान नेता डल्लेवाल ने फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत अन्य मांगों को लेकर 26 नवंबर 2024 को अनशन शुरू किया था। 19 मार्च को पंजाब पुलिस ने जगजीत सिंह डल्लेवाल, सरवण सिंह पंधेर समेत अन्य किसानों को हिरासत में लेकर खनौरी और शंभू बॉर्डर खाली करा लिए थे। 20 मार्च को दोनों बार्डर आम जनता के लिए खोल दिए गए थे। पुलिस ने हिरासत में लिए किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण सिंह पंधेर, अभिमन्यु कोहाड़ समेत कई किसानों को 27 मार्च को रिहा कर दिया था। पुलिस ने डल्लेवाल को पटियाला के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था और 3 अप्रैल को उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिली थी। इसके बाद से वे अपने गांव में अनशनरत थे।

### सिक्किम का सीमावर्ती गांव 'डिचू' पहली बार बिजली की रोशनी से जगमगा उठा



गंगटोक, (एजेंसी): भारत-चीन और भूटान की सीमा पर डोक-ला पोस्ट के पास स्थित देश का पहला सीमावर्ती गांव 'डिचू' एक ऐतिहासिक पहल का गवाह बना है। सिक्किम के इस गांव के लोगों को पहली बार बिजली की सुविधा मिली है। भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर की इस पहल से स्थानीय लोगों के जीवन को नई दिशा और ऊर्जा मिली है। इसके अलावा सेना ने स्थानीय लोगों की टिन की छतों को भी रंगने का कार्य किया है।

सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने इसी साल 4 जनवरी को डोक-ला चौकी का दौरा किया था। लौटते समय राज्यपाल ने सीमावर्ती गांव डिचू के स्थानीय लोगों से बातचीत की। इस दौरान उन्हें पता चला कि गांव में अभी तक बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं है। राज्यपाल ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर तत्काल ध्यान देते हुए भारतीय सेना की 17वीं माउंटेन डिवीजन के जीओसी मेजर जनरल एमएस राठौर से इस चुनौती का समाधान ढूंढने का आग्रह किया। भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर ने राज्यपाल के अनुरोध को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई की। सेना ने सीमावर्ती गांव डिचू में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए स्थानीय लोगों की बुनियादी जरूरतों पूरा किया।

सेना की इस पहल से डिचू के निवासी काफी उत्साहित हैं। ग्रामीणों ने राज्यपाल माथुर और भारतीय सेना के प्रति आभार व्यक्त किया है। अब यह गांव बिजली की रोशनी से जगमगा रहा है। यह पहल दूरस्थ एवं पिछड़े क्षेत्रों के सशक्तिकरण का भी एक उदाहरण है। राजभवन ने कहा कि यह कार्य राज्यपाल के कुशल मार्गदर्शन और भारतीय सेना के प्रयासों से संभव हो सका। राज्यपाल माथुर ने इस कार्य के लिए भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में बीस प्रतिशत आरक्षण देगी हरियाणा सरकार

चंडीगढ़, (एजेंसी): हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य है जिसने अग्निवीरों को सेना की सेवा अवधि के बाद नौकरी देने का प्रावधान कर उनका भविष्य सुरक्षित किया है और उन्हें सुरक्षा कवच प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस की भर्ती में अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में हरियाणा सरकार को पत्र लिखकर अग्निवीरों के आरक्षण को बीस प्रतिशत करने के लिए कहा था। हरियाणा में अग्निवीरों का पहला बैच वर्ष 2026 में आ रहा है। मुख्यमंत्री ने रविवार को पंचकूला स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अग्निवारों को नौकरी में आरक्षण प्रदान करने को लेकर समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक के बाद स्पष्ट किया गया कि वन विभाग में फॉरेस्ट गार्ड, जेल वार्डर और खनन गार्ड की नौकरी में भी अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर सेना की सेवा अवधि के बाद हरियाणा में नौकरी पा सकेंगे। इसको लेकर उनके लिए अलग से पोर्टल बनाया जाएगा, जिस पर वे अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके बाद उन्हें शैक्षणिक योग्यता के आधार पर नौकरियों में वरीयता दी जाएगी।

बैठक में जानकारी दी गई कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2022 से आरंभ की गई अग्निपथ नामक योजना के तहत सेना के तीनों अंगों थल, जल व वायु सेना में अग्निवीरों की भर्ती की गई है। अग्निवीरों का पहला बैच जुलाई 2026 में पूरा होना है, जबकि हरियाणा मंत्रिमंडल ने इससे पहले ही हरियाणा अग्निवीर नीति 2024 क्रियान्वित कर अग्निवीरों को सुरक्षा कवच प्रदान कर दिया है।

बैठक में जानकारी दी गई कि हरियाणा से वर्ष 2022-23 के दौरान 2227 तथा 2023-24 के दौरान लगभग 2893 युवा अग्निवीर के रूप में थल, जल व वायु सेना में भर्ती हुए थे। हरियाणा में अग्निवीरों को खनन गार्ड, जेल वार्डर तथा एसपीओ की भर्ती में 10 प्रतिशत हॉरिजेंटल आरक्षण दिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लगातार जनकल्याणकारी और विकास कार्य कर रही है सरकार : शिवराज सिंह

## केन्द्रीय कृषि मंत्री ने गैरतगंज में नवीन आईटीआई भवन और रमपुरा में 33/11 केवी उपकेन्द्र का किया लोकार्पण, कहा-जनता की सेवा ही ईश्वर की पूजाराय



सेन, (एजेंसी): केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जनता की सेवा ही ईश्वर की पूजा है। यह दृढ़ संकल्प है कि जनता के जीवन में कोई तकलीफ न हो, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार लगातार जनकल्याणकारी और विकास कार्य कर रही है। स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। साल में एक लाख से अधिक लखपति दीदी बनेंगी। हर महिला को स्व-सहायता समूह से जोड़ा जाए।

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान रविवार को रायसेन जिले के गैरतगंज में आयोजित शासकीय आईटीआई भवन का लोकार्पण सहित विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण तथा भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि गॉवों को गरीबी मुक्त बनाना है। विकसित भारत में कोई गरीब नहीं होगा। नौ गांव आदर्श ग्राम बनाए जाएंगे। गांव के लोग तय करें कि किस तरह से गरीबी दूर की जा सकती है।

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों का पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है। वर्षो से कच्चे मकान और झोपड़ी में रह रहे गरीबों के सिर पर अब पक्की छत है। कोई भी पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से छूटेगा नहीं, सर्वे करके सभी पात्र हितग्राहियों के पक्के मकान बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पिछले सात महीने में ही सांची विधानसभा क्षेत्र में 7385 हितग्राहियों के पीएम आवास स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के सर्वे से छूटे नहीं।

जल जीवन मिशन का उल्लेख करते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचे, इसके लिए जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर में टोंटी से जल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने मंच से ही पीएचई तथा जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नल जल योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाए जिससे कि प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचे।

कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि आज केन्द्रीय कृषि मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान द्वारा यहां शासकीय आईटीआई के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया है। इसमें नवीन व्यवसाय के लिए छह ट्रेड का मुख्य भवन, 60 सीटर बालक छात्रावास, 60 सीटर बालिका छात्रावास, एक नग एफ टाइप आवास गृह, दो नग एच टाइप और चार नग आई टाइप आवास गृहों का निर्माण किया गया है। यह जिले की सबसे बड़ी आईटीआई है। इस आईटीआई से न सिर्फ गैरतगंज बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को भी लाभ मिलेगा। उनका कौशल उन्नयन होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

डॉ चौधरी ने कहा कि क्षेत्र में चहुंओर विकास की गंगा बह रही है। स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल-आंगनबाड़ी भवन आदि का निर्माण हो रहा है और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कहूला में बांध बन रहा है, जिससे कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा और भूजल स्तर में भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह, राकेश शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**केन्द्रीय मंत्री चौहान ने खण्डेरा स्थित देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना**

इससे पहले केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन जिले में ग्राम खंडेरा पहुंचकर यहां स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर में पूजा अर्चना की और सभी नागरिकों के लिए सुख समृद्धि और कल्याण की कामना की। उन्होंने यहां पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, राकेश शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

**इन विकास कार्यो का किया लोकार्पण और भूमिपूजन-**

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने गैरतगंज में 1263.42 लाख रुपये लागत से निर्मित शासकीय आईटीआई भवन का और ग्राम रमपुरा में 230 लाख रुपये लागत से निर्मित नवीन 33/11 केव्ही उपकेन्द्र का लोकार्पण किया। साथ ही गैरतगंज नगर में वार्ड क्रमांक-15 स्थित शमशान घाट में 9.68 लाख रुपये लागत से टीनशेड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक-05 में 9.68 लाख रुपये लागत से टीनशेड निर्माण कार्य और 31.97 लाख रुपये लागत से शमशान घाट की बाउण्ड्री वॉल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। केन्द्रीय कृषि मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र सहित विभिन्न योजनाओं के हितलाभ, हितग्राहियों को प्रदान किए गए।

# इफको से आज खेती हुई समृद्ध और किसान बने आत्मनिर्भर: अमित शाह




गांधीनगर,(एजेंसी): केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इफको ने किसानों को सहकारिता के साथ और सहकारिता को खाद के साथ जोड़कर किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए एक विशेष पहल की है, जिसके परिणामस्वरूप आज खेती समृद्ध और किसान आत्मनिर्भर बन गए हैं।

केन्द्रीय मंत्री शाह रविवार को गांधीनगर जिले के कलोल में दुनिया की सबसे बड़ी सहकारी संस्था इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) की मातृ इकाई तथा प्रथम यूरिया निर्माण परिसर के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने इफको के नए ह्यबीज अनुसंधान केंद्रह्ल की आधारशिला भी रखी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने इफको-कलोल की स्वर्ण जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इफको की 50 वर्षों की गौरवशाली यात्रा कृषि, उत्पादन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की समृद्धि के प्रति समर्पित रही है। इफको ने किसानों को सहकारिता के साथ और सहकारिता को खाद के साथ जोड़कर किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए एक विशेष पहल की है। जिसके परिणामस्वरूप आज खेती समृद्ध और किसान आत्मनिर्भर बन गए हैं।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि वर्षों पूर्व इफको ने विकसित ठोस यूरिया और डीएपी (डाई-अमोनियम फास्फेट) के निर्माण से कृषि क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति थी, लेकिन समय के अनुरूप अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) पर जोर देते हुए आज इफको ने नैनो यूरिया और नैनो डीएपी विकसित किया है, जिसने पूरी दुनिया में भारत के सहकारी क्षेत्र का डंका बजा दिया है। उन्होंने कहा कि इफको ने किसानों के खेतों तक पहुंच को विस्तार देते हुए लेबोरेटरी के प्रयोगों को लैंड यानी खेतों तक पहुंचाने का कार्य किया है। इफको की भावना हमेशा से अनुसंधान और विकास कार्यों के जरिए किसानों की सहायता करने की रही है। उन्होंने कहा कि एक सहकारी क्षेत्र होने के बावजूद इफको ने कुशल परिणाम हासिल करने के लिए कॉर्पोरेट सेक्टर की तरह कार्य किया है। इसीलिए, आज भी सहकारिता क्षेत्र में इफको देशभर में शीर्ष स्थान पर है।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के लिए अनेक विशेष पहल की हैं। इसके साथ ही, सहकारी ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए लगभग 65 महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं। उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए गुजरात के सहकारी नेता त्रिभुवनदास पटेल ने सहकारी क्षेत्र में दिए गए अभूतपूर्व योगदान को आने वाली पीढ़ी भी याद रखे। इस उद्देश्य से उनके नाम पर देश की सबसे पहली सहकारी यूनिवर्सिटी ह्यत्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटीह्ल स्थापित करने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि आज इफको की इकाइयां तीन राज्यों में पांच स्थानों पर संचालित हैं, जिनका वार्षिक टर्नओवर 40 हजार करोड़ रुपये और मुनाफा 3200 करोड़ रुपये है। यह आंकड़ें 50 वर्षों के निरंतर परिश्रम और परिवर्तन के साक्षी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी समय में बीज अनुसंधान केंद्र उपजाऊ बीजों का संवर्धन करेगा और उच्च गुणवत्ता के बीजों की रक्षा करेगा, जो आने वाले समय में किसानों की समृद्धि का एक बड़ा कारण बनेगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि केवल 57 मंडलियों के साथ शुरू हुई इफको की इस यात्रा में आज 36 हजार से अधिक सहकारी मंडलियां शामिल हैं और बीज से लेकर बाजार तक सरकार की अनेक योजनाओं के साथ किसानों का साथ देती है। उन्होंने कहा कि इफको के नैनो यूरिया और डीएपी आज दुनियाभर में पहुंच गई है। जिसने फसल की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ ही कृषि भूमि के सुधार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री पटेल ने कहा कि राज्य में सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए गुजरात ने ह्यसहकार से समृद्धिह्ल की दिशा अपनाई है। आज राज्य में कुल 1.71 करोड़ सदस्यों वाली कुल 89 हजार से अधिक मंडलियां कार्यरत हैं। यानी, हर चौथा गुजराती किसी न किसी सहकारी मंडली से जुड़ा है। यह राज्य में सफल सहकारिता प्रबंधन का एक बड़ा उदाहरण है।

कार्यक्रम में इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी, इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी ने संस्था की उपलब्धियों का उल्लेख किया। समारोह में गुजरात के कृषि मंत्री राघवजी पटेल, सहकारिता राज्य मंत्री जगदीशभाई विश्वकर्मा, राज्यसभा सांसद मयंकभाई नायक, विधायक जयेशभाई रादड़िया, लक्ष्मणजी ठाकोर, रीटाबेन पटेल, इफको निदेशक मंडल के सदस्यों सहित इफको के कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## राष्ट्रपति दो यूरोपीय देशों की यात्रा पर रवाना, समकक्षों के साथ करेंगी वार्ता



नई दिल्ली, (एजेंसी):राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार को पुर्तगाल और स्लोवाकिया के दौरे पर रवाना हो गईं। वे 7-10 अप्रैल तक दोनों देशों की राजकीय यात्रा पर रहेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति अपने समकक्षों के साथ वार्ता करेंगी और भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात करेंगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय राष्ट्रपति की 25 वर्षों से भी अधिक समय में इन देशों की पहली राजकीय यात्रा है। उनकी इन यात्राओं से दो महत्वपूर्ण यूरोपीय संघ के भागीदारों के साथ भारत के बहुमुखी संबंध को अधिक विस्तार मिलेगा।

पुर्तगाल राष्ट्रपति मुर्मु 7-8 अप्रैल तक पुर्तगाल की यात्रा पर रहेंगी। वह पुर्तगाल के अपने समकक्ष मासेलो रेबेलो डी सूसा से मिलेंगी और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। वह पुर्तगाल के प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो और नेशनल असेंबली (संसद) के अध्यक्ष जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको से भी मिलेंगी। भारतीय राष्ट्रपति की यह 27 वर्षों बाद पुर्तगाल यात्रा है। भारत और पुर्तगाल राजनयिक संबंधों की पुनः स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। भारतीय राष्ट्रपति की पिछली राजकीय यात्रा 1998 में हुई थी। उस समय राष्ट्रपति केआर नारायणन थे।

स्लोवाकिया मुर्मू 9-10 अप्रैल तक स्लोवाकिया की भी यात्रा करेंगी। वह राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी और प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू स्लोवाक की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष रिचर्ड रासी से भी मिलेंगी। यह 29 वर्षों के बाद भारतीय राष्ट्रपति की स्लोवाकिया की यात्रा है।

## नया पंबन ब्रिज इंजीनियरिंग का चमत्कार: रेल मंत्री



चेन्नई, (एजेंसी): केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दक्षिण भारत में रामेश्वरम द्वीप को जोड़ने वाले नए पंबन ब्रिज को इंजीनियरिंग चमत्कार बताया। उन्होंने कहा कि अब इस ब्रिज के बनने से प्रमुख धार्मिक स्थल रामेश्वरम आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम होगी।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रविवार को यहां पंबन ब्रिज के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंत्री वैष्णव ने इस परियोजना में शामिल रेलवे इंजीनियरों और कर्मचारियों के समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि पंबन ब्रिज भारत की इंजीनियरिंग क्षमताओं और रेल संपर्क को बेहतर करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने इस ब्रिज को पर्यटन को बढ़ावा देने और रामेश्वरम में प्रसिद्ध रामनाथस्वामी मंदिर की यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के मुख्य भूभाग को रामेश्वरम के पवित्र द्वीप से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण रेल संपर्क के लिए बना नया पंबन ब्रिज भारत का पहला समुद्री पुल अपनी नवाचारी डिजाइन वाला एक चमत्कारिक इंजीनियरिंग का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस ब्रिज के पूरा होने से तमिलनाडु का रेल परिवहन नेटवर्क और मजबूत करेगा।

# जमीअत उलमा-ए-हिंद ने वक्फ संशोधन कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी

नई दिल्ली, (एजेंसी): संसद के दोनों सदनों से पारित वक्फ संशोधन कानून को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद जमीअत उलमा-ए-हिंद ने इस कानून की संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी का कहना है कि यह कानून भारतीय संविधान पर सीधा हमला है। भारत का संविधान न सिर्फ सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है, बल्कि पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है। यह कानून मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता छीनने की साजिश है, जो पूरी तरह संविधान के खिलाफ है।जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हमने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि अगर यह बिल कानून बन गया तो हम इसे देश की सर्वोच्च अदालत में चुनौती देंगे। इसलिए राष्ट्रपति की मुहर लगते ही जमीअत ने आज इस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर दी है। उन्होंने कहा कि जमीअत की राज्य इकाइयां भी इस कानून के खिलाफ संबंधित राज्यों के हाई कोर्ट में याचिकाएं दाखिल करेंगी। उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है कि इस असंवैधानिक कानून पर भी हमें न्याय मिलेगा। तथाकथित सेक्युलर दलों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि हमने इस कानून को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किए, लेकिन खुद को सेक्युलर कहने वाली पार्टियों ने न सिर्फ मुसलमानों के हितों का सौदा किया, बल्कि संविधान को भी अपने पैरों तले कुचल डाला और अपने असली चेहरे को पूरे देश के सामने उजागर कर दिया।

मौलाना ने उन सभी सेक्युलर सांसदों का शुक्रिया अदा किया, जो देर रात तक संसद में डटे रहे और इस कानून के संभावित दुष्परिणामों को अपने भाषणों के जरिए उजागर किया। साथ ही उन्होंने उन न्यायप्रिय नागरिकों का भी आभार प्रकट किया, जो संसद के बाहर इस कानून के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहे। उन्होंने कहा कि इससे साबित होता है कि आज भी देश में ऐसे लोग मौजूद हैं जिनमें अन्याय के खिलाफ बोलने का साहस और जज्बा है। यह कानून केवल धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं है, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता और उसके मार्गदर्शक सिद्धांतों के विरुद्ध है।उन्होंने कहा कि यह कानून मुसलमानों की भलाई के नाम पर लाया गया है, लेकिन वास्तव में यह उनकी धार्मिक स्वतंत्रता पर गंभीर हमला है। वक्फ संशोधन कानून की विभिन्न धाराओं को न केवल चुनौती दी है, बल्कि इस कानून के लागू होने को रोकने के लिए अदालत से अंतरिम राहत (इंटरिम ऑर्डर) की भी अपील की है।

# रामनवमी पर भव्य जुलूस व खेल का प्रदर्शन हुआ

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**झरिया :** डिगवाडीह घटवार बस्ती पंचमुखी हनुमान मंदिर में रामनवमी के अवसर पर एक भव्य खेल का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ मंदिर परिसर से जुलूस निकाला, जो डिगवाडीह बाजार होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचा। जुलूस में जय श्री राम के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा दल बल के साथ मौजूद थे।कमिटि कि ओर से भाजपा नेता योगेंद्र यादव,निवर्तमान पार्षद सुजीत कुमार सिंह,मंडल अध्यक्ष बच्चा गिरी, अखाड़ा के अध्यक्ष शंकर साव को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जोरापोखर पुलिस की व्यवस्था काफी सराहनीय रही, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पंचमुखी हनुमान मंदिर के बारे में कहा जाता है कि हनुमानजी ने पंचमुख रूप धारण कर इसी स्थान से अपनी खोज प्रारंभ की थी और फिर इसी रूप में उन्होंने उन अहिरावण और महिरावण का वध भी किया था। मौके पर कमिटि के दिनेश यादव,अमृत मोदी, मुन्ना साव,राजू कुंडू, उज्ज्वल मंडल, भगीरथ सिंह,डॉ एम के ठाकुर,मंटू पांडेय आदि शामिल थे।

**बलियापुर में अखड़ा दलों हैरतअंगेज कारनामे दिखाए**

## क्षेत्र की युवा पीढ़ी को पारंपरिक खेलों के प्रति जागरूक करने का प्रयास

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

बलियापुर : रामनवमी के अवसर पर बलियापुर चौक में श्री राम चंद्र दल द्वारा आयोजित अखाड़ा खेल प्रदर्शनी में विभिन्न अखाड़ा दलों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में रखितपुर, आमझर, नीचे टोला बलियापुर, बाघमारा और प्रधानखंता परघा समेत एक दर्जन अखाड़ा दलों ने भाग लिया। रामनवमी के मौके पर रविवार को बलियापुर चौक में श्री राम चन्द्र दल द्वारा अखाड़ा खेल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें रखितपुर, आमझर, नीचे टोला बलियापुर, बाघमारा, प्रधानखंता परघा समेत एक दर्जन अखाड़ा दलों ने खेलों का प्रदर्शन किया। एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज कारनामे दिखाए। रामचंद्र दल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक चन्द्रदेव महतो, भाजपा नेत्री तारा देवी, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, उप प्रमुख आशा देवी,जिप सदस्य उषा महतो,धरनीधर मंडल, बीडीओ प्रभाष चंद्र दास सीओ




प्रवीण कुमार सिंह, थाना प्रभारी आशीष भारती, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष गणेश महतो, संजीत गोराई, बेंगू ठाकुर, निताई रजवार, मुखिया विजय गोराई, शेलेन मंडल, रामदेव पांडेय, मिट्ठू सरिया, कुलदीप अग्रवाल, कन्हाई बनर्जी, अमित बनर्जी के अलावा रामचंद्र दल के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, रविन्द्र वर्मा, जितेश अग्रवाल, जगन्नाथ दास, बंशीधर पाल, आशीष पाल, अतुल केसरी, विक्रम पाल, योगेन्द्र साव विक्रम धीवर, लायंस क्लब बलियापुर की ओर से बलियापुर चौक में शरवत पानी की व्यवस्था की गई थी। मौके पर देवव्रत मुखर्जी गिरधारी लाल अग्रवाल, सीआर महतो, अशोक श्रीवास्तव, शंकर दास, राकेशर महतो, पप्पू पाल, रूपेश अग्रवाल पिंकू अग्रवाल, राधेश्याम साव आदि मौजूद थे।

## झरिया में जय श्रीराम की गूंज, महावीरी पताका लहराई



**झरिया :** रामनवमी के जुलूस में हर जाति, हर वर्ग, हर चेहरे पर श्रद्धा की एक जैसी मुस्कान थी। सीसीटीवी, ड्रोन कैमरे और कंट्रोल रूम से पुलिस प्रशासन ने चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी। कानून व्यवस्था की सख्ती थी, पर श्रद्धा की आजादी थी। कहीं शंख बजा, कहीं फूल बरसे। कहीं पानी पिलाया गया, तो कहीं फल बांटे गये। अस्त्र-शस्त्र भांजने का जलवा हर जगह झलका। शाम होते ही बिजली आपूर्ति ठप कर दी गई, गर्मी अलग थी।

सीसीटीवी की पैनी नजर, ड्रोन की ऊंची उड़ान, कंट्रोल रूम की सतर्कताङ्घहर कोना सुरक्षित था। लेकिन हर दिलङ्क खुलकर बोल रहा था झ्र ह्लजय श्रीराम!ह्व हर राह पर श्रद्धा के फूल बरसे , धर्म के नाम पर नहीं, प्रेम के नाम पर कहीं शंख बजा, तो कहीं गुलाबों की बारिश हुई। कहीं कोई फल बांट रहा था, तो कोई खुद गर्मी में खड़ा होकर पानी पिला रहा था। चारों तरफ परंपरा लहराती रही। गदा, त्रिशूल, तलवार, सब हाथों में थे,

**संक्षिप्त खबरें**

### डीवीसी द्वारा मेंटेनेंस कार्य के लिए बिजली आपूर्ति बाधित

#### झरिया व आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति ठप रहेगी

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**झरिया :** मंगलवार को झमाडा जल संयंत्र केंद्र से झरिया और आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति ठप रहेगी। इसका कारण डीवीसी द्वारा मेंटेनेंस कार्य के लिए साढ़े नौ घंटे की बिजली आपूर्ति बाधित करना है। इससे जल संयंत्र केंद्र के कार्य में व्यवधान उत्पन्न होगा, जिसके परिणामस्वरूप जलापूर्ति ठप रहेगी। कनीय अभियंता आशुतोष राणा ने बताया कि डीवीसी से मिली सूचना के अनुसार, मंगलवार को सुबह 7:30 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। इसके कारण 9 एमजीडी और 12 एमजीडी जल भंडारण गृह में पानी का भंडारण प्रभावित रहेगा। बिजली आपूर्ति सामान्य होने के बाद जल भंडारण का कार्य शुरू किया जाएगा और इसके बाद झरिया व आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति की जाएगी। गौरतलब है कि झरिया और आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति पहले भी प्रभावित हुई है, जिसका कारण पाइपलाइन में लीकेज था। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

### लोदना में आउटसोर्सिंग परियोजना के खिलाफ ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**झरिया :** लोदना क्षेत्र के जीनागोरा कोलियरी के बी पैच में हुई हैवी ब्लास्टिंग के कारण पहाड़ीगोड़ा, तार गाछ आदि जगहों पर पत्थर गिरने से ग्रामीण उग्र हो गए। उन्होंने बी पैच पहुंचकर आउटसोर्सिंग कर्मियों को खदेड़ दिया और जो कर्मी उनके हत्थे चढ़े, उनकी पिटाई भी कर दी। घटना के बाद जीनागोरा बी पैच में ग्रामीणों के विरोध के कारण काम बंद है। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए अभी तक कोई बीसीसीएल अधिकारी और ना ही कोई आउटसोर्सिंग अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है, जिससे ग्रामीणों में और अधिक आक्रोश है।

### महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए सरकार की भूमिका अहम



#### महिला आत्मविश्वास के साथ अपनी सुरक्षा करे : पूजा

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**धनबाद :** राष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स (महिला सेल) झारखंड प्रदेश सचिव पूजा सरकार ने कहा है कि महिलाएं अब अपने आत्मविश्वास के साथ अपनी सुरक्षा करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि नारी अब अबला नहीं रही, बल्कि वह अपनी सुरक्षा को लेकर नव दुर्गा का रूप लेना भी जानती है। पूजा सरकार ने किन्नर सुनैना सिंह के आवास पर एक विशेष बातचीत के दौरान यह बात कही।

झारखंड प्रदेश किन्नर समाज की जिला अध्यक्ष सुनैना सिंह ने कहा है कि आज के दौर में लोग एक-दूसरे की मदद करना भूलते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिवार में अपनापन दूर होता जा रहा है, जो एक गंभीर समस्या है। सुनैना सिंह ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने का आग्रह किया और कहा कि तभी परिवार और समाज का विकास हो सकता है। उन्होंने ने कहा कि आज के समय में समाज में कई बदलाव आ रहे हैं, जिनमें से एक है लोगों के बीच बढ़ती दूरी। सुनैना सिंह ने कहा कि यह दूरी न केवल परिवारों में बल्कि समाज में भी देखी जा रही है। आपसी भाईचारा और सहयोग समाज के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। जब लोग एक-दूसरे की मदद करते हैं और आपसी भाईचारा बनाए रखते हैं, तो इससे समाज में शांति और सौहार्द बढ़ता है। सुनैना सिंह ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने का आग्रह किया और कहा कि तभी हम एक स्वस्थ और समृद्ध समाज का निर्माण कर सकते हैं। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए सरकार से अपील करते हुए एक महत्वपूर्ण बयान दिया गया है। इसमें महिलाओं को रोजगार से जोड़ने और लघु उद्योग की व्यवस्था करने पर जोर दिया गया है, जिससे महिलाएं अपने परिवार का समर्थन करने में सक्षम हो सकें। यह पहल न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार करेगी, बल्कि समाज में उनकी भूमिका को भी मजबूत बनाएगी।

## मनोज को भायी गांव की माटी, परदेस से लौट कर शुरू की मौसमी फलों की खेती

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

धनबाद : टुंडी प्रखंड के पश्चमी हिस्सा को कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था. लोग लगातार पलायन कर रहे थे. आज भी अधिकतर युवक रोजगार की तलाश में अन्य प्रदेशों में पलायन कर गये हैं. इसक अलावा प्रतिदिन पश्चिमी टुंडी के सैंकड़ों पुरुष-महिलाएं 407 मालवाहक में लदकर काम की तलाश मे राजगंज, कतरास, धनबाद जा रहे हैं. ऐसा नहीं कि उनके पास घर में रहकर कमाई का कोई जरिया नहीं है. उनके पास खेती योग्य जमीन भी है, जिस पर सब्जी की खेती कर सकते हैं. पर उनमें अभी भी जागरूकता का अभाव है. आये दिन किसान जागरूकता अभियान चलाया जाता है, पर यह नाकाफी है. कुछ लोग एक दो बार खेती करते हैं पर जल्द ही हिम्मत हार जाते हैं. ऐसे में मनियाडीह पंचायत के शीतलपुर, वीरगांव का युवक मनोज मुर्मू किसानों के लिए प्रेरणा बन रहा है. उसने ग्रेजुएशन की है. उसने भी काम की तलाश में कुछ दिन पलायन किया था, पर वहां उसका मन नहीं माना. उसने बताया कि बाहर में घंटों काम करना पड़ता था, इससे मन को चैन नहीं था. उसने तय किया कि घर लौट कर खेती करेंगे. इसी जज्बात के साथ मौसमी फसल उगाने का निर्णय लिया. मनियाडीह के गोयदाहा और जीतपुर के बीच जोरिया के पास जंगल में



सड़क किनारे की उसकी निजी जमीन है, उसे तैयार कर खेती करने लायक बनाया। किसानी के कुछ गुर भी सीखे और उन्हें ब्लॉक से टपक सिंचाई योजना का लाभ भी मिल गया. मनोज ने पहली बार तरबूज की खेती की, उसे कुछ लाभ दिखा. दूसरे साल बड़े पैमाने पर की. अब खेती का दायरा बढ़ा दिया है. इस वर्ष लगभग चार एकड़ जमीन पर तरबूज, कद्दू और करेला की खेती की है. पहले दिन 80 किलो खीरा और 20-25 किलो कद्दू निकाला गया. मनोज मुर्मू ने बताया कि फिलहाल लोकल मार्केट में ही खास कर साप्ताहिक हाट में ही बिक जा रहा है. कहा कि वैज्ञानिक तरीके से यदि अपनी खेती की जाये, तो वह बाहर की प्राइवेट नौकरी से अच्छी है।

## धनबाद टोयोटा में विशेष डिलीवरी सेरेमनी का आयोजन संपन्न



**धनबाद :** धनबाद टोयोटा शोरूम में आयोजित विशेष डिलीवरी सेरेमनी में झारखंड के प्रमुख उद्योगपति और समाजसेवी अजय कुमार अग्रवाल ने टोयोटा लैंड क्रूजर की डिलीवरी प्राप्त की। झारखंड क्षेत्र के ऑटोमोबाइल प्रेमियों के लिए भी एक विशेष क्षण रहा। टोयोटा लैंड क्रूजर अपनी शानदार प्रदर्शन क्षमताओं और विशिष्ट डिजाइन के लिए जानी जाती है। टोयोटा लैंड क्रूजर की डिलीवरी समारोह में झारखंड के प्रमुख उद्योगपति और समाजसेवी अजय कुमार अग्रवाल ने अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि टोयोटा लैंड क्रूजर हमेशा से उनकी पसंदीदा एसयूवी रही है, जिसकी विश्वसनीयता, सुरक्षा और लक्जरी उनके जीवनशैली के अनुरूप है। धनबाद टोयोटा के डायरेक्टर यश आदित्य ने अग्रवाल जी को शुभकामनाएं दीं और उनके विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया। टोयोटा लैंड क्रूजर का यह नवीनतम मॉडल अत्याधुनिक तकनीकों जैसे मल्टी-टेरेन सलेक्ट, टॉप-ग्रेड सेफ्टी फीचर्स, और प्रीमियम इंटीरियर से सुसज्जित है। यह डिलीवरी झारखंड में लग्जरी कार मार्केट की बढ़ती लोकप्रियता को भी दशार्ती है।

## आरपीएफ ने तोड़ा रेलवे चोरी गिरोह का नेटवर्क, कर्मचारी समेत 7 गिरफ्तार

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**धनबाद :** रेलवे सुरक्षा बल ने रेलवे संपत्ति की चोरी से जुड़े एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह का सरगना कोई और नहीं, बल्कि रेलवे में निजी आउटसोर्सिंग के तहत कार्यरत एक कर्मचारी निकला। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लगभग 7000 रुपये मूल्य की चोरी की गई रेलवे संपत्ति भी बरामद की गई है। गुप्त सूचना के आधार पर धनबाद के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त अनुराग मीणा एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त सुरेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर आरपीएफ धनबाद पोस्ट और अपराध-आसूचना शाखा की संयुक्त टीम ने 5 अप्रैल को यह कार्रवाई की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गिरोह का मुखिया राणा प्रताप पासवान शामिल है, जो रेलवे में आउटसोर्सिंग के तहत कार्यरत था।

उसके साथ सतीश कुमार (काल्पनिक नाम), आलोक कुमार (काल्पनिक नाम), छोटू कुमार सोनी उर्फ छोटकी मुगीर्या और विनोद सोनी उर्फ बड़की मुर्गिया को भी गिरफ्तार किया गया है। ये सभी धनबाद के धनसार थाना क्षेत्र के निवासी हैं।इसके अलावा चोरी की संपत्ति को खरीदने वाले दो रिसीवर प्रभुलाल और फेकू साव को भी गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ ने इस गिरोह के नेटवर्क को तोड़ते हुए मामला संख्या 07/25, धारा 3 रेलवे संपत्ति (अनधिकृत कब्जा) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि गिरोह के दो सदस्य पहले से ही दर्ज मामले संख्या 01/25 में वांछित थे। सभी आरोपियों को रेलवे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। रेलवे सुरक्षा बल ने स्पष्ट किया है कि रेलवे संपत्ति की चोरी को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# सैकड़ों महिलाओं ने थामा कांग्रेस का दामन,अनुपमा सिंह ने किया स्वागत

**महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए कांग्रेस की पहल**

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

झरिया : जोड़ापोखर स्थित कांग्रेस के आवासीय कार्यालय में कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने महिलाओं को कांग्रेस का पट्टा पहनाकर सदस्यता और सम्मान दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं की राजनीतिक नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। अनुपमा सिंह ने कहा कि एक नए राजनीतिक युग में महिलाओं की समुचित भागीदारी से ही देश और प्रदेश में वास्तविक विकास और बदलाव संभव है। क्षेत्र की वंचित, दलित और पीड़ित महिलाओं को उनका अधिकार दिलाना कांग्रेस की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से न केवल राजनीतिक रूप से बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से भी महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सकता है। कांग्रेस पार्टी महिलाओं को उचित सम्मान देने और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी का मानना है कि महिलाओं की भागीदारी से ही देश और प्रदेश में वास्तविक विकास और बदलाव संभव है। इसी दिशा में कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें



उठाई हैं, जिनमें 33% महिला आरक्षण लागू करना, ओबीसी महिलाओं को आरक्षण कोटा देना और महिला सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने का फैसला किया है, जिससे उनकी मूलभूत जरूरतें पूरी हो सकें। इसके अलावा, सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जनजातीय कल्याण के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। इनमें 200 यूनिट बिजली फ्री देना भी शामिल है। न केवल महिलाओं के विकास के लिए जरूरी है, बल्कि देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। महिला आरक्षण से महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सकता है और उन्हें समाज में अपनी बात रखने का अवसर मिल सकता है। महिला सशक्तिकरण से समाज का विकास हो सकता है, क्योंकि शिक्षित और आत्मनिर्भर महिलाएं अपने परिवार और समाज के विकास में योगदान कर सकती हैं।महिला सशक्तिकरण से घरेलू हिंसा में कमी आ सकती है, क्योंकि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर अपनी आवाज उठा सकती हैं। महिला सशक्तिकरण से महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपने जीवन के निर्णय खुद ले सकती हैं। कांग्रेस पार्टी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी मांगों को पूरा करने के लिए लड़ाई लड़ती रहेगी। मौके पर सतपाल सिंह ब्रोका, जिला युवा उपाध्यक्ष तबरेज खान, विक्की कुमार , राजमणि देवी, तारा देवी, आरती रवानी, मंजू दास, मीरा दास, मिट्ठू देवी, रशीदा बेबी, संता देवी, पार्वती देवी, रूपा देवी, कौशल्या देवी, देवंती देवी, सोनिया देवी, आशा देवी, कालो देवी, नीयती देवी, नूसरी देवी, देवगुना देवी, उषा देवी, पार्वती देवी, मालती बाउरी, रूप महतो, शांति देवी, साधना देवी, रिंकी देवी, बीबह देवी, शिवानी कुमारी, सुनीता देवी, रीना देवी मालती देवी अनीता देवी कुसुम देवी, सुनीता देवी, सुलोचना देवी, लक्ष्मी देवी, सुमित्रा देवी, जोशना देवी, रीता कुमारी, रुमपा देवी, किरण देवी, सारथी देवी, छाया देवी, गांधली देवी, बसंती विश्वास आदि उपस्थित थे।

Page 12_Page 3.qxd 4/6/2025 10:09 PM Page 1



# रामनवमी के मौके पर हनुमान मंदिरों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

## संध्या में निकला अखाड़ों का जुलूस, खिलाड़ियों ने किया हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन






### विधि-व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन की सड़कों व अखाड़ा दलों के साथ रहीं मुस्तैद

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : रामनवमी पर्व के पावन अवसर पर धनबाद शहर श्रीराम एवं जय हनुमान के जयकारों से गूंजयमान होता रहा. सुबह से ही हनुमान मंदिरों में पूजा अर्चना को लेकर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही है, लोग कतारबद्ध पूजा अर्चना करने के लिए मंदिरों में प्रवेश करते रहे.आज जिले के अलग - अलग क्षेत्र से अखाड़ा का जुलूस भी निकाला गया.इसे लेकर रामनवमी की पूर्व संध्या में अखाड़ा दलों के खिलाड़ियों ने अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन किया. पुराना बाजार में श्री वीर बरबरीक दल रतनजी रोड अखाड़ा दल के खिलाड़ियों ने अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन किया. स्टेशन रोड चैंबर ऑफ कॉमर्स और बजरंगबली शिव पार्वती मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बूवन राव ने मीडिया को बताया कि पिछले 70 वर्षों से अधिक यहां पर भगवान बजरंगबली और श्री राम जी का पूजा भव्य तरीके से होते आ रहा है, इस बार भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है.उन्होंने बताया कि आज का दिन बहुत ही शुभ माना जाता है, क्योंकि आज के दिन ही भगवान श्री राम और बजरंगबली जी का दृश्य पुरे भारत में देखने को मिलता है. आज रामजी का जन्म हुआ था इसलिए पुरे भारतवर्ष में रामजन्मभूमि के रूप में भी जश्न मना रहे है.

जिले में शांतिपूर्ण रामनवमी के अखाड़ा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखीं तो जिला पुलिस भी चप्पे-चप्पे पर तैनात दिखाई दिए. अखाड़ा दलों के साथ पुलिस एवं मजिस्ट्रेट तैनात रहे, खिलाड़ियों ने अपने-अपने कला का जौहर दिखाया.

बाइट : चुन्नू पंडित पुजारी

बाइट : बुबन राव अध्यक्ष मंदिर कमिटी स्टेशन रोड

# जिला परिषद मैदान में पुस्तक मेला के तीसरे दिन सीट एंड ड्रॉ कंप्टीशन का हुआ आयोजन

### प्रतिभागियों ने उकेरी एक से बढ़कर एक सुंदर चित्रकारी



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबादः बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा 4 अप्रैल से 13 अप्रैल तक जिला परिषद मैदान में आयोजित पुस्तक मेले के तीसरे दिन रविवार को सीट एंड ड्रॉ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.जिसमें धनबाद के कोने-कोने से लगभग छोटे बच्चों से लेकर बड़े विद्यार्थियों ने भाग लिया.इस रोचक कंपटीशन में ग्रुप ए को क्रेयॉन से गांव का दृश्य, ग्रुप बी को पेस्टल रंगों में दो मानव आकृतियों के साथ वर्षा ऋतु, ग्रुप सी को जल रंगों में तीन मानव आकृतियों के साथ छठ पूजा का चित्रण और ग्रुप डी जो सभी आयु वर्ग के लिए खुला था. 12 वीं कक्षा से लेकर ऊपर के बच्चों को जल रंगों में 3 मानव आकृतियों के साथ रक्त दान शिविर का चित्रण 2 घंटे का समय देकर किया गया.

धनबाद के प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मकता का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाई और एक से बढ़कर एक सुंदर चित्रकारी प्रस्तुति की. चित्रकला के जाने-माने वरिष्ठ आर्टिस्ट व हॉबी सेंटर के डायरेक्टर शिव शंकर धर के नेतृत्व में शिक्षकों द्वारा यह प्रतियोगिता शानदार ढंग से और बेहतरीन प्रबंधन के साथ आयोजित की गई. विजेता प्रतिभागियों की घोषणा शुक्रवार 11 अप्रैल को होगी और उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया जाएगा.यह पुस्तक मेला 4 अप्रैल से शुरू हुआ है और 13 अप्रैल तक चलेगा, और यह धनबाद के लिए गर्व की बात है. इस पुस्तक मेले में कई पुस्तक स्टॉल हैं और इसमें एक आर्ट गैलरी भी है, जिसे हॉबी सेंटर के द्वारा आयोजित किया गया है. जिसमें धनबाद के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के कलाकारों ने अपनी खूबसूरत पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया है, और एक अद्भुत कलाकार जो न सुन सकता है और न बोल सकता है.लेकिन बहुत ही सुंदर चित्र बना सकता है, उसने भी यहां अपनी पेंटिंग प्रदर्शित की है. जिला परिषद मैदान में चल रहे इस पुस्तक मेले का एक विशेष आकर्षण यह है कि हर शाम पुस्तक मेले में धनबाद और कोलकाता के कई और प्रतिभाशाली कलाकारों प्रत्येक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर व दर्शनीय प्रस्तुतियां दी जा रही हैं.

# रामनवमी के मद्देनजर एडीएम व एसडीएम ने जिले का भ्रमण कर विधि व्यवस्था का लिया जायजा




**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : राम नवमी के दौरान सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था का जायजा लेने के लिए रविवार को एडीएम विधि व्यवस्था पीयूष सिन्हा व एसडीएम राजेश कुमार ने जिले के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया.दल बल के साथ दोनो पदाधिकारी जिला नियंत्रण कक्ष से निकले जिसके बाद बैंक मोड़, पुराना बाजार, मनईटांड, गांधी रोड, हावड़ा मोटर रोड, जोरा फाटक, धनसार, कतरास मोड़, झरिया थाना मोड़, इंदिरा चौक, लोदना, फूस बंगला, डिगवाडीह, जोरापोखर, जामाडोबा, बोर्रागढ़, भागाबांध, पुटकी, करकेंद, लोयाबाद, जोगता, कतरास, सोनारडीह, नावागढ़, तेतुलमारी, ईस्ट बासुरिया, भूली, आजाद नगर, शमशेर नगर, आरा मोड़, वासेपुर, नया बाजार, स्टेशन रोड का निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान वरीय पदाधिकारियों ने जगह जगह रुककर व्यवस्था का जायजा लिया और क्षेत्र में तैनात दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को विधि व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशानिर्देश भी दिया.

निरीक्षण के दौरान एडीएम विधि व्यवस्था एवं एसडीएम ने विभिन्न अखाडा समिति के लोगों से भी मुलाकात की और जुलूस का जायजा लिया और सभी लोगों को शांतिपूर्ण माहौल में सुरक्षित करतब दिखाने की अपील की.

# मेन वाटर पाइप को तोड़े जाने से श्रमिक कॉलोनी में जलापूर्ति ठप्प

### ऑफिसर की पत्नियों की शिकायत के बाद प्रबंधन हुआ रेस



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

बाघमारा : ब्लॉक टू एरिया के जमुनिया वाटर ट्रिटमेंट प्लांट से डुमरा बुसटिंगे तक की मेन वाटर पाइप लाइन को लोगों के द्वारा अवैध कनेक्शन लेने की होड़ में क्षतिग्रस्त कर दिया गया है. जिसके कारण हरिणा श्रमिक कॉलोनी में जलापूर्ति बाधित हो गया है. इससे मजदूर कॉलोनी में पिछले चार दिनों से पानी को लेकर हाहाकार मच गया है. मजदूर से लेकर ऑफिसर तक परेशान है. रामनवमी के दिन पानी नहीं मिलने से इससे नाराजगी जताते हुए ऑफिसर की पत्नियों ने इसकी शिकायत महाप्रबंधक के पास की है. चेतावनी दी है कि अगर जलापूर्ति का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो अधिकारी समय पर ड्यूटी नहीं जा पायेंगे. मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्युत एंड यांत्रिक विभाग रेस हो गया है. क्षेत्र के विद्युत यांत्रिक विभाग के वाटर सप्लाई इंचार्ज गौरव कुमार का कहना है कि डुमरा सायरबांध तालाब के पास दर्जन से अधिक लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से मेन वाटर पाइप को तोड़ कर अवैध पानी कनेक्शन ले लिया गया है. जिसके चलते ऐसी समस्या उत्पन्न हुई है. एक सप्ताह पूर्व भी पाइप लाइन को तोड़ा गया था. सभी अवैध कनेक्शन को हटा कर क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को मरम्मत किया गया था. इसके बावजूद लोग रात के अंधेरे में जेसीबी से खोदकर फिर से पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया हैं. अवैध कनेक्शन के कारण हरिणा कॉलोनी का पानी सप्लाई बाधित हो गया है. पानी की किल्लत को देखते हुए प्रबंधन द्वारा रविवार को फिर से क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को मरम्मत कर जलापूर्ति शुरू कराया. प्रबंधन ने लोगों चेतावनी दी है अगर अनाधिकृत रूप से फिर से पाइप को क्षतिग्रस्त कर अवैध कनेक्शन करते हैं तो वैसे लोगों को खिलाफ एफआइआर दर्ज कराया जायेगा.

# संगठन विस्तार को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने झारखंड कांग्रेस प्रभारी से मुलाकात कर की चर्चा



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद :धनबाद जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने रविवार को कांग्रेस हेड क्वॉटर, इंदिरा भवन में झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी के राजू से मुलाकात कर संगठन विस्तार पर जिसमें जिला कमेटी, प्रखण्ड, नगर, मंडल की पुनर्गठन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई.

कांग्रेस प्रभारी से मिलकर जिलाध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष ने पदाधिकारीगण के कार्यक्रम में उपस्थिति से अवगत कराया. कहा राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों की बैठक में बहुत उम्दा बात कही है कि जो कांग्रेस के पदाधिकारी माह में एक दिन बैठक में नही आ सकते, वैसे लोगो को टाटा बाय बाय कर दिजिए. देश में करोड़ों कांग्रेस कार्यकताओं को जगह नही मिल पाती है, जो संगठन में काम करना चाहते हैं.

# तेतुलमारी क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया रामनवमी




### तेतुलमारी चंदौर पहाड़ी से निकली विशाल झांकी व अखाड़ा का भव्य जुलूस

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : तेतुलमारी के सभी क्षेत्रों में रामनवमी धूमधाम व शांति पूर्ण तरीके से मनायी गई.सुबह से ही हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं के द्वारा बजरंग बली में पूजा अर्चना की. संध्या बेला में जगह- जगह जुलूस में शामिल लोगों को स्वयं सेवी संस्थाओं व क्लबों के द्वारा शर्बत पिलाने व सम्मानित करने का काम किया. तेतुलमारी के चंदौर पहाड़ी अखाड़ा समिति के द्वारा विशाल जुलूस सह शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में महिला पुरुष, बच्चे, व प्रभु श्रीराम को नाव से पार कराते ,शिव पार्वती, हनुमान, बंदर भालू सहित अन्य झांकी के साथ शोभा यात्रा जुलूस आकर्षण का केंद्र रहा.शोभा यात्रा में वेस्ट चंदौर पहाड़ी तेतुलमारी के सभी प्रबुद्ध व युवा को सक्रिय देखे गये.अखाड़ा दल द्वारा खेल का प्रदर्शन किया गया.इस दौरान जय श्रीराम,जय बजरंगबली ,जय हनुमान के नारों से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा.चंदौर पहाड़ी से भूली रोड तेतुलमारी होते हुए सुभाष चौक, तेतुलमारी थाना होते हुए पाण्डेयडीह तक गयी.भूली रोड तेतुलमारी व तेतुलमारी थाना की ओर से अखाड़ा में शामिल लोगों को शर्बत और पानी पिलाने की व्यवस्था की गई थी.क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए चप्पे चप्पे पर जिला पुलिस तैनात थी.

# रामनवमी को लेकर संकट मोचन मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं की भीड़



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : रामनवमी को लेकर रविवार को कतरास एवं आसपास के हनुमान मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई. राजगंज रोड स्थित श्री श्री संकट मोचन मंदिर में सुबह प्रसाद एवं ध्वज चढ़ाने लिए लोगों की लंबी लाइन लगी थी. श्री श्री संकट मोचन समिति के द्वारा मंदिर में पूजा पाठ,सवामणी भोग, हवन का भी आयोजन किया गया था.सुबह में मंदिर के पुरोहित प्रभाकर पाठक व सुनील पाठक ने पूरे विधि विधान के साथ पूजन कराया. दोपहर में बाबा को सवामणी भोग लगाया गया. आरती व हवन के पश्चात भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. मौके पर संकट मोचन मंदिर कमेटी के सभी सदस्य मौजूद थे.इसके अलावे हनुमान मेंशन के हनुमान मंदिर में भी पूजा पाठ करने के लिए लोगों की भीड़ जुटी हुई है.नदी किनारे, गुहीबांध, छाताबाद, मालकेरा, कतरास बाजार, भगत मुहल्ला आदि हनुमान मंदिर में पूजा पाठ का आयोजन किया गया.

# कतरास में हर्षोल्लास के साथ रामनवमी संपन्न, खिलाड़ियों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

## महिलाओं के अखाड़ा टीम ने भी अपने कला जौहर का प्रदर्शन कर सबों को चौंकाया





### ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी भी विधि-व्यवस्था को लेकर रहें सतर्क

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : कतरास एवं आसपास के क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ रामनवमी पर्व मनाया गया. कतरास के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा खिलाड़ियों के लिए पेयजल शरबत तथा मेडिकल कैंप लगाया गया. कतरास में एक दर्जन से अधिक अखाड़ा समिति के खिलाड़ियों ने अपने-अपने हैरतअंगेज करतब दिखाये. कतरास थाना चौक पर अखाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें कतरास, लकडका, छाताबाद, मालकेरा,चैतूडीह आदि क्षेत्र के अखाड़ा कमेटियों ने भाग लिया. कतरास छाताबाद में श्री श्री महावीर दल अखाडा में मासूम खान, वशिष्ठ चौहान, मनोज लाला, विकास बजरंगी, रिकी सरदार, रियाज कुरेशी, चंदन मेहता आदि अतिथियों को पगड़ी पहनकर सम्मानित किया गया. कतरास बाजार मोड पर भव्य अखाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें आधा दर्जन से अधिक अखाड़ा दल के लोगों ने भाग लिया. कतरास बाजार गांधी चौक महावीर दल के खिलाड़ियों ने अंतरिक्ष से सुनीता विलियम को उतरते खेल का प्रदर्शन किया. श्री श्री रानी लक्ष्मीबाई सेवा दल नदी किनारे कतरास के व्यक्तियों द्वारा भव्य प्रदर्शन किया गया. सत्यनारायण मंदिर अखाड़ा समिति द्वारा राजेंद्र जयसवाल, महेंद्र भगत,महेश अग्रवाल, विष्णु चौरसिया, उदय वर्मा,विनोद जयसवाल, प्रदीप जयसवाल, विनय सिन्हा आदि को पगड़ी पहनकर सम्मानित किया. कतरास थाना चौक पर माहुरी वैश्य नवयुवक समिति, कतरास भारतीय क्लब के निकट कतरास नागरिक संघ के द्वारा खिलाड़ियों के लिए पेयजल शरबत आदि की व्यवस्था की गयी. कतरास में शांतिपूर्ण रामनवमी संपन्न कराने को लेकर बाघमारा के अंचलाधिकारी बाल किशोर महतो कतरास थानेदार असित कुमार सिंह के द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है.

कतरास के अलग-अलग अखाड़े पर ड्रोन कैमरा के द्वारा नजर रखी जा रही है.शांति व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पुलिस बल तैनात कर दिए गए हैं.मौके पर ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी भी मौजूद रहकर विधि-व्यवस्था पर नजर रखीं.

नई पत्र वार्ता पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक *राज किशोर सिन्हा के द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, भास्कर प्रिंटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोकनगर के जी आश्रम, धनबाद से मुद्रित एवं छठ तालाब विकास नगर कतरास रोड,धनबाद से प्रकाशित। फोन न.7004113115, 9334368784, 7004500339, 7004893985. प्रधान संपादक : अनुज कुमार सिन्हा। *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। निदेशक अनस रहनुमा। ई-मेल - naipatrawartajharkhand@gmail.com.आर.एन.आई नं.JHAHIN/2015/63780.